CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम : 25°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 12 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 161 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 19 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भारत आतंक के वैश्विक अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध: योगी पेज 2



बतौर ऑलराउंडर हमेशा गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं: शिवम दुबे खेल टाइम्स




चुनौतियों से संघर्ष कर निखरती हिन्दी सम्पादकीय



इजरायल का 72 घंटों में छह मुस्लिम देशों पर हमला पेज 12

## रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती रोकें: भारत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अपने नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती होने के किसी भी प्रस्ताव से दूर रहने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पहले भी कई बार चेतावनी जारी की गई है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कई भारतीयों को नौकरी के झांसे में फंसाकर सेना में भर्ती किया गया। उन्हें सहायक भूमिकाओं का वादा किया जाता है और असल में उन्हें युद्ध क्षेत्र में भेज दिया जाता है। विदेश मंत्रालय ने दिल्ली और मास्को में रूसी अधिकारियों से इस मुद्दे को उठाया है और मांग की है कि इसे रोका जाए और फंसे हुए भारतीयों को रिहा किया जाए। फतेहाबाद के युवकों ने अपने परिवार को वीडियो भेजे जो खुद यूक्रेन में फंसे हुए हैं। युवकों ने वीडियो में कहा कि हमारे पास 2-3 दिन ही बचे हैं। फिर हमें युद्ध में धकेल दिया जाएगा। यहां से जो भी जा रहा है, वह वापस नहीं आ रहा। पहले 13-14 साथी गए थे, वे सभी मारे गए। फतेहाबाद के अंकित जांगड़ा व विजय पूनिया ने वीडियो में बताया कि वे महिला के दिए नौकरी के लालच में रूसी सेना में आकर यूक्रेन में फंस गए हैं।

## गरियाबंद में मुठभेड़ एक करोड़ के इनामी समेत 10 नक्सली ढेर!

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दस नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि यह आधिकारिक तौर पर पुष्ट नहीं है। चर्चा है कि एक करोड़ के इनामी नक्सली मोडेम बालकृष्ण के भी मारे जाने की खबर है। यहां के मैनपुर के जंगलों में मुठभेड़ चल रही है। एसपी निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। दूसरी ओर प्रदेश के दंतेवाड़ा जिले के थाना मालेवाही क्षेत्र में गुरुवार की सुबह नक्सलियों ने जवानों की एक बटालियन को टारगेट करते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। इस घटना में दो जवान घायल हो गए।

# अंतरिम पीएम को लेकर प्रदर्शनकारियों में झड़पें जारी

### एक गुट ने कहा- सुशीला कार्की भारत समर्थक, हमें मंजूर नहीं, बालेन का किया समर्थन

**काठमांडू।** नेपाल में अंतरिम पीएम के नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। गुरुवार को इसे लेकर जेन-जी दो ग्रुप में बंट गया। इसके बाद सेना मुख्यालय के बाहर दोनों गुटों में हाथापाई हो गई। इसमें

**सुलगता नेपाल**

कई युवक घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों के एक गुट ने अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की के नाम को खारिज कर दिया है।

गुट का आरोप है कि सुशीला कार्की भारत समर्थक हैं और उन्हें यह स्वीकार नहीं हैं। गुट मांग कर रहा है कि काठमांडू मेयर बालेन शाह पीएम बनें। अगर बालेन नहीं बनते हैं, तो धरान मेयर हरका सम्पांग उनके पीएम उम्मीदवार होंगे। पीएम के नाम को लेकर सेना मुख्यालय में 2 दिन से प्रदर्शनकारी गुटों के साथ बातचीत चल रही है। एक गुट बातचीत को सेना मुख्यालय की जगह राष्ट्रपति भवन में करने की मांग कर रहा है। नेपाल के काठमांडू में तख्तापलट के दो दिन बाद गुरुवार को जेन-जी नेता सामने आए। अनिल बनिया और दिवाकर दंगल -शेष पृष्ठ दो पर



**एहतियातन राजधानी व सटे इलाकों में तीसरे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा**

**अब तक 34 लोगों की मौत, 1300 से ज्यादा घायल हुए**

### नेपाल में यूपी की महिला की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र की मास्टर कॉलोनी में रहने वाले रामवीर सिंह गोला (58) अपनी पत्नी राजेश गोला (55) के साथ काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए सात सितम्बर को गए थे। भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के बाद दंपति काठमांडू स्थित हयात रेजिडेंसी की चौथी मंजिल के कमरे में ठहरे। रात करीब साढ़े 11 बजे उपद्रवियों ने होटल में आग लगा दी। होटल आग से घिरा तो दंपति ने चौथी मंजिल से -शेष पृष्ठ दो पर

# मोदी ने आपदाग्रस्त उत्तराखंड के लिए की 1200 करोड़ की घोषणा

### मौसम खराबी के कारण आपदा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण नहीं कर सके पीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में बाढ़ और अत्यधिक बारिश से आई आपदा प्रभावित क्षेत्रों के राहत एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 1200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

गुरुवार को देहरादून पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिवारों के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने शाम करीब 4 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर आपदा के हालात पर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के साथ बैठक करके राज्य के हालात का जायजा लिया। हालांकि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी को देहरादून पहुंचकर एमआई-17 हेलीकॉप्टर से आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करना था, लेकिन मौसम की खराबी के कारण हवाई सर्वेक्षण नहीं हो पाया। उन्होंने राज्यपाल -शेष पृष्ठ दो पर



**मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख एवं घायलों को 50-50 हजार रुपये मिलेंगे**

### प्रभावित परिवारों व आपदा वीरों से मिले पीएम

प्रधानमंत्री ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इसमें करीब 22 आपदा प्रभावित और 57 आपदा वीर मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने हाल ही में आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण अनाथ हुए बच्चों के लिए पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत व्यापक सहायता की भी घोषणा की। पीएम ने इस अवसर पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा मित्र स्वयंसेवकों से भी मिले और उनके प्रयासों की सराहना की। केंद्र सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की बहाली और पुनर्निर्माण के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। पीएम मोदी आपदा प्रभावितों और जवानों से मिले और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद शाम करीब 7 बजे सेना के विशेष विमान से दिल्ली रवाना हो गए।

# राहुल के सुरक्षा प्रोटोकॉल मनमानी से CRPF चिंतित

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया है।

सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर कहा है कि राहुल गांधी पिछले 9 महीने में बिना सूचना दिए 6 बार विदेश गए। इस दौरान वे इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की यात्रा कर चुके हैं। सीआरपीएफ ने राहुल गांधी को भी अलग से पत्र भेजा है। इसमें लिखा गया है कि इस तरह की चूक से उनकी जैड प्लस कैटेगरी सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है और उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि इससे पहले भी वह इस मुद्दे को उठा चुकी है।



**नौ महीने में छह बार विदेश गए राहुल**

### वोट चोरी के विस्फोटक सबूत देंगे: राहुल

**रायबरेली।** रायबरेली में गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- हम गारंटी करके वोट चोरी के सबूत देने वाले हैं। हम और डायनॉमिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत देंगे। भाजपा के लोग इरिटेट हो रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इरिटेट मत होइए। क्योंकि, हाइड्रोजन बम आएगा तो सब साफ हो जाएगा। पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा है। यह आग जैसा फैल रहा है। ये सच्चाई है। वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं।

## पुलिस जाति-धर्म से ऊपर उठकर काम करे:SC

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र के 2023 अकोला दंगों की जांच पर कहा कि पुलिस वर्दी पहनने के बाद अफसरों को जाति और धर्म से ऊपर उठकर सिर्फ कानून के अनुसार काम करना चाहिए। अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि दंगों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाया जाए, जिसमें हिंदू और मुस्लिम समुदाय के सीनियर ऑफिसर शामिल हों। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच 17 साल के मोहम्मद शरीफ की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शरीफ ने याचिका में कहा कि दंगों के दौरान मुझ पर हमला हुआ, लेकिन महाराष्ट्र पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही जांच की।

## राज्यपाल पर डेडलाइन लागू करना गलत:केंद्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली। कोर्ट ने 10 दिन तक चली दलीलों के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के आखिरी दिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोर्ट को यह साफ करना चाहिए कि 8 अप्रैल को 2 जजों की बेंच का राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने का फैसला सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर उस फैसले को ही सही माना गया, तो भविष्य में बड़ी संख्या में याचिकाएं अदालत में दाखिल होंगी और न्यायपालिका पर बोझ बढ़ेगा। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरविंद दातार ने केंद्र के इस तर्क का विरोध किया।

# गडकरी के पास 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय मंत्रियों ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी संपत्तियों का ब्योरा दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएम) की वेबसाइट पर जारी जानकारी के मुताबिक मंत्रियों के पास क्रिप्टोकरेंसी, सोने-चांदी के जेवर, म्यूचुअल फंड और हथियार जैसी चीजें भी संपत्ति में शामिल हैं।

परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार समेत तीन गाड़ियां और 37 लाख रुपये से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी घोषित की है। उनकी पत्नी कंचन नितिन गडकरी के पास 28 लाख रुपये से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी है। कौशल विकास राज्य मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने 31 मार्च 2025 तक 21.31 लाख रुपये की क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट घोषित की है। उनकी पत्नी चारू सिंह के पास 22.41 लाख रुपये की डिजिटल एसेट्स हैं। जयंत चौधरी ऐसे इकलौते मंत्री हैं जिन्होंने क्रिप्टोकरेंसी को अपनी संपत्ति में शामिल किया है। भारत में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर अभी स्पष्ट नियम नहीं हैं। रिजर्व बैंक कई बार वर्चुअल करेंसी के जोखिमों को लेकर चेतावनी दे चुका है। एम्बेसडर कार भारत की ऑटोमोबाइल इतिहास की एक आइकॉनिक गाड़ी है, जिसे भारतीय सड़कों का राजा कहा जाता था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 27 लाख की ज्वेलरी, 19 लाख के म्यूचुअल फंड बताए हैं। राव इंदरजीत सिंह ने 1.2 करोड़ से ज्यादा की 1,679 ग्राम सोने की ज्वेलरी, 10 किलो चांदी-हीरे की ज्वेलरी घोषित की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने 37 साल पुराना स्कूटर और एक रिवॉल्वर अपनी संपत्ति में बताया है। रेल और फूड प्रोसेसिंग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने 1997 माडल की मारुति कार घोषित की है।



**केंद्रीय मंत्रियों ने संपत्तियों का ब्योरा दिया**

**जयंत चौधरी ने 21 लाख क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट किए**

S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU) & CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur & Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]
Last Chance for Registration for Session 2025-26
S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.) BBA BCA D.El.Ed. (BTC)
8937095004/06/07/08/14
S.D. COLLEGE OF COMMERCE
M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(Micro. Bio) B.COM B.Sc(Home Sc.) B.A. B.Sc(PCMBZ)
8937095005/ 13
S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES
*NBA ACCREDITED*
M.PHARM B.PHARM D.PHARM
8937095011/ 27
S.D. COLLEGE OF LAW
B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B.
9837556545 / 9897259855 / 9927275998
Last Chance for Registration in Maa Shakumbhari University Courses
BBA, BCA, BFA, B.Sc(CS), B.COM, B.A. B.Sc(Maths/ Bio), B.Sc(H.Sc.), B.Sc (Micro Bio.)
Last Date: 12.09.2025
Our Partners
BAJAJ FINSERV ICWAI NIELIT
NCC / Rover Ranger / Unnat Bharat Abhiyan
RADIO SD 90.8 FM
Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012

## संक्षिप्त समाचार

### जिला समाज कल्याण अधिकारी ने की आत्महत्या

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी ने घरेलू क्लेश के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पूरे केशव राय गांव निवासी आशीष कुमार सिंह (40) ने आज सवेरे लगभग नौ अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सिंह आजमगढ़ में जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात थे और छुट्टी पर अपने घर आए हुए थे। वह सुबह आजमगढ़ जाने के लिए तैयार होकर निकलने वाले थे कि मायके में रह रही पत्नी से फोन पर हुई बातचीत के बाद कमरे में चले गए। कुछ देर बाद जब घर वालों की नजर उन पर गई तो वह फांसी के फंदे पर झूलते हुए मिले। कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर घटना के कारणों की जांच करने में जुटी हुई है।

### मोदी की बधाई आरएसएस को खुश करने की कोशिश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जन्मदिन पर बधाई दी, लेकिन उनके संदेश से लगता है कि प्रधानमंत्री आरएसएस को खुश करने की कोशिश में हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि मोदी ने आरएसएस नेतृत्व को खुश करने की अपनी बेताब कोशिश में आज मोहन भागवत के 75वें जन्मदिन पर विशेष संदेश लिखा है। हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री ने यह जिक्र नहीं किया कि 11 सितम्बर 1906 को महात्मा गांधी ने जोहान्सबर्ग में पहली बार सत्याग्रह का आह्वान किया था।

### मॉरिशस की जरूरतें पूरा करने को विशेष आर्थिक पैकेज देगा भारत: मोदी

# दोनों देश एक परिवार, समुद्री क्षमता होगी मजबूत

**वाराणसी, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरिशस और भारत को एक परिवार करार देते हुए कहा है कि दोनों देशों के सपने एक हैं और भारत ने मॉरिशस की ढांचागत विकास तथा स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मॉरिशस के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा और समुद्री क्षमता को मजबूत करने के लिए भी भारत पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

भारत ने मॉरिशस में आयुष उत्कृष्टता केन्द्र, 500 बिस्तर का सर शिवसागर रामगुलाम राष्ट्रीय अस्पताल, वेटेनरी स्कूल और पशु अस्पताल के निर्माण



सहयोग का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आज हमने मॉरिशस की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज पर निर्णय लिया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोज़गार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। श्री मोदी ने कहा कि यह सहायता नहीं बल्कि दोनों देशों के साझा भविष्य के लिए निवेश है। श्री मोदी ने मॉरीशस को भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति और विजन 'महासागर' का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि आज की मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

#### दोनों देशों में दो समझौते हुए

दोनों देशों ने हाइड्रोग्राफी के क्षेत्र में एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास तथा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट ने भी मॉरिशस विश्व. विद्यालय के साथ समझौते किए हैं। श्री मोदी ने भारत की यात्रा पर आए मॉरिशस के प्रधानमंत्री डा. नवीनचन्द्र रामगुलाम के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह घोषणा की।

#### भारतीय संस्कृति व संस्कार सदियों पहले

**वाराणसी।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार सदियों पहले मॉरिशस पहुंचे और वहां के जीवन धारा में रच बस गए। आज जब मॉरिशस के दोस्तों का स्वागत काशी से कर रहे हैं, ये औपचारिक नहीं, बल्कि आत्मीय मिलन है। इसलिए मैं गर्व से कहता हूं भारत और मॉरिशस सिर्फ पार्टनर नहीं, बल्कि एक परिवार है।

#### रामलला का दर्शन करेंगे रामगुलाम

**अयोध्या।** मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम शुक्रवार सुबह 11 बजे अयोध्या रामलला का दर्शन पूजन अर्चन करेंगे। मॉरिशस के प्रधानमंत्री कल 12 सितम्बर को वाराणसी से विशेष विमान से सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, जहां उनका अभिनन्दन सीएम योगी के प्रतिनिधि अयोध्या जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही करेंगे।

# यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बारह घंटे से ज्यादा नजरबंद रखे गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरुवार को वाराणसी दौरे से पहले उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को उनके लखनऊ स्थित आवास पर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

12 घण्टे से अधिक समय तक हाउस अरेस्ट किए जाने पर राय ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी वोट चोरी करके सांसद व प्रधानमंत्री बने हैं। अजय राय ने कहा कि सरकार कांग्रेस के लोगों को परेशान कर रही है। इनकी तानाशाही नही चलेगी। कार्यकर्ता इस लघई को मुकाम तक पहुचायेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज वोट चोर-गद्दी छोध्के नारे लगा रहा है। इसलिए



■ मोदी को वोट चोरी कर पीएम बताया था

बनारस की जनता भी अब कि वोट चोर- काशी छोड़ के नारे लगा रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरा बनारस इनसे परेशान है। बनारस के बंदरगाह पर किसी मंत्री को भेज कर देखिए। बनारस में जो रोपवे बनाया गया है, उस पर क्या किसी मंत्री का परिवार सफर कर सकता है। श्री मोदी ने पूरे बनारस का हाल बिगाड़ दिया है।

# वैश्विक आतंक मिटाकर रहेगा देश: सीएम योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 11 सितम्बर 2001 मानवता के इतिहास का वह काला अध्याय, जब निर्दोष जीवन कायरतापूर्ण आतंकी हमले की भेंट चढ़ गए।

योगी ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर कहा कि भारत आतंक के वैश्विक अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह हमला पूरी मानव सभ्यता की शांति, विश्वास और मानवीय मूल्यों पर निर्मम प्रहार था। योगी ने कहा कि उस भीषण त्रासदी में काल-कवलित सभी दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त



■ 11 सितम्बर की बर्सी पर बोले मुख्यमंत्री

करता हूं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि भारत आतंक के इस वैश्विक अभिशाप को जड़ से मिटाकर ऐसा संसार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां भय नहीं, केवल शांति, भाईचारा और मानवता का प्रकाश हो। 11 सितम्बर 2001 को अमेरिका में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के नॉर्थ टॉवर और पेंटागन पर हुए आतंकी हमलों ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था।

### सीआरपीएफ का पत्र राहुल को डराने की कोशिश: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की ओर से पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे गए पत्र पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए इसे डराने की कोशिश करार दिया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को पत्र का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ के पत्र भेजने का समय और उसे तुरंत सार्वजनिक करने की मंशा परेशान करने वाली है। श्री गांधी की सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर लिखे पत्र और उसे सार्वजनिक करने का समय सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि यह पत्र ऐसे समय में आया है जब श्री गांधी चुनाव आयोग की मिलीभगत से भाजपा द्वारा की जा रही वोट चोरी के खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं। क्या यह विपक्ष के नेता को डराने की एक छिपी हुई कोशिश है, जिन्होंने पहले ही एक और खुलासे की घोषणा कर दी है। वीवीआईपी सुरक्षा प्रमुख सुनील जून ने श्री खड़गे को बुधवार को पत्र लिखा है जिसमें श्री गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। गांधी अपनी सुरक्षा को 'गंभीरता से' नहीं ले रहे हैं।

# दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचेगा वाहन उद्योग

### घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन के वार्षिक अधिवेशन में बोले गडकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग का देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान है और इसमें दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचने की क्षमता है।

श्री गडकरी ने यहां घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के वार्षिक अधिवेशन में कहा कि कुछ साल पहले भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में सातवें स्थान पर था, आज हम जापान को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि मेरा विश्वास है आप सब लोगों की क्षमता पर। आप सब लोग यदि मिलकर काम करेंगे तो हम वाहन सेक्टर में दुनिया में नंबर एक पर जा सकते हैं। पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का जो सपना है उसमें इस उद्योग की भूमिका सबसे अहम है।

एक संवाद सत्र में उन्होंने कहा कि



वायु प्रदूषण में 40 प्रतिशत वाहनों के कारण होता है। सरकार अब प्रदूषण कम करने के लिए जैव ईंधन को बढ़ावा दे रही है। पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण के बारे में श्री गडकरी ने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत मिश्रण) से आगे कोई कदम उठाते समय वाहन उद्योग से भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इथेनॉल पेट्रोलियम आयात का विकल्प है, इससे प्रदूषण कम होता है और किसानों की आमदनी बढ़ाने वाला है। उन्होंने वाहन उद्योग से वाहन परीक्षण केंद्र स्थापित करने और स्क्रैलपग को बढ़ावा देने की अपील की।

#### वाहन उद्योग में आत्मनिर्भरता को उद्योग व सरकार को मिलकर करना होगा काम: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाहन उद्योग को मेक इन इंडिया का अगुवा बताते हुए गुरुवार को कहा कि वाहन विनिर्माण क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार और उद्योग को मिलकर काम करना होगा। श्री मोदी ने यहां घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में भेजे गए अपने लिखित संदेश में कहा कि वाहन उद्योग अर्थव्यवस्था को गति देने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है। मोबिलिटी और जीवन की गुणवत्ता में इसने महत्वपूर्ण सुधार किया है। यह मेक इन इंडिया पहल का अगुवा रहा है और देश को वाहन उद्योग में उत्कृष्टता का केंद्र बना दिया है।



सेंसेक्स 81548.73
निफ्टी 25005.50



सोना रु. 109223
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 124267
प्रति किलो



# शेयर बाजार में तेजी, निफ्टी 25 हजार के पार

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक तीन सप्ताह बाद 25 हजार अंक के पार बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 123.58 अंक (0.15 प्रतिशत) चढ़कर 81,548.73 पर पहुंच गया जो 25 अगस्त के बाद का इसका उच्चतम स्तर है।

निफ्टी-50 सूचकांक में 32.40 अंक यानि 0.13 प्रतिशत की तेजी रही और कारोबार की समाप्ति पर 25,005.50 अंक पर रहा। यह 21 अगस्त के बाद पहली बार 25 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ है। आईटी और ऑटो सेक्टरों की कंपनियों के शेयरों में ऊंचे भाव पर बिकवाली देखी गई। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवा और छोटी तथा मध्यम आईटी एवं दूरसंचार कंपनियों पर भी दबाव रहा। तेल एवं गैस



सेक्टर में सबसे ज्यादा लिवाली देखी गई। सरकारी बैंकों, फार्मा कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। मझौली और छोटी कंपनियों में आम तौर पर कम तेजी रही।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.09 फीसदी मजबूत हुआ जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक में नगण्य बदलाव हुआ। एनएसई में कुल 3,150 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,541 के शेयरों में तेजी और 1,516 में गिरावट रही। वहीं, 93 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 14 के लाल निशान में रहे। एनटीपीसी में सबसे अधिक 1.69 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक का शेयर 1.56 फीसदी, पावरग्रिड का 1.33, इटरनल तथा भारती एयरटेल के 1.17, और सन फार्मा का एक प्रतिशत मजबूत हुआ। भारतीय स्टेट बैंक में 0.67 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का 0.66 और आईटीसी का 0.50 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी तेजी रही। इंफोसिस का शेयर 1.51 फीसदी, टाइटन का 1.09 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.85 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 0.84 प्रतिशत टूट गया। बीईएल, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एलएंडटी और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वैश्विक बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। एशिया में जापान के निक्केई में 1.22 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.65 फीसदी तेजी रही।

### सोने और चांदी के भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 412 रुपए सस्ता होकर 1,09,223 पर आ गया है। कल इसकी कीमत 1,09,635 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं चांदी 327 रुपए कम होकर 1,24,267 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। कल एक किलो चांदी की कीमत 1,24,594 रुपए थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत1,10,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 रही। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,150 रही। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में डेवलपमेंट पर फोकस करेंगे विशेषज्ञ

**लखनऊ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में इस बार निवेश पर ही नहीं, सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं पर फोकस करने के साथ ही फ्यूचर डेवलपमेंट पर भी फोकस होगा। इसके लिए सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टार्टअप, आईटी, इंश्योरेंस, फाइनेंस मैनेजमेंट, मेडिकल हेल्थ, ई-कॉमर्स और स्किल डेवलपमेंट जैसे अहम विषयों पर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।

यूपीआईटीएस 2025 के शेड्यूल के अनुसार 25 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रात: ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगे। उसी दिन शाम 3 बजे से रात 8 बजे तक बी2सी विजिटर्स के लिए शो ओपन रहेगा। जबकि 26 से 29 सितम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक बी2बी मीटिंग्स और शाम 3 से 8 बजे तक बी2सी विजिटर्स के लिए आयोजन होगा। इस दौरान एक्सपर्ट की तरफ से नॉलेज सेशन की शुरुआत 26 सितम्बर से होगी, जो 28 तक जारी रहेगी। 26 सितम्बर को सुबह 11.30 से 12.30 बजे तक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी का सत्र होगा। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, यूपी-यूपीएलसी का सत्र होगा, जो प्रदेश में आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री की ग्रोथ और डेवलपमेंट पर केंद्रित रहेगा। 26 सितम्बर को ही 3 बजे से 4 बजे तक मेडिकल हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर विभाग वायरल हेपेटाइटिस और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर वर्कशॉप करेगा। शाम 4.30 से 5 बजे तक आईआरडीएआई और एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस नॉन-लाइफ एवं हेल्थ इंश्योरेंस पर अवेयरनेस सेशन आयोजित करेंगे। 5 बजे से 6 बजे तक वित्त विभाग का सत्र होगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अंतरिम पीएम...** ने कहा कि युवाओं ने यह विरोध-प्रदर्शन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया है। हमारा मकसद संविधान नहीं, संसद भंग करना है। अंतरिम पीएम के नाम को लेकर बुधवार शाम तक पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की के नाम पर सहमति बनने की खबर आई थीं, लेकिन गुरुवार दोपहर तक 'लाइट मैन' कहे जाने वाले कुलमान घीसिंग का नाम सामने आ गया। उधर आर्मी ने एहतियातन राजधानी और उससे सटे इलाकों में तीसरे दिन कर्फ्यू जारी रखा है। नेपाल हिंसा में अब तक 34 मौतें हुई हैं, जबकि 1300 से ज्यादा लोग घायल हैं। अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की, बालेन्द्र शाह, कुलमान घीसिंग और हरका सम्पांग के नाम आगे हैं। सेना ने कहा है कि इस राजनीतिक संकट का समाधान और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। नई कार्यकारी सरकार के पास तय समय में चुनाव कराने की जिम्मेदारी होगी। अंतरिम सरकार का नेतृत्व कौन करेगा, इस बात पर जेन-जी आंदोलनकारी बंट गए हैं। एक ओर पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के समर्थक थे, तो दूसरी ओर काठमांडू के मेयर बालेन शाह के समर्थक। दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई और मामला झगड़े तक पहुंच गया। रिपोर्टों के अनुसार झगड़ा तब शुरू हुआ जब युवाओं का एक समूह कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाए जाने का विरोध करने लगा। इसके जवाब में उनके समर्थकों ने नारे लगाए। जल्द ही बालेन शाह का समर्थन करने वाले प्रदर्शनकारी और धरान के मेयर हरका संपांग से जुड़े कुछ लोग भी इस विवाद में कूद पड़े। नारेबाजी हाथापाई में बदल गई और यह इलाका अराजकता का केंद्र बन गया। सेना के जवानों को हालात काबू में लाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

**नेपाल में यूपी की...** कूदकर जान बचाने का प्रयास किया। दंपति बचाव दल ने बिछाए गद्दो पर गिरे। इसी दौरान उपद्रवियों ने फिर से हमला बोल दिया। इसमें दंपति बिछड़ गए थे। बुधवार को नेपाल से रामवीर सिंह के बेटे विशाल के पास फोन आया कि उनकी मां राजेश देवी की उपचार के दौरान मौत हो गई। बवाल की चपेट में आए रामवीर सिंह गोला दो दिन बाद घायलावस्था में राहत कैंप में मिले हैं। राजेश गोला का शव शुक्रवार तक गाजियाबाद स्थित मास्टर कॉलोनी उनके निवास पर लाया जाएगा।

**मोदी ने आपदाग्रस्त....** ले.ज. गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ हुई एक हाई लेवल बैठक में उत्तराखंड में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव और डीजीपी सहित तमाम आला अफसर मौजूद रहे। गौरतलब है कि उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने केंद्र सरकार से आपदाओं के कारण हुए नुकसान का आकलन करते हुए 5702 करोड़ रुपये की राहत राशि की मांग की थी।










**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट से 6.69 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपोलो अस्पताल के कंसल्टेंट कॉर्डियो लॉजिस्ट से परामर्श लेने के बहाने उनके और उनकी पत्नी के खाते से छह लाख ६९ हजार रुपये ऐंठने वाले जालसाज जलालुद्दीन उर्फ जल्लू को साउथ जिला की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से ठगी के पैसों से खरीदी कार,तीन मोबाइल फोन, ७० हजार रुपये और क्रेडिट कार्ड बरामद किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २५ अगस्त को, इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, सरिता विहार में कार्यरत कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट कर्नल डॉ. वी. हरिहरन को दोपहर करीब एक बजे संदीप रावत नाम के एक व्यक्ति से कॉल आया। उसने खुद को दिल्ली कैंट से बीएसएफ का एसआई बताया। उसने २५ बच्चों को पांच पांच के बैच में देखने की बात कही।

कॉलर ने बाद में फीस पूछी। उसी दिन शाम करीब छह बजे कॉलर ने फिर से कॉल किया। उसके कहने पर उसने कॉलर को अपने विजिटिंग कार्ड की फोटो उसके व्हाट्सएप पर भेजी। कॉलर ने फीस पूछने पर प्रति परामर्श की डेढ हजार रुपये बताया।

कॉलर ने कहा कि आपके हमारे वरिष्ठ अधिकारी बात करेगें। कॉलर ने उससे बैंक की जानकारी मांगी। उसको कहा कि वह बैंक नंबर की जानकारी नहीं दे सकता है,लेकिन उसने अपने फोन पे की जानकारी देने के लिये अपनी पत्नी को फोन दे दिया, जिसे वह लेनदेन के बारे में निर्देश दे रहा था और उसने बिल्कुल उसके निर्देशों का पालन किया लेकिन उसे यह पता नहीं चला कि पैसे ट्रांसफर हो रहे हैं।

कॉलर ने अपने व्हाट्सएप नंबर से पत्नी के व्हाट्सएप नंबर पर भी कॉल किया। फिर मुझे अचानक पंजाब नेशनल बैंक के खाते से तीन बाद में एक लाखा ९९ हजार पांच सौ ६८ हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। कुछ ही देर बाद पत्नी के खाते से ७०५२५ रुपये निकलने का मैसेज आया। उसके बाद कॉलर को कई बार फोन किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में एसएचओ हंसराज स्वामी के निर्देशन में पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता से उसके बैंक खाते और फोन नंबर की डिटेल ली। पता चला कि आरोपी ने ठगी के रुपये में से छह लाख रुपये का इस्तेमाल नई कार लेने में किया है। ज

बकि ७० हजार रुपये क्रेडिट कार्ड सेटलमेंट के लिए डायवर्ट किए गए थे। आरोपी जलालुद्दीन उर्फ जल्लू को खैरथल,अलवर राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान जलालुद्दीन उर्फ जल्लू के रूप में हुई। वह सात ठगी की वारदातों में शामिल रहा है।

पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी ने खुद को सेना छावनी का अधिकारी बताया और शिकायतकर्ता को सैन्य कर्मियों के चिकित्सा परामर्श के लिए फोन किया था।

उसने विश्वास जीतने के लिए सैन्य कर्मियों के पूर्व-रिकॉर्ड किए गए दृश्य दिखाते हुए वीडियो कॉल किए।

## रामलीलाओं के लिए समितियों का गठन

**नई दिल्ली।** रामलीलाओं व दुर्गा पूजा के मंचन व आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने समितियों का गठन कर दिया है। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री इन समितियों के अध्यक्ष बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि समितियों का उद्देश्य इन धार्मिक आयोजनों को लेकर संभावित समस्याओं और अड़चनों का तुरंत समाधान करना है। मुख्यमंत्री के अनुसार रामलीला समिति के चेयरमैन कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह बनाए गए हैं। समिति के सदस्यों में विधायक अशोक गोयल, अनिल कुमार शर्मा, श्याम शर्मा, संजय गोयल, संदीप सहरावत नियुक्त किए गए हैं। समिति में डिविजनल कमिश्नर नीरज सेमवाल सदस्य सचिव होंगे तथा दुर्गा पूजा समिति के चेयरमैन कैबिनेट मंत्री राज मर्ना. जंदर सिंह सिरसा बनाए गए हैं।

# एनएसआईसी करे पिछड़े वर्ग के छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने वाले कोर्सेज शुरूः इंद्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के मुख्यालय में उसके एडवांस ट्रेनिंग सेंटर का विजिट किया। इस अवसर पर उन्होंने वहाँ उपस्थित अधिकारियों और ट्रेनर से विस्तारपूर्वक संवाद कर उनके सुझावों को सुना। रविन्द्र इंद्राज ने एनएसआईसी की ओर से किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एनएसआईसी अधिकारियों को दिल्ली सरकार के साथ मिलकर एससी/ एसटी/ ओबीसी छात्रों को उद्यम शुरू करने में सक्षम बनाने वाले कोर्सेज शुरू करने के लिए कहा। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया संकल्प की दिशा में युवाओं को स्टार्ट अप शुरू करने हेतु प्रोत्साहन देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

युवाओं को रोजगार खोजने की बजाय रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने, समाज कल्याण योजनाओं को और प्रभावी बनाने तथा एससी/एसटी/ओबीसी वर्गों के हित में नई और बेहतर योजनाएँ बनाने पर सार्थक चर्चा हुई।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हम सभी मिलकर दिल्ली को समावेशी और सशक्त समाज के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को सहयोग और प्रोत्साहन देकर अधिक से अधिक युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

साथ ही सहकारी समितियों के माध्यम से स्वरोजगार व कौशल विकास को बढ़ावा देने की योजना है।इस अवसर पर एनएसआईसी के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि तथा स्थानीय उद्यमी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एनएसआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने दिल्ली में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहयोग को और मजबूत करने पर बल दिया।

# साइबर अपराध के खिलाफ सबसे मजबूत कवच खुद की जागरुकताः पुलिस उपायुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में पिछले ढाई सालों में साइबर जालसाजों ने बेकसूर लोगों के तीस करोड़ रुपये ठग लिये है। जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटालों और फर्जी नौकरी से जुड़े सबसे ज्यादा मामले हुए हैं। पुलिस अधिकारियों की मानें तो पिछले कुछ सालों में साइबर अपराधों के गढ़ में भरतपुर और मथुरा सहित मेवात क्षेत्र 'सेक्सटॉर्शन और फर्जी होटल बुकिंग घोटालों का गढ़ है। वहीं झारखंड के जामताड़ा और देवघर जिले - केवाईसी और क्रेडिट कार्ड से जुड़ी ठगी के लिए कुख्यात हैं। इसके अलावा राजस्थान के जोधपुर, बाड़मेर के साथ-साथ गुजरात, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से नकली बैंक खाते (म्यूल अकाउंट) मुहैया कराते हैं, जिनका इस्तेमाल ठगी के पैसों को छिपाने के लिए किया जाता है। अधिकारियों का कहना है कि इस साल चार सितम्बर तक ९० मामले दर्ज हो चुके हैं। पुलिस ने ५६ मामलों को सुलझाते हुए १४७ आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनसे २.२७ करोड़ रुपये से अधिक की रुपये बरामद किये हैं। इनमें से ४२ मामले इसी साल के हैं जबकि कुछ मामले २०२१ और २०२२ के भी हैं जिन्हें सुलझाया जा चुका है। २०२४ में पुलिस ने ११२ मामले दर्ज किए, जिनमें से ५७ सुलझाए गए। उस साल पीडिघ्तों को कुल १५.८ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ जबकि पुलिस केवल ४.८३ करोड़ रुपये की ही वसूली कर पाई। वहीं २०२३ में १०० मामले दर्ज हुए और ४२ सुलझाए गए।



दिल्ली पुलिस आयुक्त एलीट डॉग स्क्वायड ( के-9 यूनिट ) के आधिकारिक प्रतीक चिन्ह का अनावरण करते हुए।

## एक नजर

### सीएम श्री प्रवेश परीक्षा 13 सितंबर को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ में कक्षा ६, ७ और ८ में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं के एडमिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं । छात्र और उनके अभिभावक आधिकारिक वेबसाइट मकनकमस.दपब.पद के माध्यम से स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा जारी परिपत्र के मुताबिक, परीक्षा १३ सितंबर २०२५ को सुबह ११:०० बजे से दोपहर १:३० बजे तक आयोजित होगी। इसके लिए कुल ९८ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि परीक्षा केंद्रों, रोल नंबरों और अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों के लिए विस्तृत दिशानिर्देश दिल्ली शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। उम्मीदवार 10 सितंबर से पोर्टल पर जाकर अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

### गणेश कार्तिकेय में भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे मोहित

**नई दिल्ली।** पीढ़ियों से दर्शकों को जोड़ने वाली प्रभावशाली कहानियाँ प्रस्तुत करने के लिए प्रसिद्ध सोनी सब अब भारतीय टेलीविजन के सबसे बड़े महागाथाओं में से एक लेकर आ रहा हैख्र अपनी आगामी पौराणिक गाथाख्रमहागाथा शिव परिवार की ख्र गणेश कार्तिकेय। यह भव्य प्रस्तुति देवताओं के सबसे शक्तिशाली परिवार की अद्भुत यात्रा को सामने लाएगीख्रभगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र गणेश और कार्तिकेय की अनकही कथा। इसके केंद्र में है माता-पिता का ज्ञान, दो भाइयों की यात्राएँ और एक ऐसे परिवार की भावनाएँ, जिनके संघर्ष हर घर के अनुभवों से मेल खाते हैं। भगवान शिव की भूमिका निभाने को लेकर मोहित मलिक ने कहा, गणेश कार्तिकेय में भगवान शिव का किरदार निभाना मेरे लिए परम सम्मान की बात है।

### नेत्रदान पखवाड़ा के दौरान लोगों ने लिया नेत्रदान का संकल्प

**नई दिल्ली।** फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के दौरान 500 से अधिक लोगों ने नेत्रदान करने का संकल्प लिया है। इस कैम्पेन के दौरान, अन्य वर्षों की तुलना में नेत्रदान का संकल्प करने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है, जो कॉर्नियल अंधता के बारे में लोगों के स्तर पर बढती जागरूकता और आम जनता की इसमें प्रतिभागिता का सूचक है।

कैम्पेन के तहत, फोर्टिस गुरुग्राम ने एक संगोष्ठि का भी आयोजन किया था जिसमें नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने के मकसद से विशेषज्ञों की वार्ता को शामिल किया गया। फोर्टिस आइ इंस्टीट्यूट ओपीडी में नेत्रदान का संकल्प करने के लिए विशेष बूथ लगाए गए थे ताकि इच्छुक लोग तत्काल खुद को रजिस्टर कर सकें। इसके अलावा, फोर्टिस हॉस्पीटल ने एक जेरियाट्रिक पब्लिक हेल्थ इवेंट का भी आयोजन किया था जिसमें सैंकड़ों वरिष्ठ नागरिकों ने नेत्रदान का संकल्प लिया। डॉ पारुल शर्मा, प्रिंसीपल डायरेक्टर एंड एचओडी, फोर्टिस आइ इंस्टीट्यूट ने कहा, "नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस (एनपीसीबी) के अनुसार, देश में करीब 11 लाख कॉर्नियल अंधता के शिकार लोग हैं और हर साल लगभग 25,000 नए मामले इन आंकड़ों में जुड़ जाते हैं।

### झगड़ा करने के बाद वापिस आकर चाकू मारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के आनंद पर्वत थाने की टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है।आरोपी दिसंबर 2024 से फरार था। दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्तनिधिन वलसन ने बताया कि 17 दिसंबर को आनंद पर्वत थाने में हत्या के प्रयास की एक घटना दर्ज की गई थी जिसमें शिकायतकर्ता, ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ प्रेम नगर आनंद पर्वत के पास मौजूद था। उसी समय, आरोपी हिमांशु उर्फ घ्घ्रावण, जो नशे में धुत लग रहा था, आया और शिकायतकर्ता और उसके दोस्तों के साथ गाली-गलौज करते हुए झगड़ा करने लगा। जल्द ही, उसके साथी रोशन और हिमांशु नायक (20) भी उसके साथ आ गए।

# अस्पताल में डॉक्टर ने बीटेक की छात्रा से की छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डॉक्टर ने बीटेक की 21 वर्षीय छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। मसौढ़ी, जिला पटना, बिहार के रहने वाले आरोपी डॉक्टर मोहम्मद इमरान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी डॉक्टर पिछले तीन सालों से बुराड़ी के सरकारी अस्पताल में ऑर्थो विभाग में संविदा पर कार्यरत हैं।

जिला पुलिस उपायुक्तनार्थ राजा बांठिया ने बताया,बीते बुधवार दोपहर करीब २ बजे बुराड़ी पुलिस को पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने बताया,उसकी २१ वर्षीय बहन बुराड़ी के सरकारी अस्पताल गई थी जहां डॉक्टर इमरान ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने पीड़िता से मिलकर उसके बयान पर मामला दर्ज किया। जिसमें उसने बताया कि बीते बुधवार को वह अपनी मां के साथ सीने में गांठ का इलाज कराने बुराड़ी के सरकारी अस्पताल गई थी। जब महिला डॉक्टर उसकी जांच कर रही थी। छात्रा ने आरोप लगाया कि डॉ. इमरान जांच कक्ष में आए और उसकी अनुम. ति के बिना उसकी छाती को छुआ। बाद में डॉ. इमरान उसे एक्स-रे जांच के लिए बेसमेंट में भेज दिया। उसने आरोप लगाया, डॉ. इमरान भी उसका पीछा करते हुए बेसमेंट में आए और उससे उसकी गांठ की जांच करने के लिए कहा।

# एलीट डॉग स्क्वॉड को मिला आधिकारिक प्रतीक चिन्ह

**■ दिल्ली पुलिस में इस स्क्वॉड के आधिकारिक प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** किसी भी सुरक्षा एजेंसी के लिये उसका डॉग स्क्वॉड दस्ता काफी अहम होता है। दिल्ली पुलिस के लिये भी उसका एलीट डॉग स्क्वॉड (के-९ यूनिट) काफी अहम है। दिल्ली पुलिस मुख्यालय में वीरवार को इस स्क्वॉड के आधिकारिक प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया। जिसमें दिल्ली पुलिस आयुक्त समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। नया प्रतीक राष्ट्रीय राजधानी की सुरक्षा में डॉग स्क्वॉड की विशिष्ट स्थिति और समर्पित सेवा को दर्शाता है।आगे चलकर, इसे सभी के-९ यूनिट कर्मियों की वर्दी, जैकेट और गियर पर गर्व से प्रदर्शित किया जाएगा।

बता दें कि १९६७ में स्थापित दिल्ली पुलिस का डॉग स्क्वॉड (के-९ यूनिट), अपराध शाखा का एक अहम हिस्सा रहा है। के-९ यूनिट में शामिल प्रशिक्षित डॉग जो बस एक इशारे और अपनी ट्रैनिंग के दौरान सीखे हुनर के लिये जाने जाते हैं। इन्होंने अनगिनत बार दिल्ली में बदमाशों की योजनाओं को नाकाम किया है। ये स्क्वॉड अपराध का पता लगाने, विस्फोटक और नशीले पदार्थों की पहचान करने में अहम भूमिका निभा रहा है। इसलिये के-९ यूनिट (डॉग स्क्वॉड) को देखभाल के उच्चतम मानकों के साथ बनाए रखा जाता है। डॉग स्क्वायड क्राइम ब्रांच वर्तमान में दिल्ली भर में १० प्रमुख स्थानों से संचालित होती है, जिनमें थाना मॉडल टाउन, चाणक्यपुरी, थाना कल्याणपुरी, थाना दरियागंज, थाना सब्जी मंडी, थाना मौर्य एन्क्लेव, सेक्टर-१२ आर.के. पुरम, सेक्टर-१६ए द्वारका, थाना जनकपुरी और पुष्प विहार हैं। के-९ इकाई शहरी सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो नियमित रूप से बाजारों, मॉल, परिवहन केंद्रों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर गश्त और तोडफोड़-रोधी जाँच करती है। के-९ यूनिट को स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस जैसे उच्च सुरक्षा वाले आयोजनों और राष्ट्रपति भवन, सर्वोच्च न्यायालय, विज्ञान भवन, हैदराबाद हाउस और अन्य रणनीतिक स्थलों जैसे विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों के आगमन के दौरान तैनात किया जाता है। के-९ हैंडलर और कुत्ते एनएसजी, बीएसएफ, सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस अकादमी जैसे प्रमुख संस्थानों के साथ प्रशिक्षण लेते हैं और विस्फोटकों और प्रतिबंधित वस्तुओं का पता लगाने में अपनी क्षमताओं को लगातार उन्नत करते रहते हैं।



दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर योगेश सिंह के संरक्षण में रामजस कॉलेज द्वारा ग्रीन कैंपस, क्लीन कैंपस पहल का आयोजन किया गया।

# रामजस कॉलेज में ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्व. विद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर योगेश सिंह के संरक्षण में, रामजस कॉलेज द्वारा ग्रीन कैंपस, क्लीन कैंपस पहल का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्घाटन रामजस कॉलेज के प्राचार्य, प्रो. अजय कुमार अरोड़ा ने किया। उन्होंने पहल के मूल सिद्धांतों का परिचय देते हुए कहा कि हरियाली केवल पेड़ लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी की संस्कृति विकसित करने से जुड़ी है। उन्होंने कि यह पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि एक सतत आंदोलन है, जो आने वाले वर्षों में दिल्ली विश्वविद्यालय को सबसे स्वच्छ और हरित परिसरों में स्थापित करने में मदद करेगी।

गौरतलब है कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को ध्यान में रखते हुए यह दिल्ली विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त प्रयास से शुरू की गई। बुधवार सांय आयोजित इस कार्यक्रम में रामजस कॉलेज की उप-प्राचार्या एवं आईक्यूएसी समन्वयक, प्रोफेसर रुचिका वर्मा ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने इस पहल के महत्व को विस्तार से बताया और कहा कि पर्यावरण की जिम्मेदारी सामूहिक कर्तव्य है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन में, चाहे कैंपस के भीतर हों या बाहर, सतत (ने. जंपदंइसम) आदतें अपनाएँ।

कार्यक्रम के दौरान, दिल्ली विश्वविद्यालय के एनसीसी समन्वयक मेजर (प्रोफेसर) संजय कुमार ने भी अपने विचार साझा किए।

# पीएम के जन्मदिन पर दिल्ली वालों को मिल सकती है कई परियोजनाओं की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर दिल्ली वालों को दिल्ली मेट्रो, नमो भारत कॉरिडोर और सड़क व स्वास्थ्य से जुड़ी कई परियोजनाओं की सौगात मिल सकती है। वर्तमान में दिल्ली मेट्रो के फेज-चार के तहत पिंक लाइन का विस्तार, नमो भारत का सराय काले खां स्टेशन, वजीराबाद रोड पर फ्लाईओवर और चार अन्य अस्पतालों में अतिरिक्तभवन निर्माण से जुड़ी परियोजनाएं पूरी हो चुकी है। ऐसे में माना जा रहा है कि इन परियोजनाओं को पीएम के जन्मदिन पर जनता के लिए शुरू किया जा सकता है। वर्तमान में नमो भारत दिल्ली के न्यू अशोक नगर से दुहाई डिपो तक पहले से ही चालू है।

अब पूरा 82 किलोमीटर का कॉरिडोर चालू होने से दिल्ली से मेरठ के बीच का सफर महज एक घंटे से भी कम में तय किया जा सकेगा। इसमें अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेनें, हाई-स्पीड यात्रा और बेहतर सुरक्षा इंतजाम होंगे। इससे दिल्ली-एनसीआर के लाखों यात्रियों को न केवल समय की बचत होगी बल्कि सड़क और निजी वाहनों पर निर्भरता भी कम होगी। दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन का मौजूदा नेटवर्क माज. लिस पार्क से मयूर विहार पॉकेट-1 तक हैं। 12.3 किलोमीटर लंबे इस विस्तार के पूरा होने से माजलिस पार्क से मौजपुर तक सीधा सफर संभव हो जाएगा। इस हिस्से का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके शुरू होने के बाद पिंक लाइन दिल्ली मेट्रो की सबसे लंबी कॉरिडोर बन जाएगी, जो राजधानी के उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी इलाकों को जोड़ेगी। इससे विशेषकर उत्तर पूर्वी दिल्ली के लोगों को सीधा लाभ होगा और मेट्रो यात्रा और भी आसान बनेगी।

## डीयू मेसाइंस के कोर्सों में सीटें भरना बना चुनौती

**नई दिल्ली।** डीयू में चार चरणों की प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अभी तक लगभग 9500 हजार सीटें खाली हैं। इनमें बाहरी परिसर के कालेजों को छोड़कर अधिकतर में विज्ञान और भाषा विषयों की सीटें खाली हैं। इनको भरने के लिए डीयू ने 12वीं के अंकों के आधार पर प्रवेश के लिए मापअप राउंड की घोषणा की है। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुए तीसरा वर्ष चल रहा है और अब सीटें न भरने के लिए इस पर भी सवाल उठना शुरू हो गए हैं। शिक्षकों ने इस पर चिंता जताई है। शिक्षकों का कहना है कि सीयूईटी से पहले कॉलेज कटऑफ के आधार पर प्रवेश लेते थे।

# 29वां विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन 13 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** 29वां विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन 13 सितम्बर से कृपाल बाग, दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है, जोकि अध्यात्म, शांति और ध्यान-अभ्यास जैसे आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति समर्पित है। विश्व- विख्यात आध्यात्मिक गुरु और सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित इस 8 दिवसीय आध्यात्मिक सम्मेलन में विभिन्न धर्मों के अध्यक्ष और विश्वभर के अनेक देशों से आए प्रतिनिधि एक ही मंच पर बैठकर शांति, मानव एकता और करूणा जैसे आध्यात्मिक विशयों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा इस सम्मेलन में कई सेमिनार, प्रतिदिन ध्यान-अभ्यास की कार्यशालाएं और मानव- कल्याण गति. विधियाँ भी आयोजित की जाएंगी। यह सम्मेलन 13 से 18 सितम्बर, को कृपाल बाग में तथा 19 और 20 सितम्बर को संत दर्शन सिंह जी धाम बुराड़ी, दिल्ली में किया जाएगा। दप्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले इस विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन में भारत और विश्वभर के अनेक देशों से हजारों की संख्या में भाई-बहन भाग लेते हैं, जोकि मनुष्य जीवन के सर्वोच्च उद्देश्य ध्यान-अभ्यास के द्वारा प्रभु-प्राप्ति को समझने और उसे पूरा करने के लिए एकत्रित होते हैं।


शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# जीडीए पुनः करेगा श्रीराम कुंज कॉलोनी के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

## तहसीलदार भी चलवा चुके हैं कॉलोनी में बुलडोजर







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** हापुड़ रोड पर मंगल विहार के समीप ग्राम रोरी की भूमि पर अवैध रूप से बिना जीडीए परमिशन के काटी जा रही श्रीराम कुंज कॉलोनी में जीडीए ने फिर से ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए हैं आदेश की जानकारी मिलते ही कॉलोनाइजर व कॉलोनी में प्लाट खरीदने वालों में हड़कंप मच गया है।

उल्लेखनीय है कि काफी समय से श्रीराम कुंज के नाम से बिना जीडीए की अनुमति के यह कॉलोनी अवैध रूप से काटी जा रही है जिसपर जीडीए अब से पूर्व कई बार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कर चुका है लेकिन कॉलोनाइजर फिर भी प्लाटिंग व निर्माण कार्य जारी रखे हुए हैं साथ ही यह भी जानकारी मिली है कि इस अवैध कॉलोनी में सरकारी चकरोड भी कब्जा की गयी है जिसके विरुद्ध तहसील प्रशासन भी बुलडोजर चलवाकर कार्यवाही कर चुका है लेकिन कॉलोनाइजर ने कार्य नहीं रोका, अब शिकायतकर्ता पूर्व सभासद लोकेश ढोढ़ी की लगातार प्रयासों के कारण जीडीए ने एक बार फिर से इस अवैध कॉलोनी के खिलाफ 16 सितंबर को ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये हैं।

लोकेश ढोढ़ी ने यह भी बताया कि शुरुआत में इस कॉलोनी की शिकायत करने पर स्वयं को कॉलोनी के पार्टनर बताने वाले तुशांक जिंदल नामक व्यक्ति ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी थी जिसपर उसके खिलाफ मोदीनगर थाने में मुकदमा भी दर्ज है। उन्होंने कहा कि इस अवैध कॉलोनी के खिलाफ उनकी कार्यवाही जारी रहेगी ताकि आम आदमी उसमे पैसे लगाकर ना फंसे।

## भाजपा ने किया सेवा पखवाड़ा पर कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर मोदीनगर शहर मंडल कार्यशाला भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यवीर राघव, वरिष्ठ भाजपा नेता स्वदेश जैन, जिला महामंत्री जितेन्द्र चितौड़ा, नवेन्द्र गौड़, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, अमित चौधरी, अनिल आर्य के साथ, अमितेश जैन, अनिल सैन व मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा मुकेश चौहान समस्त जिला पदाधिकारी समस्त मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक मातृशक्ति व बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे ।

## एचएलएम कॉलेज में फेडरेशन कप नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड स्थित एच.एल.एम कॉलेज में फेडरेशन कप नेशनल सॉफ्टबॉल चौंपियनशिप का आयोजन दिनांक 12 से 14 सितंबर तक किया जा रहा है। इस स्पर्धा में 10 राज्यों की महिला व पुरुष टीमें भाग लेगी।

आयोजन के मुख्य अतिथि रविंद्र कुमार मंदर जिला अधिकारी एवं विशेष अतिथि संदीप कुमार डिप्टी डायरेक्टर लोकसभा सचिवालय, संतराम डिप्टी डायरेक्टर जल शक्ति मंत्रालय, सुनील मिगलानी चेयरमैन एच.एल.एम. ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन, रोहित पाठक अध्यक्ष डीपीएसजी वसुंधरा एवं डॉ अनुज अग्रवाल निदेशक एच.एल.एम. ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन उपस्थित रहें।

वार्ता में एल आर मौर्य सचिव उत्तर प्रदेश सॉफ्टबॉल संघ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष फेडरेशन कप नेशनल सॉफ्टबॉल चौंपियनशिप का आयोजन किया जाता है। इसमें राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप की शीर्ष 10 टीमें पुरुष व महिला वर्ग को आमंत्रित किया जाता है।

इस स्पर्धा में विभिन्न प्रदेशों के उत्कृष्ट राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेते हैं। यह स्पर्धा एच.एल.एम. महाविद्यालय एवं उत्तर प्रदेश सॉफ्टबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है।

## औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर किया गया बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** यूपीएसआईडीए के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने उत्तर प्रदेश जल निगम प्रताप विहार के गेस्ट हाउस में सभी इंडस्ट्रियल एसोसिएशंस के पदाधिकारियो के साथ औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं हेतु बैठक की। जिसमें संगठन द्वारा साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइ-4 की औद्योगिक समस्याओं से सीईओ साहब के समक्ष प्रस्तुत किया गया।यूपीएसआईडीसी द्वारा औद्योगिक इकाइयों से लिए जाने वाले मेंटेनेंस चार्ज दर 72 रुपए प्रति वर्ग मीटर प्रतिवर्ष पर औद्योगिक इकाइयों से नगर निगम गाजियाबाद द्वारा लिए जाने वाले हाउस टैक्स बिलो के साक्ष्य प्रस्तुत कर विस्तार से चर्चा की।

साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र की कई जगहों पर सड़के बहुत टूटी हुई सड़को- सौर ऊर्जा मार्ग, इंद्रप्रस्थ डेंटल कॉलेज रोड, कंट्री इन होटल से सूर्य नगर को जाने वाली रोड व अन्य सभी टूटी हुई सड़कों से हो रही परेशानी से अवगत कराया सड़कों को जल्द सही करने के लिए निवेदन किया गया। साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र सौर ऊर्जा मार्ग व सभी जगहो पर कूड़े का ढेर, नाले की सफाई के बाद पड़ी हुई सिल्ट से हो रही गंदगी के संबंध में भी अवगत कराया गया। औद्योगिक क्षेत्र की सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि उद्यमियों की सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुने और त्वरित कार्यवाही भी करें।

## श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में दृष्टि आईएएस कोचिंग सेंटर की तरफ से सेमिनार आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** गुरुवार को श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में दृष्टि आईएएस कोचिंग सेंटर नई दिल्ली की तरफ से एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में दृष्टि आईएएस कोचिंग सेंटर के अध्यापक अभिषेक मिश्रा ने छात्र छात्राओं को भारतीय प्रशासनिक सेवा की तैयारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया व तैयारी के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इसके अलावा उन्होंने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा का समाज में बहुत अधिक महत्व है। क्योंकि यह अधिकारी नीति निर्माण और कार्यान्वन सामा. जिक न्याय को बढ़ावा देने आर्थिक विकास को गति देने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा ने टीम का धन्यवाद किया । सेमिनार में छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार, संजीव कुमार शर्मा, रिंकेश कुमार वर्मा, सुनील चौधरी व सुमित कुमार उपस्थित थे।

## जिला न्यायालय में 13 सितम्बर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**गाजियाबाद।** जिला न्यायालय परिसर में आगामी 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रकार के वादों का सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित और प्रभावी निस्तारण करना है। यह पहल न केवल आम जनता के समय और धन की बचत करती है, बल्कि न्यायालयों पर मुकदमों के बोझ को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न विभागों को राजस्व वसूली में सहायता मिलती है, साथ ही यह पक्षकारों के बीच आपसी सहमति से विवादों के समाधान का एक सरल और किफायती मंच प्रदान करती है।

## बुजुर्गों व विकलांगों के लिए हो लिफ्ट की व्यवस्था: टीटू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ समाजसे. वी इंदरजीत सिंह टीटू ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कहाँ कि रजिस्ट्री ऑफिस तहसील कंपाउंड में बुजुर्गों और शरीर से विकलांग को ध्यान रखते हुए लिफ्ट का इंतजाम किया जाना चाहिए।

पत्र के माध्यम से उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि तहसील कंपाउंड रजिस्ट्री ऑफिस में बहुत बड़ी तादाद में हर रोज लोग रजिस्ट्री करने के लिए आने वाले उन सभी लोगों में बहुत बड़ी तादाद बुजुर्ग माता बहनों हमारे घर के बुजुर्गों की होती है उन में कुछ संख्या विकलांग साथियों की भी होती है हर तरफ सेक्टर रेट बहुत अच्छे हो चुके हैं उनकी वजह से सरकार को बहुत अच्छा रिवेन्यू गाजियाबाद के निवासियों के द्वारा दिया जाता है सरकार को स्टांप ड्यूटी के रूप में लेकिन सुविधाओं के नाम पर आने वाले सभी लोगों के लिए जो सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए रिवेन्यू डिपार्मेंट के द्वारा अभी तक नहीं कराई गई। रजिस्ट्री करने वाले हर परिवार के साथ दो या चार परिवार के लोग होते हैं बैनामा लेखकों के कार्यालय बहुत बड़े साइज के नहीं है जहां आराम से बैठकर कागज तैयार होने तक सुविधा के साथ बैठ लिया जाए आने वाली परिवार के लोगों के लिए सुविधा दिया जाना बहुत जरूरी है ऐसी मेरी गुजा. रिश है। सबसे पहले प्राथमिकता के रूप में लिफ्ट का इंतजाम किया जाना अति अनिवार्य है नहीं तो किसी भी दिन किसी बुजुर्ग के साथ कोई हादसा हो सकता है आजकल घुटनों में दर्द जैसी समस्या बहुत अधिक हो गई है हर आदमी के लिए पहली दूसरी या तीसरी मंजिल पर पैदल चलकर जाना आसान नहीं है आज तक पता नहीं रेवेन्यू डिपार्टमेंट की या तहसील में काम करने वाले वकील साहिबान की इस तरफ ध्यान क्यों नहीं किया।

## दिवाकर मॉडल स्कूल में इन्वेस्टिचयोर सेरेमनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिवाकर मॉडल स्कूल श्याम पार्क एक्स्टेंशन के प्राँगण में इन्वेस्टिचयोर सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुशल संचालन में विद्यालय के नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को शपथ दिलाई गई और उन्हें उनके पदों के बैज और सैशे प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शिल्पा त्यागी ने छात्रों को संबोधित करते हुए नेतृत्व और जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि छात्र परिषद के सदस्य न केवल विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि वे अपने साथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी होते हैं साथ ही उनके नए दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी और निष्ठा से करने का आह्वान किया। इन्वेस्टिचयोर सेरेमनी में नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों में बारहवीं कक्षा के मुख्य छात्र शिवम गौर, मुख्य छात्रा अंशिका, उप मुख्य छात्र ग्यारहवीं के केशव,उप मुख्य छात्रा के रूप मे नवमीं कक्षा की अनन्या को चयनित किया गया स इसके उपरांत चारों क्लब हाउस के मुख्य कप्तानों में दसवीं कक्षा के आयुष यादव, पियूष शाह, वर्षा, श्वेता तथा उप मुख्य कप्तानों में नवमीं कक्षा के अनौष, सचिन ,साक्षी और हर्षिता के नाम घोषित किए गए स तद्परांत छात्रों ने अपने कार्यो को कर्तव्यनिष्ठा से करने की शपथ ली और अपने पदों के बैज और सैशे विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और छात्र उपस्थित थे स इन्वेस्टिचयोर सेरेमनी विद्यालय में एक भव्य और यादगार कार्यक्रम रहा, जिसने छात्रों में नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया।

## सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा युवा मोर्चा ने किया प्रेसवार्ता का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भाजपा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में युवा मोर्चा भाजपा गाजियाबाद द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक बनाए जाने वाला सेवा पखवाड़ा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा वरुण गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रंजीत राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम उपस्थित रहे। सेवा पखवाड़ा में युवा मोर्चे को भी दो हम कार्यक्रम दिए गए हैं जिसमें एक कार्यक्रम रक्तदान शिविर का एवं दूसरा नमो मैराथन रहेगा। रक्तदान शिविर में युवा मोर्चे को दो चरणों में रक्तदान शिविर लगाकर अधिक से अधिक युवाओं एवं सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना है एवं साथ ही ब्लड डोनर का रजिस्ट्रेशन करवा के उन सब को रक्तदान के लिए संकल्प दिलवाना है एवं रक्तदाताओं को युवा मोर्चा द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया जाएगा। युवा मोर्चा द्वारा दूसरा कार्यक्रम नमो मैराथन का आयोजन करना है जिसमें प्रदेश के केवल 5 से 6 स्थान में ही युवा मोर्चा द्वारा तीन किलोमीटर की मैराथन का आयोजन करना है।

## चीन पर भरोसा करना ठीक नहीं: सिकंदर यादव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव ने कहा कि हाल ही में ट्रंप की भारत पर टैरिफ लगाने के बाद भारत के प्रधानमंत्री ने चीन की यात्रा की, जोकि भारतीय प्रधानमंत्री की 7 वर्षों में पहली चीनी यात्रा थी, विदेश नीति के जानकार इस यात्रा को, ट्रंप को जवाब के रूप में दिखाया जा रहा है, क्योंकि शंघाई शिखर वार्ता में रूस, कोरिया भी शामिल थे, इसे ट्रंप या अमेरिका के खिलाफ एक नया मोर्चा बताया जा रहा है, और बदलते वर्ड ऑर्डर के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जहां तक भारत का विषय है भारत और चीन के संबंध गलवान घटना के बाद तनावपूर्ण रहे हैं, सीमा पर अभी भी तनाव बना हुआ है और ऐसी भी खबरें आ रही है कि चीन ने बफर जोन में अपनी स्थिति मजबूत कर रखी है, 1962 के बाद ही चीन की भारत के प्रति निति ठीक नहीं रही है, तिब्बत पर कब्जे के बाद चीन की नजर लद्दाख व अरुणाचल प्रदेश पर गड़ी हुई है, हाल ही में भारत-पाकिस्तान युद्ध में ये निकलकर आया कि चीन ने पाकिस्तान को खुफिया जानकारी व हथियार दिए, ऑपरेशन सिंदूर के बीच बड़े रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के लिए पाकिस्तान से बड़ा खतरा चीन है, खुद चीनी ये मानता है कि भारत का बड़ा बाजार व उसकी अर्थव्यवस्था चीन के लिए चुनौती है, वो कभी भी भारत का हितेषी नहीं हो सकता।

## प्रीत विहार, आदर्श कॉलोनी, मलिक नगर की जनता को बड़ी राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** इं0 दुर्गेश कुमार, अधिशासी अभियंता, उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार एवं नितिन कुमार सभासद के प्रयासों से प्रीत विहार कालोनी के नाम से एक नया सेपरेट अंडर ग्राउंड फीडर का कार्य पूर्ण हो चुका है। नितिन कुमार सभासद का कहना है कि आए दिन उनके क्षेत्र की सप्लाई किसी न किसी कारण से बाँधित रहती रही, उन्होंने अधिकारियों से निवेदन कर एक नया पोषक बनाने का अनुरोध किया। जिसको संज्ञान में लेकर सम्बंधित अधिकारियों ने तत्काल कार्य को लक्ष्य तक पहुँचाया। जिसका उद्घाटन नितिन कुमार सभासद द्वारा किया गया। उद्घाटन करते समय उपकेंद्र के अवर अभियंता विपिन प्यासी एवं आरडीएसएस की पूरी टीम मौके पर मौजूद रहीं। नितिन कुमार सभासद का कहना है कि मैं अपने सम्मानित अधिकारियों एवं क्षेत्र की जनता को धन्यवाद करता हूँ आप की ताकत से ही यह कार्य पूर्ण हुआ है क्षेत्रवासियों की सेवा में ऐसे ही निस्वार्थ कार्य करते रहेंगे।

## स्व. प्रधान मांगेराम यादव जी के श्राद्ध के अवसर पर किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नोएडा के होशियारपुर में स्व. प्रधान मांगेराम यादव जी के श्राद्ध के अवसर पर उनके सुपुत्रो एडवोकेट महेश यादव, दिनेश प्रधान, विनोद यादव, मनोज यादव व समस्त परिवार जनों के द्वारा उनकी याद को ताजा करते हुए श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें हजारों की संख्या मे लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया और यादव परिवार द्वारा समाज में एक संदेश दिया कि किस तरीके से उनके जीवन पर्यंत उनकी सेवा की और मरणोपरांत भी उन्हें बहुत ही शालीनता से अच्छे तरीके से याद कर भंडारे का आयोजन किया। उनके पुत्रों व पुत्रवधुओं द्वारा सभी को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर उनके सगे संबंधी व परिवार जनों के अलावा अनेको गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान अशोक चौधरी, पंडित अशोक भारतीय, सौरभ यादव, जितेंद्र त्यागी आदि ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

## आईटीएस मोहननगर में एमबीए के प्रतिभागियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहन नगर में एमसीए(30वें) एवं एमबीए (22वें) सत्र के प्रतिभागियों हेतु ओरिएंटेशन प्रोग्राम के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गणमान्य अतिथि गण अरविंद ठाकुर, मेंबर, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट, एनआईआईटी यूनिवर्सिटी, कोफाउंडर, एक्स वाइस चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर, एनआईआईटी टेक्नोलॉजीज, दीपक कुमार बागची, वाइस प्रेसिडेंट (एआई सॉल्यूशंस एंड कंसल्टेंसी), कोफॉर्ज, बंगलौर, कमल डुडेजा, डायरेक्टर, सोल्यूशन इंजीनियरिंग इंडिया - एपेक, ओरेकल, आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, निदेशक(पी आर) सुरेन्द्र सूद, आई टी एस गाजियाबाद के निदेशक(आई टी एवं यूजी) डॉ सुनील कुमार पाण्डे, एमबीए चेयरपर्सन डॉ उमा गुलाटी एवं एमसीए चेयर पर्सन डॉ पूजा धर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर संपन्न किया गया। निदेशक डॉ सुनील कुमार पाण्डे ने सभी विशिष्ट अतिथियों एवं नव प्रवेशी छात्रों का स्वागत कर उन्हे संबोधित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने संस्थान द्वारा चलाए जा रहे सभी शैक्षणिक, सह शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्यक्रमो पर प्रकाश डाला और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। एमबीए चेयरपर्सन डॉ उमा गुलाटी एवं एमसीए चेयर पर्सन डॉ पूजा धर ने एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की साथ ही संस्थान के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया तथा सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुरेन्द्र सूद ने छात्रों को शिक्षा के प्रमुख उद्देश्यों, उद्योग और व्यापार जगत के अनुरूप उन्हे वांछित बुद्धि और कौशल विकास पर ध्यान आकृष्ट किया। अरविंद ठाकुर ने कल्चर ऑफ इनोवेशंस, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इमोशनल इंटेलीजेंस तथा क्रिटिकल थिंकिंग के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। दीपक कुमार बागची ने ईमानदारी, अनुशासन, जागरूकता और जीवन पर्यंत ज्ञान वृद्धि और परोपकार की भावना के साथ बेहतर से बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। कमल डुडेजा ने छात्रों को धैर्य के साथ चतुर्मुखी विकास हेतु सतत प्रयत्न शील रहने का सुझाव दिया साथ ही अपनी जीवन यात्रा के अनुभव साझा कर छात्रों का मार्गदर्शन किया। राष्ट्रगीत के साथ उद्घाटन समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने सभी नव प्रवेशी छात्रों को उनके सफलता और सुनहरे भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दी।

द्रोणाचार्य ऑडिटोरियम में आदर्श राय, इमोशनल इंटेलीजेंस एवं कॉरपोरेट ट्रेनर, ग्लोबल कैरियर काउंसलर- यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, फाउंडर एच आर ब्रेन हब द्वारा 'जेन ए आई एंड इमोशनल इंटेलीजेंस फॉर एमबीए स्टूडेंट्स - द वे फॉरवर्ड' विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया।

# टीचर्स-डे पर छात्रा पर किया ब्लेड से हमला

- छात्राओं के एक ग्रुप ने छात्रा की पिटाई कर चेहरे और पीठ पर ब्लैड से वार किए
- चेहरे पर बीस पीठ पर करीब तीस टांके आए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमन विहार इलाके में स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय में टीचर्स डे के दिन 12वीं कक्षा की १६ साल की छात्रा का क्लास में पढने वाली छात्रा से किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद हाथापाई हो गई। विवाद इतना ज्यादा हो गया कि विवाद सडक पर उतार आया,जिसमें छात्राओं के एक ग्रुप ने छात्रा की पिटाई करके चहेरे और पीठ पर ब्लैड से वार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिवार का आरोप है कि पुलिस ने एफआईआर करने में काफी देरी लगाई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया,जिसमें ग्रुप में छात्राएं एक लडकी को थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रही हैं। जिनकी पहचान करके उनको पकडने की कोशिश की जा रही है। परिवार ने बताया कि बेटी के चेहरे पर बीस जबकि पीठ पर करीब तीस टांके आए हैं।

जानकारी के मुताबिक बीते मंगलवार को अमन विहार पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। जिसमें रोहिणी सेक्टर-२० में रहने वाली एक किशोरी पर हमले की जानकारीी मिली। जिसपर कुछ लड़कियों ने उसके चेहरे पर ब्लेड से हमला किया था।

अमन विहार पुलिस संजय गांधी अस्पताल पहुंची। घायल किशोरी बयान देने लायक नहीं थी। उसके चेहरे और पीठ पर काफी टांके लगे हुए थे। जांच में पता चला कि चार छात्राएं जिनकी उम्र १४ से १६ के बीच थी। जो दूसरे स्कूल की छात्राएं हैं।

उन्होंने घायल छात्रा को पहले सडक पर जबरन रोका,जब वह अपनी दो स्कूल की सहेलियों के साथ स्कूल से वापिस घर लौट रही थी। पीडिघ्ता को थप्पड़ मारे और उसके चेहरे और पीठ पर ब्लेड से हमला किया, जिससे उसे चोटें आईं। वह किसी तरह से घर तक पहुंची। पता चला कि बीते चार सितम्बर को घायल छात्रा का स्कूल की एक छात्रा से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। बदला लेने के लिए छात्रा ने अपनी दूसरे स्कूल की सहेलियों के साथ मिलकर इस हमले की साजिश रची और उसे अंजाम दिया था।

पीड़िता के पिता का कहना है कि बेटी को समझाया था कि जो हो गया,उसको भूल जाओ बेटी ने घर आकर बताया था कि स्कूल में पढने वाली एक लडकी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया है। हाथापाई तक हो गई है। बेटी को बोला था कि शांत रहना बस। ज्यादा ध्यान भी नहीं दिया था। पिता सुनील ने बताया कि बीते मंगलवार को बेटी पर धारदार हथियार से चेहरे और पीठ पर लड़कियों ने वार किया था। जिन्होंने वार किया,उसमें से दो स्कूल की थी। बाकी का कुछ नहीं पता है।

छात्रा के अनुसार मुझे तो पता ही नहीं कि टीचर्स डे पर किस बात को लेकर मेरे से झगड़ा क्यों किया था। हां ये जरूर है कि जिसने झगड़ा किया था,उसकी बहन अक्सर स्कूल से बाहर देखकर गाली देती हुई चली जाती थी। वह हर बार उसको इग्नोर कर दिया करती थी। घायल छात्रा ने बताया कि कुछ भी बात नहीं हुई थी। मैं तो सहेलियों के साथ घर की तरफ जा रही थी। तभी स्कूल के गेट से कुछ ही दूरी पर पकड़ा और ब्लैड या फिर धारदार हथियार से चेहरे और पीठ पर वार किये थे।

## निजी स्कूलों में ईडब्ल्यूएस दाखिले की दौड़ शुरू

**नई दिल्ली।** शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ के लिए डीडीए/ सरकार द्वारा आवंटित भूमि पर संचालित निजी स्कूलों की कक्षा दूसरी से लेकर नौवीं में आरक्षित आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/ निशुल्क श्रेणी की सीटों पर दाखिला की दौड़ शुरू हो गई है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की निजी स्कूल शाखा द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। आवेदन करने की आखिरी तारीख २२ सितंबर है। जबकि दाखिले को लेकर कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ का आयोजन २४ सितंबर को होगा। आवेदन प्रक्रिया से संबंधित सभी संचार केवल उसी फोन नंबर के माध्यम से किए जाएंगे। ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए एक आवेदक को एक बच्चे के लिए केवल एक ही आवेदन करना होगा।

# गोली मारकर हत्या करने वाला भगोड़ा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेयरी पुलिस ने एक हत्या की वारदात में फरार हत्यारे वकील मलिक को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल १५ अक्तूबर को भलस्वा डेयरी इलाके में गोली चलने की वारदात हुई थी,जिसमें नौशाद (१९) और आसिफ (२९) गोली लगने से घायल हो गए थे। उपचार के बीच नौशाद की मौत हो गई थी। आरो. पियों की पहचान शकील, उसके भाई वकील और उनके साथी प्रिंस के रूप में हुई। आरोपी वकील इस मामले में फरार था और गिरफ्तारी से बच रहा था। जिसको कोर्ट ने भगौड़ा घोषित कर दिया था। एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर अमित सोलंकी के निर्देशन में एएसआई राजीव कुमार की पुख्ता जानकारी के बाद बल्लभगढ़, मेट्रो स्टेशन, हरियाणा के पास घेराबंदी करके आरोपी वकील मलिक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि इस मामले में, एक अन्य आरोपी शकील (वकील का भाई) पहले ही गिरफ्तार हो चुका है और न्यायिक हिरासत में है। आरोपी वकील मलिक, आरोपी शकील का बड़ा भाई है। वह सब्जी विक्रेता है और पालम सब्जी मंडी में सब्जी बेचता है। उसने १०वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। वह शाद. ीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं।

# युवक पर चाकू से हमला करने वाले 7 दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन के पास मंगलवार रात एक युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने जांच करते हुए छह नाबालिगों समेत सात लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने हमला करने में इस्तेमाल चाकू और ई-रिक्शा बरामद कर लिया है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान रोडरेज में हमले का खुलासा किया है। पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि नौ सितंबर की रात १८ वर्षीय प्रिंस राठी पर निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन के पास चाकू से हमला किया गया। हमलावर ई-रिक्शा में सवार थे और वारदात के बाद फरार हो गए। हमले के बाद चाकू पीड़ित की पीठ में धंसा हुआ छोड़कर फरार हो गए। हमले में गंभीर घायल पीड़ित को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी व एएनपीआर फुटेज की मदद से छानबीन शुरू की। इसी दौरान एक आरोपी की पहचान पहाड़गंज निवासी २८ वर्षीय धरमबीर व छह नाबालिगों के रूप में हुई। इनमें से अधिकांश स्कूल ड्रॉपआउट हैं।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित 'संवादी दिल्ली उत्सव- अभिव्यक्ति का' कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

# हमें अपनी संस्कृति पर गर्वः मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि हमें अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति गर्व होना चाहिए और किसी भी स्थिति में उसे हीन भाव से नहीं देखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अतीत की गुलामी और अंग्रेजी शासन की बेड़ियों से मुक्त होकर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और भाषाई विरासत को अपनाना होगा। मुख्यमंत्री ने यह विचार दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित 'संवादी दिल्ली उत्सव- अभिव्यक्ति का' कार्यक्रम में व्यक्त किए। मिरांडा हाउस कॉलेज में आयोजित एक मीडिया संस्थान के इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के विकास, विजन और भाषा-संस्कृति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी मिट्टी की भाषा है, मन की भाषा है।

अपनी मातृभाषा में भाव व्यक्त करने का आनंद किसी और भाषा में संभव नहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन देश को भाषा और संस्कृति से जोड़ने के माध्यम हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्मरण किया कि जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दिया था, तब पूरे विश्व ने उनकी प्रशंसा की थी। आज भी हिंदी विश्वभर में स्वीकार्यता और सम्मान प्राप्त कर रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड समुदाय की पहल का उल्लेख किया, जिसमें बच्चों को गढ़वाली और कुमाऊंनी जैसी क्षेत्रीय भाषाएं सिखाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इसे मातृभाषा और संस्कृति से जुड़े रहने का प्रेरणादायी उदाहरण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृभाषा और संस्कृति को संजा. ेना और आगे बढ़ाना हर भारतीय की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुल. पति श्री योगेश सिंह, कॉलेज प्रिंसिपल प्रोफेसर विजयलक्ष्मी नंदा, मीडिया संस्थान के प्रति. निधि सहित अनेक प्राध्यापक, शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ट्रांस-यमुना क्षेत्र में 18 नए बस रूट की पहचान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आईआईटी दिल्ली की तकनीकी सहायता से रूट रेशनलाइजेशन के बाद ट्रांस- यमुना क्षेत्र में 18 नए बस रूट की पहचान की गई है। रूट रेशनलाइजेशन का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के अंतिम छोड़ तक डीटीसी बसों की कनेक्टिविटी बढ़ाकर उन क्षेत्र को सार्वजनिक परिवहन से जोड़ने के साथ यात्री फ्रेंडली बनाकर जाम की समस्या कम करने के साथ मेट्रो स्टेशनों और प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के साथ लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को और सशक्त करना है। रूट रेशनलाइजेशन के जरिए हजार से अधिक स्टॉप को जोड़ने का काम किया गया है।

# डूसू चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्व. विद्यालय के छात्र संघ चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रमुख छात्र संगठनों ने २०२५-२६ के चुनावों के लिए अपने पैनल की घोषणा कर दी।

महिला नेतृत्व के लिए नए सिरे से प्रयास करते हुए, दो संगठनों ने १८ सितम्बर को होने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनावों के लिए अध्यक्ष पद के लिए महिलाओं को मैदान में उतारा है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ ने १७ वर्षों के बाद अध्यक्ष पद के लिए एक महिला उम्मीदवार जोसलिन नंदिता चौधरी को नामित किया है। एनएसयूआई ने इसे एक ष्ऐतिहासिक कदमष बताया है, क्योंकि २००८ के बाद से कोई भी महिला इस पद पर नहीं रही है। कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई ने उपाध्यक्ष पद के लिए राहुल झांसला, सचिव पद के लिए कबीर और संयुक्त सचिव पद के लिए लवकुश भड़ाना को नामित किया है। दिल्ली विश्वविद्यालय की राजनीति में अपना प्रभुत्व बनाए रखने के उद्देश्य से, आरएसएस समर्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अध्यक्ष पद के लिए आर्यन मान, उपाध्यक्ष पद के लिए गोविंद तंवर, सचिव पद के लिए कुणाल चौधरी और संयुक्त सचिव पद के लिए दीपिका झा को मैदान में उतारा है।वामपंथी विचारधारा वाले एसएफआई-एआईएसए गठबंधन ने कहा कि उसका पैनल परिसर की राजनीति में ष्धन और बाहुबलष के खिलाफ एक ष्वैकल्पिक आवाजष का प्रतिनिधित्व करता है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज से अंजलि को अध्यक्ष पद के लिए, सोहन कुमार को उपाध्यक्ष पद के लिए, अभिनंदन प्रत्यशी को सचिव पद के लिए और अभिषेक कुमार को संयुक्त सचिव पद के लिए मैदान में उतारा है। गठबंधन ने महिला सुरक्षा, छात्रावास सुविधाओं, मेट्रो रियायतों और हाशिए पर पड़े समुदायों के प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दों पर जोर दिया।

२०२५-२६ शैक्षणिक सत्र के लिए डूसू चुनाव १८ सितंबर को होंगे और मतगणना अगले दिन होगी। २०२४ के डूसू चुनावों में, एनएसयूआई ने सात साल के अंतराल के बाद वापसी करते हुए दो प्रमुख पदों - अध्यक्ष और संयुक्त सचिव - पर जीत हासिल की। एबीवीपी ने उपाध्यक्ष पद हासिल किया और सचिव पद बरकरार रखते हुए छात्र संघ में अपनी उपस्थिति बरकरार रखी। इस साल के चुनाव लिंगदोह समिति के दिशानिर्देशों के अनुसार, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के खिलाफ सख्त उपायों के तहत हो रहे हैं।

# हादसे में जान गंवाने वाले डॉक्टर के परिवार को मिलेंगे 2.5 करोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने मई २०२३ में ओखला में हुई सड़क दुर्घटना में मारे गए एक डाक्टर के परिवार को २.५ करोड़ रुपये का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। न्यायाधिकरण की पीठासीन अधिकारी शेली अरोड़ा ने कहा कि मृत्यु की स्थिति में दावेदारों के कानूनी वारिस किसी अप्रत्याशित लाभ की उम्मीद नहीं कर सकते। साथ ही दिया गया मुआवजा किसी माफी के बदले नहीं होता। मृतक यासीन खान ३० वर्षीय सीनियर रेजिडेंट डाक्टर थे, जो हर महीने १.४ लाख रुपये कमाते थे। उनके पीछे उनकी पत्नी, माता-पिता और दो नाबालिग बेटे हैं। दुर्घटना के चार महीने बाद उनका एक और बेटा पैदा हुआ। न्यायाधिकरण ने प्रत्यक्षदर्शी की गवाही के आधार पर माना कि यह दुर्घटना बस चालक की लापरवाह ड्राइविंग से हुई। न्यायाधिकरण ने कहा कि यह एक कानूनी सिद्धांत है कि तथ्यों और परिस्थितियों को व्यापक और व्यावहारिक तरीके से देखा जाना चाहिए। खान का परिवार पूरी तरह उनकी आय पर निर्भर था।

## सैफ-कैफ गिरोह का बदमाश मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी में एक लड़की के जबरन अपहरण के मामले में भी वांछित आरोपी शहजाद उर्फ उवेश को दो पिस्तौल और तीन कारतूस के साथ अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

वह सैफ-कैफ गिरोह का सक्रिय सदस्य है। जिससे उसके गैंग के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी सोमनाथ की देखरेख में इंस्पेक्टर दिलीप के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी को मेट्रो वॉक के पास रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया।



पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित बीएलटीएम का रिबन काटकर उद्घाटन करते हुए।

# पर्यटन मंत्री ने किया बीएलटीएम 2025 का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित बीएल टीएम का रिबन काटकर भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर देश-विदेश से आए पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी और एमआई सीई उद्योग से जुड़े अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली को इस भव्य आयोजन के लिए चुना जाना गर्व की बात है। देश-विदेश से आए प्रतिभागियों को एक मंच पर देखना भारत के पर्यटन और व्यापारिक क्षमताओं की मजबूती को दर्शाता है। यहाँ नई तकनीकों, सेवाओं और सहयोग की संभावनाओं को देखकर महसूस हो रहा है कि हमारा देश वैश्विक मंच पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। बीएल टीएम ने पर्यटन और व्यापारिक यात्राओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट संवाद और साझेदारी का मंच प्रदान किया है। मैं आयोजकों को बधाई देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि ऐसे मंच भारत को पर्यटन महाशक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। कपिल मिश्रा ने आगे कहा कि दिल्ली सरकार पर्यटन के पूरे परिदृश्य को बदलने के लिए काम कर रही है।

# स्थानीय निवासियों को अखर रहा यूईआर-2 पर टोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यूईआर 2 के मुंडका बक्करवाला टोल से रोजाना आवाजाही के लिए ३५० रुपये खर्च होना लोगों को अखरता है। ३५० रुपये का खर्चा लोगों को तब आर्थिक बोझ से ज्यादा अन्याय लगने लगता है, जब टोल के दोनों ओर का इलाका एक ही शहर का हिस्सा है। टोल के दोनों ओर बसे गांव व कॉलोनियों में रहने वाले लोगों का कहना है कि एक ही शहर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में आवाजाही के लिए टोल का आवश्यक भुगतान, शहर के लोगों को संविधान प्रदत्त आवा. जाही के अधिकार का उल्लंघन है। टोल का प्रविधान लोगों को आवाजाही से रोकने के लिए बनाई गई व्यवस्था लोगों को लग रही है।

लोगों का कहना है कि ऐसा लग ही नहीं रहा है कि हम दिल्ली में है। यदि दिल्ली में हैं तो पूरी दिल्ली के लिए एक कानून की व्यवस्था होनी चाहिए। एक सड़क पर आवाजाही मुफ्त लेकिन उसी शहर में एक सड़क पर आवाजाही के लिए शुल्क, आखिर हम कैसा शहर बना रहे हैं। यदि मुंडका गांव के लोगों को किसी काम के लिए नजदीक स्थित बक्करवाला अपनी गाड़ी से जाना पड़े तो फिर ३५० रुपये का भुगतान कीजिए। बक्करवाला गांव के लोगों का कहना है कि सरकार ने जितना ध्यान यूईआर बनाने पर दिया है, इसका आधा जितना ध्यान भी आसपास के गांवों या कालोनियों से गुजरने वाली सड़कों के विकास पर दिया जाता तो शायद लोग यूईआर का इस्तेमाल भी नहीं करते। यूईआर २ के आसपास की जितनी भी सड़कें हैं, सभी की दशा अत्यंत खराब है।

# काठमांडू जाने वाले स्पाइस जेट विमान में टला हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरुवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर काठमांडू जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट में आग लगने की आशंका के कारण विमान को वापस लौटना पड़ा। एयरलाइन ने बताया कि विमान की ठीक से इंजीनियरिंग जांच की गई। जहां कोई असामान्यता नहीं पाई गई। फ्लाइट ैG०४१ को बोइंग ७३७-८ विमान से संचालित किया जा रहा था। इस घटना की वजह से फ्लाइट चार घंटे की देरी से उड़ी। दिल्ली से काठमांडू जाने वाली स्पाइसजेट विमान को जमीन पर खड़े एक अन्य विमान से संदिग्ध टेलपाइप आग की सूचना मिली। सूचना के बाद बे पर वापस लाया गया। कॉकपिट में कोई चेतावनी या संकेत नहीं दिखा। लेकिन पायलटों ने वापस लौटने का फैसला लिया।

एयरलाइन ने बयान में कहा कि टेलपाइप इंजन का निकास पाइप होता है। जिसमें आग लगने की आशंका थी। इसके बाद विमान की इंजीनियरिंग जांच पूरी की गई, जिसमें कोई शिकायत नहीं मिली। जांच पूरी होने के बाद विमान को संचालन के लिए क्लियर लाइन दी गई। हालांकि, विमान में कितने यात्री सवार थे, इसके बारे में डेटा नहीं मिल सका।

# 10 हाईवे पर अब ग्रीन हाइड्रोजन से चलेंगे ट्रक

- वर्तमान में भारत की लाजिस्टिक दर 14-16 प्रतिशत है, यूरोप एवं अमेरिका में 12 प्रतिशत, जबकि चीन में मात्र आठ प्रतिशत है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दुनिया के प्रमुख देशों के बीच चल रहे ट्रेड वार को देखते हुए भारत भी अपना निर्यात बढ़ाने के प्रयासों में जुटा है। इस राह में बड़ी चुनौती लाजिस्टिक दर मानी जा रही है। केंद्र सरकार ने ऐसे विकल्पों पर काम शुरू कर दिया है, जो न सिर्फ लाजिस्टिक दर कम करें, बल्कि कार्बन न्यूट्रल के लक्ष्य की दिशा में भी देश को गति मिले।

ऐसे बड़े दृष्टिकोण के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ग्रीन हाइड्रोजन से ट्रकों के संचालन का निर्णय लिया है। इसकी सफलता और चुनौतियों के आकलन के लिए देशभर के १० राजमार्गों को पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। भारत की लाजिस्टिक दर को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सरकार चौतरफा प्रयास कर रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी अब लगातार दोहरा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना भारत को पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाना है। इसके लिए निर्यात बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है, लेकिन इसमें बड़ी चुनौती लाजिस्टिक दर के रूप में सामने आ रही है। वर्तमान में भारत की लाजिस्टिक दर १४-१६ प्रतिशत है, यूरोप एवं अमेरिका में १२ प्रतिशत, जबकि चीन में मात्र आठ प्रतिशत है।

हालांकि, वह दावा भी करते हैं कि बेहतर रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण लाजिस्टिक दर छह प्रतिशत घटने की रिपोर्ट आइआइटी और आइआइएम जैसे संस्थानों ने दी है, लेकिन अब सरकार का लक्ष्य इसे सिंगल डिजिट में लाने का है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा- दिल्ली-आगरा, भुवनेश्वर -कोणार्क-पुरी,अहमदाबाद-वड़ोदरा-सूरत , साहिबाबाद-फरीदाबाद-दिल्ली, पुणे-मुंबई ,जमशेदपुर-कलिंग नगर, तिरुअनंतपुरम-कोच्चि, कोच्चि-येदापल्ली, जामनगर- अहमदाबाद, विशाखापत्तनम-बय्यावरम १० हाईवे चिन्हित किए गए हैं। अब मीथेन से ग्रीन हाइड्रोजन भी तैयार की जाने लगी है। लेकिन एक किलोग्राम ग्रीन हाइड्रोजन बनाने में ५० यूनिट बिजली का खर्च आ रहा है। यह लागत अभी बहुत है। लेकिन सरकार का प्रयास है कि इसके उत्पादन को बढ़ाते हुए लागत को एक डालर प्रति किलोग्राम पर लाया जाए। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में ग्रीन हाइड्रोजन की कीमत लगभग ३९७ रुपये प्रति किलोग्राम है।

# सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। यह याचिका विकास त्रिपाठी नामक शख्स ने दायर की थी, जिसमें उनके भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले मतदाता सूची में नाम शामिल होने के आरा. ेप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। विकास त्रिपाठी की तरफ से दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि सोनिया गांधी का नाम १९८० में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया गया था, जबकि वह अप्रैल १९८३ में भारत की नागरिक बनी थीं। त्रिपाठी ने आरोप लगाया था कि गांधी का नाम १९८० में मतदाता सूची में शामिल किया गया था, १९८२ में हटाया गया और फिर १९८३ में फिर से जोड़ा गया। त्रिपाठी के वकील ने कहा कि उनका भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन भी अप्रैल १९८३ का है। १९८० में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में उनका नाम कैसे शामिल हुआ, जिसे फिर १९८२ में हटाया गया और १९८३ में फिर से दर्ज किया गया। वकील ने कहा था कि १९८० में मतदाता सूची में उनका नाम शामिल होने का मतलब है कि कुछ जाली दस्तावेज जमा किए गए थे और यह एक संज्ञेय अपराध का मामला है।

# पित्त की थैली के ऑपरेशन के दौरान व्यक्ति की मौत

## परिजनों ने लगाया अस्पताल के चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में स्थित एक अस्पताल में पित्त की थैली के ऑपरेशन के दौरान एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने अस्पताल के चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को किसी तरह समझा कर मामले को शांत कराया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव मुजफ्फर बागड़पुर निवासी 45 वर्षीय राजकुमार को हापुड़ के गढ़ रोड़ पर स्थित प्रयाग हास्पिटल में पित्त की थैली के ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया गया था। जहां व्यक्ति की पित्त की थैली का ऑपरेशन हुआ। बुधवर की देर रात इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल के चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही के कारण मौत का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मामले की सूचना मिलते ही थाना देहात प्रभारी विजय गुप्ता भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और परिजनों व ग्रामीणों को मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले को शांत कराया। देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही



आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को पहुंचे नौजवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** पंजाब में बाढ़ से प्रभावित इलाकों में राहत पहुंचाने के लिए भारत स्काउट गाइड एंड जमीयत यूथ क्लब के नौजवान 10 सितम्बर 2025 को जरूरतमंद लोगों तक सामग्रियां लेकर पहुंचे। इस दौरान संगठन ने न केवल प्रभावित परिवारों तक मदद पहुंचाई बल्कि दूर-दराज से आने वाली राहत सामग्री को भी उचित स्थानों तक पहुंचाने का कार्य किया। युवाओं की इस पहल से पीड़ित परिवारों को बड़ी राहत मिली।

जमीयत यूथ क्लब लगातार सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय है और युवाओं में सेवा भावना को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है। संगठन के सदस्यों का कहना है कि संकट की घड़ी में जरूरतमंदों तक सहयोग पहुंचाना ही उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सलाहुद्दीन नईम अहमद साहब, जुनैद साहब, सालिहीन साहब,



सिकन्दर साहब, नदीम साहब, शाहवेज साहब और नासिर साहब मौजूद रहे।भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का मुख्य उद्देश्य युवाओं का चरित्र निर्माण, अच्छे स्वास्थ्य की आदतों को बढ़ावा देना और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण है। संगठन का आदर्श वाक्य तैयार रहो इन कार्यों में युवाओं को हमेशा प्रेरित करता है। पंजाब की जिला यूनिटें पहले से ही सक्रिय होकर पीड़ित लोगों तक सहायता पहुंचा रही हैं और यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी व्यक्ति मदद से वंचित न रह जाए।बाढ़ प्रभावित इलाकों में सामग्री वितरण की यह सेवा पहल युवाओं के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण पर विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में महिला सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे संकल्प हब के तहत, एक 10-दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के नौवें दिन कवि नगर मोहल्ले में पोक्सो अधिनियम 2012 यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में चल रहा है। पोक्सो अधिनियम की जानकारी देते हुए टीम ने छात्रों को विस्तार से समझाया कि पोक्सो अधिनियम क्या है और यह कैसे 18 साल से कम उम्र के बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न और बाल पोर्नोग्राफी से बचाता है। सजा का प्रावधान को



लेकर बताया गया कि इस अपराध में दोषी पाए जाने पर कम से कम 3 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। इस दौरान महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, और निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 112, 181, 1076, 1090 जैसे महत्वपूर्ण टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी लोगों को बताया गया। इस कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की टीम से मनासामाजिक परामर्शदाता रविता चौहान और पैरामेडिकल रिंकी मौजूद थीं। इस तरह के जागरूकता अभियान से समाज में बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नाले में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे-9 स्थित सर्विस रोड पर एक नाले में 21 वर्षीय मजदूर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक युवक के परिजनों ने लूटपाट के बाद हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी के गांव कोटी पोखर निवासी मोहित का शव नेशनल हाइवे-9 राष्ट्रीय के सर्विस रोड पर स्थित एक नाले में मिला। सूचना मिलते ही पिलखुवा सीओ अनीता चौहान और थाना अध्यक्ष पटनीश कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जाँच में जुट गए। मृतक मोहित के भाई रोहित सिंह ने बताया कि दो महीने पहले मृतक मोहित हापुड़ आया था और जिंदल पाइप्स लिमिटेड में काम कर रहा था। हाल ही में उसने यह नौकरी छोड़ दी थी और मंगलवार को उसे एक नई नौकरी मिली थी। आरोप है कि उसी दिन मोहित दोपहर से लापता था। मोहित का शव पिलखुवा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस रोड पर एक नाले में मिला। मोहित की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मोहित के भाई रोहित सिंह के अनुसार मोहित के गले पर चोट के निशान थे, जिससे उन्हें शक है कि यह लूटपाट के बाद की गई हत्या है। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर



रही है। उन्होंने बताया कि यह मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध है और मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और लोगों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जेएमएस के खिलाड़ियों ने सहारनपुर में लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** 16 व 17 अगस्त 2025 को सहारनपुर स्थित डा. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित सब-जूनियर स्टेट कुरास चैंपियनशिप में जेएमएस स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। 25 किग्रा बालक वर्ग में अभिषेक ने गोल्ड, 30 किग्रा बालक वर्ग में युग भट्टा ने गोल्ड, 35 किग्रा बालक वर्ग में यथार्थ ने ब्रॉन्ज, 40 किग्रा बालक वर्ग में मनु शर्मा ने सिल्वर, 45 किग्रा बालक वर्ग में विराट मावी ने गोल्ड, लकी शर्मा ने ब्रॉन्ज हासिल किया। गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी अब 10 से 13 सितंबर तक छत्तीसगढ़ के रायपुर में इंडियन कुरास एसोसिएशन के तत्वावधान में होने



वाली नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे।

जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंगल ने कहा कि स्कूल हापुड़ का एकमात्र ऐसा संस्थान है, जहाँ छात्रों को खेल की सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रधानाचार्या डा. निधि मलिक ने खिलाड़ियों व जूडो कोच प्रिंस यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर दीपांशु गर्ग, खेल प्रशिक्षक अमित प्रताप, अंकुर पूनिया त्यागी सहित अन्य शिक्षक व खिलाड़ी मौजूद रहे।

# परिवहन विभाग ने पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में नो हेलमेट, नो पेट्रोल अभियान को सख्ती से लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सितंबर महीने में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एआरटीओ रमेश चौबे और पीटीओ आशुतोष उपाध्याय ने शहर के कई पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया।

निरिक्षण के दौरान अधिकारियों ने बिना हेलमेट आए कई वाहन चालकों को न केवल समझाया, बल्कि उनका चालान भी किया। उन्हें चेतावनी दी गई कि नियम तोड़ने पर भारी जुर्माना भरना पड़ेगा। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों को समझाया कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि



उनकी अपनी सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है, क्योंकि सड़क हादसों में सबसे ज़्यादा मौतें सिर की चोट से होती हैं। इस दौरान अधिकारियों द्वारा सभी पेट्रोल पंप कर्मचारियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि बिना हेलमेट किसी को भी पेट्रोल न दें, वरना उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है।

## एक नजर

### ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत 3 वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ देहात, थाना धौलाना और थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने 3 वारंटीयों को उनके मसकन से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा मारुफ पुत्र अख्तर निवासी ग्राम सलाई थाना हापुड़ व जावेद पुत्र नन्नू निवासी कस्बा व थाना धौलाना जनपद हापुड़ और कलवा पुत्र अमीचंद निवासी सिकंदरपुर थाना बहादुरगढ़ को उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए वारंटी न्यायालय से विभिन्न मामलों में गैरहाजिर चल रहे थे। जिनके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किए थे। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर फरार वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि फरार वारंटी की गिरफ्तारी हेतु ऑपरेशन तलाश अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

### युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व जानलेवा हमला करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी युवक के खिलाफ एक युवती द्वारा थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था कि आरोपी युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे डाला और युवती पर जानलेवा हमला भी किया। संबंधित मामले में युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोप युवक के खिलाफ संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था और पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। थाना प्रभारी ने बताया कि गुरुवार को पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व जानलेवा हमला करने के मामले में फरार आरोपी पवन पुत्र स्व. शीशपाल सिंह उर्फ शीशू निवासी ग्राम रजापुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड को गांव हसुपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### थाने के गेट पर रील बनाने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखवा थाने के गेट पर रील बनाने वाले तीन युवकों को थाने के गेट पर रेल बनाना भारी पड़ गया। पुलिस ने थाने के गेट पर रेल बनाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मारपीट के एक मामले में गिरफ्तार तीन युवकों द्वारा थाना पिलखुवा के गेट पर रील बनवाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो का थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए थाने के गेट पर रील बनवाने वाले तीन आरोपी विकास उर्फ विक्की पुत्र नरेन्द्र सिंह, अशरफ पुत्र रियाजुद्दीन और सोनू पुत्र महीपाल निवासी ग्राम गालन्द थाना पिलखुवा जनपद हापुड को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था बिगड़ने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस प्रकार का कोई भी कृत्य ना करें जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़े।

### गैंगस्टर में फरार दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे दो बदमाशों को मुखबिर की सूचना के आधार पर उनके घर से गिरफ्तार किया गया है।

थाना प्रभारी निरिक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे दो बदमाश अंकित सिंह पुत्र लल्लन सिंह निवासी असौली सुरासा थाना कोतवाली शहर जनपद हरदोई और दीपक सिंह पुत्र बाबूराम निवासी प्रगति नगर थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई व हाल निवासी- जलनिगम रोड बाला गंज थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ को मुखबिर की सूचना के आधार पर उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। दोनों बदमाश गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे थे। जिनको पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

# महिलाओं व किशोरियों को स्वास्थ्य पोषण के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** जिले में संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के तहत एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस 10 दिवसीय कार्यक्रम का विषय महिला एवं किशोरी स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता था, जो 2 सितंबर से 12 सितंबर, 2025 तक चला। जिसका उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक करना था। जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग ने अपनी विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पांसरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, भारत सरकार द्वारा संचालित सभी टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुमन अग्रवाल, सोनिया सेंटर मैनेजर, सुरक्षा गार्ड पुष्पेंद्र और अन्य शिक्षिकाएं भी मौजूद रही।

# जीएस कॉलेज में 10वें आयुर्वेद दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल पिलखुवा में 10वें आयुर्वेद दिवस समारोह 2025 का आरंभ बड़े उत्साह के साथ हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की निदेशक सोनाली शर्मा जी के करकमलों, एवं प्रधानाचार्या प्रो. भावना सिंह, उप-प्रधानाचार्या डा. जीना पटनायक एवं एमएस डा. प्रवीन गोयल के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर निदेशक ने आयुर्वेद के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद आज केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य और कल्याण का आधार बन चुका है। उद्घाटन के पश्चात जन-जागरूकता हेतु भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

रैली का उद्देश्य आम जनता तक आयुर्वेद के संदेश को पहुँचाना और आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम को साकार करना रहा। आगामी दिनों में भी विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा,

जिनमें वॉकाथॉन, पोस्टर प्रतियोगिता, वेलनेस प्रोग्राम, प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, पारंपरिक परिधान दिवस और 23 सितम्बर को समापन अवसर पर भगवान धन्वंतरि का हवन, रंगोली प्रतियोगिता एवं संस्कृत क्लब द्वारा स्किट का



आयोजन प्रमुख हैं।

जीएस आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल परिवार ने सभी छात्रों एवं समुदाय से इन आयोजनों में सक्रिय भागीदारी करने का आहवान किया है।

# पंडित गोपाल शर्मा ने दूरसंचार कंपनियों के खिलाफ जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने हाल ही में हापुड़ में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक बैठक में दूरसंचार कंपनियों और गन्ना किसानों के मुद्दों को उठाया।

पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि दूरसंचार कंपनियां अपने ग्राहकों से साल में 13 महीने का रिचार्ज करवाती हैं, जबकि कर्मचारियों को केवल 12 महीने का वेतन देती हैं। उन्होंने इसे ग्राहकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया और भारत सरकार व दूरसंचार मंत्रालय से इस मामले पर ध्यान देने की अपील की। उनका मानना है कि यह कदम जनहित में होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों की खराब आर्थिक स्थिति पर भी बात



की। उन्होंने बताया कि शुगर मिलों पर किसानों का करोड़ों रुपये बकाया है, लेकिन राजस्व कर्मचारी किसानों पर वसूली का दबाव बना रहे हैं। इस स्थिति के कारण किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं, जो कि एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बात है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल की बाढ़ के कारण किसानों की फसलें भी बर्बाद हो गई हैं। पंडित शर्मा ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी किसानों, मजदूरों, युवाओं और बढ़ती बेरोजगारी जैसी समस्याओं को लेकर गंभीर और चिंतित है। इस मौके पर हापुड़ के जिलाध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी हमेशा जनहित में काम करती रहेगी। बैठक में मेरठ मंडल अध्यक्ष निर्देश कुमार, पंडित हरिदत्त शर्मा, डा. सलीम, विशाल त्यागी, रिंकू त्यागी, और उज्जवल शर्मा सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# भारत के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हापुड़ का गांव रतनगढ़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में गंगा के किनारे बसे रतनगढ़ गाँव में पिछले तीस सालों से पुलिस थाने में एक भी शिकायत दर्ज नहीं हुई है और न ही किसी ग्रामीण पर कोई मुक़दमा चला है। इस गाँव में जब भी कोई छोटा-मोटा विवाद होता है, तो गाँव के बड़े-बुजुर्ग मिलकर उसे आपस में ही सुलझा लेते हैं। उनका फ़ैसला सभी ग्रामीणों के लिए सर्वमान्य होता है। शिक्षा और जागरूकता की बात करें तो गाँव के ज्यादातर लोग शिक्षित हैं और नौकरी भी करते हैं। शिक्षा के महत्व को समझते हुए उन्होंने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। रतनगढ़ को तो पूर्ण साक्षर गाँव भी घोषित किया जा चुका है। इस गाँव में कोई भी व्यक्ति नशा नहीं करता है। यह एक बड़ा कारण है कि यहाँ



लड़ाई-झगड़े और विवाद नहीं होते। गांव रतनगढ़ के लोग मुख्य रूप से किसान हैं। वे जैविक खेती करते हैं, जिससे उन्हें अच्छी पैदावार और ज्यादा कमाई होती है। गाँव के 50 में से 30 परिवारों के पास अपनी कार और ट्रैक्टर जैसी सुविधाएँ हैं। इसके अलावा, करीब 20 किसान ऐसे हैं जिनके पास एक हज़ार बीघा से ज्यादा ज़मीन है। रतनगढ़ गाँव की यह अनोखी कहानी दिखाती है कि अगर लोग आपसी समझ, सम्मान और अनुशासन के साथ रहें, तो बिना पुलिस या कोर्ट-कचहरी के भी शांति और सद्भाव से जीवन बिताया जा सकता है। यह गाँव न सिर्फ़ अपनी साक्षरता के लिए, बल्कि अपनी एकता और शांति के लिए भी एक मिसाल पेश करता है।

# खैर की तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा की क्राइम रिस्पांस टीम व फेज 2 थाना पुलिस ने 50 लाख की प्रतिबंधित खैर लकड़ी के साथ 2 तस्करों को धर दबोचा है। दोनों बिहार से लकड़ी लेकर दिल्ली एनसीआर में आते थे। प्रतिबंधित लकड़ी को दिल्ली एनसीआर के कई शहरों में सप्लाई किया जाता था। आरोपियों के कब्जे से 50 लाख की कीमत की 55 क्विंटल लकड़ी बरामद की गई है।



डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सटीक इंटेलिजेंस मिला था कि एक गाड़ी में केले के पत्तों के बीच में प्रतिबंधित लकड़ी ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए 2 तस्करों को धर दबोचा। दोनों की पहचान रविंद्र व ताज खान के रूप में हुई है। दोनों को फेज 2 के ककराला टी प्वाइंट के समीप से पकड़ा गया है।पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी खुद से ही केले की फर्जी रसीद तैयार कर लेते थे। केले व केले के पत्ते की फर्जी रसीद तैयार कर आरोपी उसके बीच में छिपाकर खैर लकड़ी की तस्करी करते थे। बिहार के मधुबनी में अवैध रूप से यह लकड़ी काटी जाती है। इसको काटना प्रतिबंधित है। इसको काटने के लिए वन विभाग द्वारा पास जारी किया जाता है।

**महंगे दाम में बेचते थे:** आरोपी प्रतिबंधित लकड़ी को महंगे दाम में बेचते थे। कई सप्लायर आरोपियों के संपर्क में थे। उनको एक बार में लकड़ी बेचने के बाद आरोपी वापस बिहार चले जाते थे। सप्लायर फुटकर में आगे माल को बेचते थे। इसके लिए बाकायदा एक चेन सिस्टम के तहत काम हो रहा था।

## वकीलों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी में चल रही वकीलों की अनिश्चितकालीन हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। तहसील दादरी से सब रजिस्ट्रार कार्यालय को ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थानांतरण किए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं और किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को मुख्य मार्गों से जुलूस निकाला। वकीलों का कहना है कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय का स्थानांतरण रद्द न किया जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। दादरी तहसील स्थित बार एसोसिएशन कार्यालय में गुरुवार को चौथे दिन भी अधिवक्ता और किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। वहां से नारेबाजी करते हुए तहसील गेट पर पहुंचे। तहसील गेट से जीटी रोड पर मुख्य तिराहा और रेलवे रोड होते हुए तहसील परिसर पहुंचे। सब रजिस्ट्रार कार्यालय का ग्रेनो वेस्ट में स्थानांतरण किए जाने की विरोध में नारेबाजी की गई।

# नोएडा प्राधिकरण के सीईओ का बड़ा एक्शन

### एक से पांच लाख के कार्य पर रोक, दो करोड़ के कार्यों के टेंडर रोके, मांगा दो साल का ब्यौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने बड़ा एक्शन लिया है। सीईओ ने आदेश जारी कर सिविल , अन्य खंडों में कोटेशन के जरिए 1 से 5 लाख तक के सभी कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।

इसी तरह सिविल, जल विद्युत यांत्रिकी , उद्यान , जन स्वास्थ्य और अन्य विभागों से संबंधित सिविल और अनुरक्षण कार्य जिनकी लागत 2 करोड़ की सीमा में है। ऐसे कार्यों की सैद्धांतिक स्वीकृति अपर मुख्य कार्य पालक अधिकारी से मिलती है। इन सभी कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। बिना सीईओ की अनुमति के अब कार्यों के लिए टेंडर नहीं होंगे।सीईओ ने कोटेशन के जरिए 1 से 5 लाख तक और 2 करोड़ तक के सैद्धांतिक स्वीकृति वाले वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 तक के सभी कार्यों की सूची एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए है। इस आदेश के बाद प्राधिकरण के सभी विभागों में हड़कंप मच गया है। सीईओ ने इन दोनों आदेशों को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए लिखित ऑर्डर जारी किया है।

**अधिकारों का किया जा रहा दुरुपयोग:** सीईओ लोकेश एम ने बताया कि अक्सर देखा गया है कि 1 से 5 लाख के कार्यों को आकस्मिक या आपताकालीन परिस्थितियों में दिखाते हुए बिना ई टेंडर प्रक्रिया या कोटेशन के माध्यम से कार्यों को करवाकर उनका भुगतान किया जा रहा है।

यही नहीं शीर्ष अधिकारियों को उसकी पत्रावली तक नहीं दिखाई जा रही। जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। ऐसे में अधिकारियों की ओर से अपने अधिकारों का दुरुपयोग स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में सभी कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

**दो करोड़ के कार्यों के लिए लेनी होगी अनुमति:** दो करोड़ के कार्यों के लिए भी है। एसीईओ स्तर से सैद्धांतिक स्वीकृति के बाद टेंडर प्रकिया की जा रही है। ऐसे में सड़क निर्माण , अनुरक्षण और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की टेंडर प्रक्रिया करने से पहले मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अनुमति लेनी होगी। जिसके बाद टेंडर जारी किए जा सकेंगे।

**दो साल का मांगा कार्यों का ब्योरा:** प्राधिकरण सीईओ ने दोनों आदेशों में 2023-24 और 2024-25 के सभी 1 से 5 लाख और सैद्धांतिक स्वीकृति के आधार पर 2 करोड़ की सीमा में कराए गए कार्यों का ब्योरा मांगा है। ये ब्योरा संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में देना होगा। जिनके पत्रावलियों की जांच की जाएगी। जिसके बाद भी इस प्रकार के कार्यों की रोक हट सकती है। हालांकि जब तक कार्यों का ब्योरा स्पष्ट नहीं होता तब तक रोक रहेगी।

# एक एप से एनएमआरसी-डीएमआरसी के मिलेंगे टिकट

**अलग-अलग एप डाउनलोड नहीं करना होगा, 70 हजार को फायदा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने अपने मोबाइल ऐप एनएमआरसी टिकट के जरिए डीएमआरसी के क्यू आर कोड टिकट बुक करने की सुविधा शुरू की है। यह सुविधा डीएमआरसी के मोबाइल ऐप दिल्ली मेट्रो सारथीष पर भी उपलब्ध है।



इसकी लॉन्चिंग की गई। इस प्रकार, मुसाफिरों के पास अब किसी एक मोबाइल ऐप का उपयोग करने का विकल्प होगा, जिसके माध्यम से वे एनएमआरसी और डीएमआरसी दोनों के लिए टिकट बुक कर सकते हैं। इससे नोएडा के 70 हजार मुसाफिरों को फायदा होगा।

**एप में मिलेंगे दोनों आप्शन:** इस ऐप की लॉन्चिंग एनएमआरसी के एमडी लोकेश एम ने की। उन्होंने कहा कि एप में दोनों आप्शन दिए गए है। वो एनएमआरसी और डीएमआरसी दोनों का क्यूआर कोड जनरेट कर सकते है। बस विकल्पों को चुनना होगा। बता दे एनएमआरसी की एक्वा लाइन पर रोजाना 70 हजार की राइडर शिप है। एक्वा मेट्रो के मुसाफिरों को डीएमआरसी में सफर करने के लिए उनका एप डाउनलोड करना पड़ता था।

**एक एप से दोनों की सुविधा:** इसलिए एक्वा मेट्रो के एप की उपयोगिता बढ़ नहीं पा रही थी। ऐसे में एनएमआरसी प्रबंधन ने यात्री सुविधा के तहत एप अपग्रेडेशन का काम शुरू किया कि डीएमआरसी प्रबंधन से संपर्क कर एक्वा मेट्रो के एप में डीएमआरसी के टिकट क्यूआर कोड की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एग्रीमेंट किया।

इसके बाद एक्वा मेट्रो एप के अपग्रेडेशन किया गया। चार महीने में इस एप को लॉन्च किया गया। अब एनएमआरसी और डीएमआरसी के एप में दोनों के क्यूआर कोड की सुविधा मिलेगी।

## बीएस बिल्डटेक का आफिस सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी तहसील की टीम ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16 स्थित बीएस बिल्डटेक बिल्डर के कार्यालय को सील कर दिया। यह कार्रवाई बिल्डर पर यूपी रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) की रजिस्ट्रेशन शुल्क (आरसी) की 1. 92 करोड़ रुपये की बकाया राशि न चुकाने पर की गई। नोटिस देने के बावजूद भी बिल्डर ने भुगतान नहीं किया।

**कई बार दिया गया नोटिस:** एसडीएम दादरी अनुज नेहरा ने बताया कि बीएस बिल्डटेक को कई बार नोटिस जारी कर पैसे जमा करने का मौका दिया गया, लेकिन बिल्डर ने भुगतान नहीं किया। इसके बाद मुनादी कराई गई। अब टीम ने बिल्डर के कार्यालय को सील कर दिया। इसके साथ ही बिल्डर की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

**रुद्रा बिल्डवेल ने जमा किया बकाया:** बिल्डर रुद्रा बिल्डवेल इंफ्रा और इंटलेक्ट प्रोजेक्ट्स के खिलाफ भी यूपी रेरा की रजिस्ट्रेशन शुल्क की 1.44 करोड़ रुपये की बकाया राशि थी। तहसील की टीम उस बिल्डर के कार्यालय को भी सील करने पहुंची, लेकिन मौके पर ही बिल्डर ने बकाया राशि जमा कर दी। उसकी संपत्ति को सील होने से बचा लिया गया।

**सख्त है यूपी रेरा:** यूपी रेरा बिल्डरों के बकाया मामले में बेहद सख्त है। निवेशकों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए यूपी रेरा लोगों के हित में निर्णय सुना रहा है। जो बिल्डर बकाया राशि जमा नहीं कर रहा है उनके आफिस को सील कर दिया जा रहा है।

## एक नजर

### फ्लिपकार्ट डिलीवरी बॉय की हत्या

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के इकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र में एक फ्लिपकार्ट डिलीवरी बॉय की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान अलीगढ़ के बिसारा निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ विनय उर्फ टीटू के रूप में हुई है। जितेंद्र का शव हल्दौनी गांव में उस्मान फार्म हाउस के पास स्थित उसके कमरे में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। मृतक के भाई रवि कुमार ने बताया कि घटना से एक रात पहले जितेंद्र ने उनसे फोन पर बात की थी। वह काफी डरा हुआ था और धमकियों की बात कर रहा था। रवि ने पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। आरोपियों में तीन भाई जितेंद्र, मनोज, धर्मेंद्र और उनके पिता राजेंद्र सिंह के साथ मुबारक शामिल हैं। रवि के अनुसार वर्ष 2020 में भी इन्हीं लोगों ने जितेंद्र पर जानलेवा हमला किया था, जिसका मुकदमा अलीगढ़ के थाना गभाना में दर्ज है।

घटना की जानकारी 5 सितंबर की सुबह 5 बजे मकबूल अहमद के फोन से मिली। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव मिलने के समय एक अन्य युवक भी वहां रहता था, जो मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकानदार महिला पर हत्या की धमकी देने का आरोप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में फोटोकॉपी के अधिक रुपये मांगने को लेकर दुकानदार और ग्राहक के बीच विवाद हो गया। ग्राहक ने महिला दुकानदार और उनकी बेटी पर अभद्रता करने और हत्या करवाने की धमकी देने का आरोप लगा केस दर्ज कराया है। सेक्टर-40 में रहने वाले अजय गोयल ने पुलिस को बताया कि सेक्टर के एफ ब्लॉक में निम्मी चौहान जय दुर्गे के नाम से फोटोकॉपी की दुकान चलाती हैं। वह सात सितंबर की शाम कुछ दस्तावेज की फोटोकॉपी कराने और प्रिंट निकलवाने दुकान पर गए। इनमें से कुछ रंगीन और कुछ सामान्य थे। इसकी एवज में दुकानदार महिला ने 515 रुपये मांगे।

उन्होंने रुपये अधिक मांगने का विरोध किया। आरोप है कि दुकानदार महिला निम्मी चौहान और उसकी बेटी ने गाली-गलौज शुरू कर दिया। अजय ने अपनी पत्नी को बुला लिया। आरोपी मां-बेटी ने उनके साथ भी अभद्रता की और हत्या करवाने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मां-बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा करवाने का आरोप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कासना कोतवाली में न्यायालय के आदेश पर युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है। महिला ने उस पर बिना रुपये दिए जमीन का बैनामा करवाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इमलिया गांव निवासी किरण ने न्यायालय को बताया कि दनकौर के चुहड़पुर बांगर गांव में उसकी जमीन थी,जिसको बेचने के लिए नोएडा के चौड़ा गांव निवासी अमित से सौदा तय हुआ। किरण का आरोप है कि अमित ने बतौर बयान पांच लाख रुपये नगद दिए। इसके अलावा उसे 17 लाख रुपये उनके खाते में जमा कराने थे और 24 लाख रुपये नगद देने थे।

अमित ने खाते में रुपये जमा नहीं किए और धोखाधड़ी कर रजिस्ट्री करा ली। उसने कहा कि खाते में रकम ट्रांसफर कर दी गई है। तकनीकी खराबी के चलते मैसेज नहीं आया। काफी दिन बाद भी उनके खाते में रुपये नहीं आए। महिला का आरोप है कि अमित ने धोखाधड़ी कर उनकी जमीन और रुपये दोनों हड़प लिए। पुलिस ने अब न्यायालय के आदेश पर आरोपी अमित के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच जुटी है।

### किसानों को मिले छह फीसद के आबादी प्लाट, लंबे समय से थी मांग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में किसानों को 6 फीसद के आबादी प्लाट बृहस्पतिवार को मिल गए है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से प्लाट का आवंटन पत्र सौंपने के लिए दादरी विधायक तेजपाल नागर को बुलाया गया। विधायक की मौजूदगी में किसान प्लाट पाकर खुश दिखे। लंबे समय से किसान प्लाट की मांग कर रहे थे। उनकी जमीन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहण की गई थी।

**विधायक बोले भाजपा किसानों की हितैषी:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में किसानों को संबोधित करते हुए दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की हितैषी है। हमेशा भाजपा ने किसानों की समस्याओं का समाधान किया है। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग का प्रमुखता से हल कराया जा रहा है। जिन किसानों को प्लाट नहीं मिले है जल्द ही उनको भी प्लॉट मिलेगा। सूरजपुर के किसान 6 फीसद प्लाट की पिछले कई सालों से मांग कर रहे थे। उनकी मांग को दादरी विधायक द्वारा शासन में भी उठाया गया। किसानों का कहना है कि प्लाट पाकर उन्होंने राहत की सांस ली है।

## निक्की हत्याकांड : आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय की निचली अदालत (लोअर कोर्ट) ने गुरुवार को निक्की की हत्या के आरो. पियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोपी पक्ष के अधिवक्ता अब सत्र न्यायालय (सेशन कोर्ट) में जमानत के लिए आवेदन की तैयारी का रहे हैं। सिरसा गांव में 21 अगस्त की शाम दहेज के लिए विवाहिता निक्की की जलाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में निक्की की बहन कंचन ने कासना कोतवाली में निक्की के पति विपिन, ससुर सत्यवीर, सास दया और जेठ रोहित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था। सभी आरोपी जेल में बंद हैं। पुलिस इस प्रकरण की जांच कर रही है।

इस मामले में आरोपी पक्ष के अधिवक्ता ने निचली अदालत में जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने मजबूती से अपना पक्ष रखते हुए आरोपियों की जमानत का विरोध किया। अदालत ने घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। निक्की पक्ष के अधिवक्ता दिनेश कुमार कल्सन एडवोकेट और उधम सिंह एडवोकेट ने बताया कि आरोपी पक्ष सेशन कोर्ट में बेल एप्लीकेशन फाइल करने की तैयारी कर रहा है। अभियोजन पक्ष द्वारा सेशन कोर्ट में भी बेल खारिज करने के लिए अप्रोच किया जाएगा। अभियोजन पक्ष हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक भी पैरवी करेगा। अस्पताल में निक्की ने बयान नहीं दिया एडवोकेट दिनेश कुमार कल्सन ने बताया कि अस्पताल में निक्की ने कोई बयान नहीं दिया।

## नोएडा में सात जगहों पर आईटी की रेड

**नोएडा।** आयकर विभाग (आईटी) ने गुरुवार सुबह नोएडा के सेक्टर 44 स्थित स्टेलर अपार्टमेंट्स में छापा मारा। यह कार्रवाई रेड टेप कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों के परिसरों पर की जा रही है। टैक्स चोरी और अनअकाउंटेड लेनदेन की जानकारी के आधार पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आयकर विभाग की कई टीमें सुबह करीब 7 बजे से एक साथ नोएडा में 7 स्थानों और देशभर में 38 स्थानों पर छापा मार रही हैं। नोएडा और कानपुर की आयकर इकाइयों की टीमें इस ऑपरेशन में शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई अनअकाउंटेड लेनदेन और काले धन से संबंधित दस्तावेजों की जांच के लिए शुरू की गई है। रेड लगभग एक से दो दिनों तक चलने की उम्मीद है।

## छात्र-छात्राओं को बाल संरक्षण और महिला कल्याण योजनाओं की दी गई जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचा. लित ष्संकल्पष हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत सितंबर माह में 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज उच्च प्राथमिक विद्यालय ककराला बिसरख तहसील सदर में शिक्षक, शिक्षिकाएं/स्कूल की छात्र-छात्राओं को पोक्सो अधिनियम पर कार्यक्रम कर जानकारी प्रदान की गई।



पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत बाल सभा, बाल विवाह, बाल यौन शोषण की रोकथाम, बच्चों के अधिकार पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम के बारे में बताया गया, जिसमें संक्षेप में बाल सभाएँ न केवल बच्चों को ज्ञान और कौशल प्रदान करती हैं, बल्कि समुदायों में बाल संरक्षण के प्रति एक मजबूत और सहभागी दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं, जो बाल विवाह और बाल शोषण जैसी हानिकारक प्रथाओं को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है, के बारे में जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 , गुड टच बेड टच और पॉक्सो अधिनियम पर प्रकाश डाला गया। साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, रानी लक्ष्मीबाई योजना के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया तथा कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से डी0एम0सी मीनाक्षी, जेंडर स्पेशलिस्ट सुनीता एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक रेखा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर करेत्तर, राजस्व संग्रह की मासिक व आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा राजस्व वसूली को लेकर निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने स्टांप शुल्क, वाणिज्य कर, आबकारी, विद्युत, अन्य समस्त संबंधित विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन के द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसी के सापेक्ष अपनी कार्य योजना तैयार करते हुए राजस्व वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओवरलोडिंग वाहनों पर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए अधिक से अधिक राजस्व वसूली में वृद्धि की जाए। इसी प्रकार वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीएसटी वसूली में वृद्धि करना सुनिश्चित करें। उन्होंने खनन अधिकारी को निर्देश दिए कि उनके द्वारा अधिक से अधिक एनफोर्समेंट कार्य किए जाएं ताकि अधिक से अधिक राजस्व वसूली सुनिश्चित कराते हुए लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।

जिलाधिकारी ने इसी के साथ ही आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, मनोरंजन कर विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, स्टांप विभाग आदि विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभागों के द्वारा अपनी कार्य योजना तैयार करते हुए इस प्रकार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए की शासन के द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किया गया, उसी के अनुरूप राजस्व वसूली करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।

कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल पर जिन-जिन विभागों के प्रकरण लंबित चल रहे हैं, उनका तत्काल संज्ञान लेते हुए शत् प्रतिशत पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की आइजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही बरतने के कारण बॉटम 10 पर आने पर संबंधित अधिकारी का 1 दिन का वेतन काटने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिला अधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय, दुर्गेश सिंह, चारुल यादव, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, जिला अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सियाराम वर्मा, जिला प्रशासन एवं पुलिस के संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## जिले में पेट्रोल मशीन से ही होगी हाइब्रिड गाड़ियों की प्रदूषण जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में पेट्रोल मशीन से ही हाइब्रिड गाड़ियों की प्रदूषण जांच होगी। लंबी चली मशक्कत के बाद परिवहन विभाग ने इस पर फैसला लिया है। हाइब्रिड कार मालिक गाड़ियों की प्रदूषण जांच कहां कराए इसको लेकर परेशान थे। उन्हें चालान का भी खतरा था। परिवहन विभाग के मुताबिक भारत में, कानून के अनुसार, प्रत्येक वाहन के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम, 1989 और मोटर वाहन अधिनियम, 1988 इसे अनिवार्य बनाते हैं। वाहनों को समय-समय पर प्रदूषण परीक्षण करवाना अनिवार्य है। हाइब्रिड वाहन कम प्रदूषणकारी और विद्युतीकृत होने के बावजूद भी इससे मुक्त नहीं हैं।

परिवहन विभाग के अनुसार हाइब्रिड वाहन मालिक इस सवाल को लेकर परिवहन विभाग में पहुंचते थे कि वाहन की प्रदूषण जांच किस जगह कराएं। प्रदूषण जांच केंद्रों में डीजल और पेट्रोल वाहनों की जांच के लिए ही मशीन होती हैं। परिवहन विभाग के अधिकारी विनय सिंह ने कहा कि हाइब्रिड वाहनों की जांच पेट्रोल गाड़ियों के प्रदूषण जांच मशीन से ही होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए गाड़ी को पेट्रोल मोड में करना होगा, जिसके बाद मशीन से जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि हाइब्रिड कार की प्रदूषण जांच का शुल्क वहीं लगेगा, जो पेट्रोल कारों का लगता है। जिले के 100 से अधिक वाहन प्रदूषण जांच केंद्रों पर यह सुविधा है। 6436 स्ट्रांग हाइब्रिड गाड़ियां पंजीकृत हैं जिले में परिवहन विभाग के अनुसार जिले में 6436 स्ट्रांग हाइब्रिड गाड़ियां पंजीकृत हैं। इन गाड़ियों पर ही सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है।

## कॉलेज में सहपाठियों ने छात्र के सिर पर कुर्सी मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित निजी कॉलेज में सहपाठियों ने छात्र के सिर पर कुर्सी मारी दी। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। घायल छात्र के भाई की शिकायत पर पुलिस ने छह आरोपी छात्रों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक नोएडा पर्थला गांव का रहने वाला कृष्ण एक निजी कॉलेज से बीएससी की पढ़ाई कर रहा है। परि. जनों ने बताया कि कृष्ण बुधवार को घर से कॉलेज गया था। कॉलेज में साथी छात्रों ने उसे बुरी तरह पीटा। लोहे की कुर्सी से सिर पर हमला कर दिया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी। घटना की सूचना पर परिवार के लोग कॉलेज पहुंचे और सुरक्षाकर्मी की मदद से उसे नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल छात्र का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# आईएएस की शिकायत करने वाले अफसरों का ट्रांसफर

**महिला अधिकारियों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया, सीएम योगी को पत्र भेजा था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आईएएस अधिकारी और अपर आयुक्त नोएडा संदीप भागिया का विरोध करने वाले अधिकतर अधिकारियों को बुधवार को हटा दिया गया। इन अधिकारियों को अन्य पदों पर तैनाती दी गई है।




दरअसल, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद की महिला अधिकारियों ने पांच अगस्त को मुख्यमंत्री के नाम एक शिकायती पत्र भेजा था। इसमें आईएएस अधिकारी और राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड-1 संदीप भागिया पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया। संदीप भागिया के पास गाजियाबाद का भी कार्यभार है।

**14 अधिकारियों के ट्रांसफर:** विशेष सचिव राज्य कर श्याम नारायण ने बुधवार को इस संबंध में ट्रांसफर ऑर्डर जारी कर दिया। राज्य कर विभाग ने कुल 14 अधिकारियों के ट्रांसफर किए। सहायक आयुक्त वंदना सिंह को सचल दल इकाई गौतमबुद्धनगर से हटाकर उच्च न्यायालय प्रयागराज में तैनात किया गया है।

**कौन कहां भेजा गया:** शिखा सिंह सहायक आयुक्त सचल दल इकाई पांच गौतमबुद्धनगर से महोबा, रोहित रावत सहायक आयुक्त सचल दल इकाई दो गौतमबुद्धनगर से टैक्स ऑडिट अयोध्या भेजे गए हैं।

प्रियंका सचल दल इकाई गौतमबुद्धनगर से उच्च न्यायालय कार्य के लिए लखनऊ, आलोक कुमार संयुक्त आयुक्त एसआईबी गौतमबुद्धनगर से उच्च न्यायालय कार्य के लिए प्रयागराज, विवेक आर्या अपर आयुक्त ग्रेड दो एसआईबी गौतमबुद्धनगर से मुरादाबाद और ज्योति भौंत कानपुर प्रथम से एसआईबी राज्य कर गौतमबुद्धनगर भेजी गई हैं।

सहायक आयुक्त प्रशांत कुमार राय महोबा से सचल दल इकाई गौतमबुद्धनगर, सुरेंदर कुमार टैक्स ऑडिट अयोध्या से सचल दल इकाई-5 गौतमबुद्धनगर भेजे गए हैं। अपर आयुक्त अनिल कुमार द्वितीय प्रतीक्षारत से अपील मथुरा, प्रशांत कुमार अपील मथुरा से एसआईबी कानपुर प्रथम भेजे गए हैं।

सहायक आयुक्त राजीव कुमार खंड-4 कानपुर से सचल दल इकाई तीन गौतमबुद्धनगर, सत्य ब्रत उपाध्याय आगरा से सचल दल इकाई एक गौतमबुद्धनगर भेजे गए हैं। कौशलेंद्र कुमार राय संयुक्त आयुक्त टैक्स ऑडिट से सहारनपुर से एसआईबी गौतमबुद्धनगर भेजे गए हैं।

## जेवर टोल प्लाजा पर किसान आंदोलन की नई तारीख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (महासभा) ने जेवर छोटे टोल को फ्री कराने के लिए प्रस्तावित आंदोलन की तारीख में बदलाव किया है। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा स्थित कैंप कार्यालय में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक महेन्द्र फौजी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 12 सितंबर की बजाय 20 सितंबर 2025 से आंदोलन शुरू करने का फैसला किया गया। यह निर्णय क्षेत्र में आई बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं के कारण लिया गया है।

प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने प्रदर्शन की तारीख आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। किसान यूनियन ने कहा कि वह हमेशा जनता के साथ खड़ी रही है। संकट की इस घड़ी में भी वह जनहित में काम करेगी।

संगठन ने क्षेत्र के किसानों, मजदूरों और नागरिकों से 20 सितंबर को जेवर छोटे टोल पर पहुंचने की अपील की है। उनका कहना है कि जब तक टोल फ्री नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं:जिलाधिकारी

## सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित समीक्षा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने गुरुवार को सीएम डैशबोर्ड से संबंधित विकास कार्यों की कड़ी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रैंकिंग खराब करने वाले अधिकारियों को प्रतिवादी प्रविष्टि दी गई और कार्यशैली में तत्काल सुधार लाने के निर्देश जारी किए गए।

अगस्त माह की रैंकिंग में जनपद को 10 में से 8.36 अंक प्राप्त हुए, कई विभागों की रैंकिंग संतोषजनक नहीं रही। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को कहा कि वे स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें, लाभार्थियों और शिकायतकर्ताओं से नियमित फीडबैक लें और कार्यों में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अगले एक माह के भीतर रैंकिंग में सुधार न होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में सी श्रेणी प्राप्त होने के कारण जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। अब तक 966 आवेदन स्वीकृत हुए, कुल 1352 आवेदन प्राप्त हुए और 600 सोलर सिस्टम स्थापित हो चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, विकास भवन में फैमिली आईडी कैंप के माध्यम से योजना के प्रचार-प्रसार और सही लाभार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के कड़े आदेश दिए गए। पंचायती राज विभाग में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने सख्त प्रतिक्रिया व्यक्त की। सचिवों के साथ बैठक कर पंचायत अधिक.ारियों के सेवा पुस्तिका में उनके कार्यों की समीक्षा दर्ज करने का आदेश दिया गया। 15वें वित्त आयोग में विभाग को सी श्रेणी और 5वें वित्त आयोग के अंतर्गत डी श्रेणी मिली, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों की गति और गुणवत्ता में सुधार अनिवार्य है। बेसिक शिक्षा विभाग में मध्या भोजन योजना और विद्यार्थियों की उपस्थिति में मिली बी श्रेणी, तथा निपुण परीक्षा आकलन में सी श्रेणी पर जिलाधिकारी ने कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों में बच्चों को समय पर और पर्याप्त पोषण सुनिश्चित किया जाए। निपुण परीक्षा आकलन में किसी भी अनियमितता, धीमी गति या कमजा.ेर कार्यप्रणाली को सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई का कारण माना जाएगा। सभी विद्यालयों में नियमित निरीक्षण, शिक्षकों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करना, बच्चों की उपस्थिति तथा परीक्षा आकलन की रिपोर्ट का प्रतिदिन मॉनिटरिंग अनिवार्य किया गया। श्रम विभाग को सभी श्रमिक योजनाओं के पंजीकरण और लाभ वितरण में तेजी लाने के आदेश दिए। ओडीओपी वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार वृद्धि और श्रम सम्मान योजना के क्रियान्वयन में तेजी करने के निर्देश दिए । सामूहिक विवाह योजना 02 नवंबर से आयोजित होगी। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना और अपात्र लाभ रोकना सभी विभागों की जिम्मेदारी होगी। डी श्रेणी वाले सभी विभागों को प्रतिवादी प्रविष्टि दर्ज की गई। इस दौरान अपर जिला.धिकारी वित्त/राजस्व, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक आदि मौजूद रहे।

## नेहरू इंटर कॉलेज में हार्टफुलनेस संस्थान की ओर से जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पिलाना स्थित श्रीनेहरू इंटर कॉलेज में गुरुवार को हार्टफुलनेस संस्थान की ओर से जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कॉमनवेल्थ और हार्टफुलनेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता की जानकारी दी गई तथा उन्हें सहज ध्यान का अभ्यास भी कराया गया।

सत्र के दौरान हार्टफुलनेस संस्थान के प्रशिक्षक पारितोष मित्तल और योगेंद्र कुशवाहा ने विद्यार्थियों को बताया कि 14 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस अंतर्राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने विचार पूरी दुनिया के सामने रख सकते हैं। यह प्रतियोगिता युवाओं को आत्मअभिव्यक्ति, लेखन कौशल और सृजनात्मक सोच का वैश्विक मंच उपलब्ध कराती है। प्रशिक्षकों ने छात्रों को समझाया कि नियमित अभ्यास और संतुलित दिनचर्या से पढ़ाई में एकाग्रता बनाए रखना आसान हो जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को ध्यान केंद्रित रखने, समय प्रबंधन करने और तनाव से दूर रहते हुए पढ़ाई करने के उपयोगी टिप्स भी साझा किए। ध्यान और आत्मअनुशासन ही सफलता की कुंजी है, और यदि युवा इसे जीवन में अपनाएँ तो वे शिक्षा के साथ-साथ अपने करियर और जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

## अधैड उम्र के व्यक्ति का वीडियो वायरल पुलिस कर रही मामले की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाला एक घटनाक्रम सामने आया, जहां एक अधैड उम्र के व्यक्ति की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है।

जिसमे वह रात्री के समय में एक कुत्तिया के साथ चारपाई पर लिटाकर अनेतिक संबंध बनाता हुआ दिखाई दे रहा है। इस घटनाक्रम की किसी ने छुपके से कई वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दी। जो अब जमकर वायरल हो रही है। वीडियो में अधैड व्यक्ति बेखबर होकर कुत्तिया के साथ कभी चारपाई पर तो कभी नीचे बार बार संबंध बनाने का प्रयास करता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। छपरौली पुलिस का कहना है, इस संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई तहरीर मिलने पर आरा.ेपी के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मुठभेड़ के बाद पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पठानकोट कस्बा बड़ौत निवासी आरिफ पुत्र फौजूद्दीन के रूप में हुई है।

एसपी सूरज कुमार राय के निर्देशन में पुलिस टीम रात्रि गश्त कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के पास से बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई बड़ौत कोतवाली में की जा रही है।



## एक नजर

### जागौस व शबगा गांव में यमुना नदी उतरने के बाद भी कटान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बडौत।** तहसील क्षेत्र के शबगा व जागौश गांव में यमुना नदी का जलस्तर घटने से यमुना नदी पर अधिक कटान होने से किसान बेहाल होते जा रहे हैं उन्हें अब और अधिक चिंता सताने लगी है कि यमुना नदी का जलस्तर तो घट गया है, मगर कटान और अधिक तेजी से चल गया अब खादर क्षेत्र के अलावा बांगर क्षेत्र में भी कटान शुरू हो गया है। गन्ने के खेतों में अधिक कटान होने से किसान अधिक परेशान होने लगे हैं न तो उनके सामने पशुओं के लिए चारा बचा न गन्ने की फसल बची। अब चीनी मिलों में भी अपना गन्ना नहीं डाल सकेंगे क्योंकि किसानों के पास गन्ने की फसल नहीं बची है गन्ने की खड़ी फसल यमुना नदी में समा गई है। समय किसान बेहद दुखी है उनकी आंखों में आंसू झलक रहे हैं। इस संबंध में जागौश गांव के इंद्रपाल शर्मा संजय शर्मा पप्पू शर्मा अजय त्यागी सुनील त्यागी अनिल त्यागी सुरेश शर्मा लव कुश शर्मा अमरीश शर्मा ओम दत्त शर्मा कालूराम शर्मा यशपाल हरिजन दिपन ईलम चंद कश्यप प्रमोद शर्मा लक्ष्मी नारायण शर्मा जयकुमार त्यागी रामभुल त्यागी आदि किसानों से बात की गई तो उनका कहना है कि अब किसानों के पास कुछ नहीं बचा है। फसल बर्बाद हो गई है रोजी-रोटी का संकट भी पैदा हो गया है। बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ चुका है। बिजली का बिल जमा करने में भी किसानो को चिंता सताने लगी है। किसान तो बिल्कुल बर्बाद हो चुका है अब आगे यह देखना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों के लिए कितनी सहायता करते हैं यह तो आने वाली मुआवजा राशि बता पाएगी दोनों गांव के किसान बिल्कुल बर्बाद हो चुके है। किसानों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि यमुना नदी पर बांध बनवाने लोहे से जाल की ठोकरें लगवाने किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। किसान यह भी बता रहे हैं कि हथिनी कुंड बैराज से आगे भी पानी छोड़ा गया तो किसानों को गांव छोड़ना पड़ेगा क्योंकि यमुना नदी का जलस्तर खेतों के साथ-साथ गांव की तरफ भी रुख करने लगा है। किसानों ने केंद्र और प्रदेश सरकार से सहायता राशि दिए जाने की मांग की है।

## हत्या के मामले में फरार चल रहा 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई में 25 हजार के इनामी अभियुक्त अनुज को गिरफ्तार किया है। अनुज एक सप्ताह पहले दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर सिसाना गांव के पास एलएलबी छात्र अंकुर की हत्या में शामिल था।

मृतक अंकुर के भाई मोनू की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। संतोषपुर निवासी अनुज की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने इनाम घोषित किया था। रात में मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध बाइक सवार दिखाई दिया। रुकने का इशारा करने पर उसने बाइक की रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस ने घेराबंदी की और मुठभेड़ में अनुज घायल हो गया। अभियुक्त के पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घायल अनुज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पर किया धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट पर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सैकड़ों शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षक सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का विरोध कर रहे हैं, जिसमें टीईटी परीक्षा को अनिवार्य किया गया है।

प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने बागपत एडीएम पंकज वर्मा को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षक विकास मलिक ने बताया कि 2011 से पहले चयनित शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा का आदेश नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने इस आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। आगे की रणनीति पर भी विचार किया जाएगा। शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश उनके हितों के खिलाफ है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

### जिलाधिकारी ने जनपद की रैंक सुधारने के लिए दिए कार्रवाई करने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जल निगम की अधूरी परियोजनाओं और जनता दर्शन में अधिकारी की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के कड़े आदेश दिए गए। अग्रवाल मंडी टटीरी में पेयजल योजना समय पर पूरा करना, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखना और परियोजनाओं का समयबद्ध हैंडओवर सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। परियोजना विवरण बोर्ड लगाना और आंगनवाड़ी केंद्रों की धीमी गति पर खंड विकास अधिका.रियों की जिम्मेदारी तय की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र पंचायत में आंगनवाड़ी के लिए सबसे पहले पैसे जारी किए जाएंगे। गौशालाओं का निरीक्षण हर दूसरे शनिवार नोडल अधिकारी द्वारा किया जाएगा। सरकारी योजनाओं का अंतिम लाभार्थी तक पहुँचना, पत्राचार की पूर्णता और अपात्र लाभ रोकना सभी विभागों की अनिवार्य जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने IGRS में जनपद की रैंक सुधारने के लिए विशेष समीक्षा और कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की देरी या त्रुटि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चकबंदी, SDM खेकड़ा, DIOS, पूर्ति निरीक्षक और अधिशासी अभियंता विद्युत को सभी कार्यों की तत्काल समीक्षा और सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारी निर्देशित किए गए कि रोजगार मेला समयबद्ध तरीके से आयोजित किया जाए, ताकि पात्र युवाओं को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार और नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

## विश्व हिंदू महासंघ युवा वृद्ध आश्रम में मनाएगा महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** विश्व हिंदू महासंघ युवा के प्रभारी डा.दीपक गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम गोस्वामी कालका पीठ दिल्ली विश्व हिंदू महासंघ को ब्रह्मलीन राष्ट्रीय संत महंत अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि मनाने के निर्देश दिए, जिसके अनुपालन में उत्तर प्रदेश प्रभारी बिल्लू प्रधान ने सभी जिलों को दायित्व सौपा, जिसको मनाने के लिए जिला कार्यालय पर एक मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें निर्णय लिया गया की पुण्यतिथि तितरोदा वृद्ध आश्रम में मनाई जाएगी, जिससे कि विश्व हिंदू महासंघ के माध्यम से जन-जन को वृद्ध आश्रम से जोड़ा जा सके तथा वह अपने आप को असहाय महसूस ना करें जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत हवन से की जाएगी तथा सभी वृद्धजनों के साथ भोजन प्रसाद व्यवस्था विश्व हिंदू महासंघ करेगा। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री केपी मलिक एवं जिलाधिकारी श्रीमती अस्मिता लाल विशिष्ट अतिथि एवं जिला सूचना एवं संपर्क अधिकारी राहुल भाटी को अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष वैभव राजपूत एवं महामंत्री डा.दिव्या उज्जवल के साथ जाकर आमंत्रित किया गया, जिसमें मंत्री सहित दोनों अधिका.रियों ने अपनी सहर्ष सहमति पुण्यतिथि में वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाने के लिए प्रदान की। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा सभी से निवेदन है। पुण्यतिथि में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी अपना योगदान प्रदान करके अपनी भूमि का निभाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर विश्व हिंदू महासंघ के सभी सदस्यों ने जिलाधिकारी अस्मिता लाल को निमंत्रण पत्र सौपा।



## शहीद सैनिक विक्रान्त राठी की तेरहवीं पर शोक सभा आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौ.रामकुमार सिंह एवं शहर कमेटी अध्यक्ष रामहरि पंवार के नेतृत्व में कांग्रेसियों का प्रतिनिधिमंडल देवेन्द्र चौहान रामकुमार मुखिया पुष्पेन्दर राणा रविन्द्र तोमर औकार दत्त शर्मा गागनोली गांव मे शहीद सैनिक विक्रान्त राठी पुत्र अंग्रेज राठी की तेरहवीं रस्म मे सम्मिलित हुए शोक सवेदनाए व्यक्त की। दिवंगत आत्मा के लिए प्रभु से शान्ति की प्रार्थना की। नागल भगवान पुर गांव मे नोबहार पंवार की तेरहवीं रस्म मे दिवंगत आत्मा की शांति के प्रभु से प्रार्थना की।

बडौली रोड बडौत बेकट हॉल मे निरपुडा निवासी बाबा चौ. रामकिशन राणा की तेरहवीं रस्म मे सम्मिलित हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की गई। कांग्रेस के सभी पदाधिकारीयों ने 2 मिनट का मौन धारण करते हुए मृतक परिजनों के प्रतिसंवेदना प्रकट की। इसी के साथ-साथ गांव टिकरी में महिला सहित तीन बच्चों की दर्दनाक अंयत दुखद घटना को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पूर्ण जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियों का एक प्रतिनिधिमंडल टिकरी में तीन बच्चों के परिजनों से मिला। उनके प्रति भी गहरा दुख प्रकट किया। इस मौके पर देवेंद्र चौहान रामकुमार मुखिया पुष्पेंद्र राना देवेंद्र शर्मा और रविंद्र तोमर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम हरि पवार ने भी गहरा दुख प्रकट किया।

### जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंचाई विभाग को जिले के सभी तटबंधों की स्थिति सुधारने, हरे चरे की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और बीडीओ के कार्यों की नियमित निगरानी करने के आदेश दिए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सुधार नहीं हुआ या लापरवाही मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को चेतावनी दी कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, स्वयं सहायता समूहों को निधि वितरण, फैमिली आईडी, 15वें एवं 5वें वित्त आयोग के कार्य, निपुण परीक्षा आकलन, मिड-डे मील, सेतु निर्माण, सड़क निर्माण व अनुरक्षण, कन्या विवाह सहायता योजना, ओडीओपी वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में तेजी और पूर्णता सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्तर पर देरी, लापरवाही या कार्यशैली में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिका.रियों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई होगी। अधिकारियों को अपने विभागों की नियमित समीक्षा बैठकें करने के निर्देश दिए गए ताकि प्रगति में सुधार हो और विभागों में शिथिलता न रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जो अधिकारी लापरवाही करेगा, वह कड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहे।

## प्रतियोगिता में 120 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षाविद डा.सत्यवीर सिंह ने कहा कि ध्यान का नियमित अभ्यास न केवल पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाता है, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति की राह प्रशस्त करता है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यार्थियों को अपने विचार अभिव्यक्त करने का अवसर मिला है, जो उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कॉलेज के कुल 120 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपनी कलम के माध्यम से समाज, शिक्षा और जीवन से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। युवा समागम सत्र को संबोधित करते हुए राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित उड़ान यूथ क्लब के अध्यक्ष व माय भारत मार्गदर्शक अमन कुमार ने छात्रों से आहवान किया कि वे केवल पाठयपुस्तकों तक सीमित न रहकर समाचार पत्रों और स्थानीय संदर्भों से जुड़ें और सामाजिक बदलाव में अपनी भागीदारी निभाए। उन्होंने युवाओं को दिग्विजय दिवस की शुभकामनाएं दीं और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज कार्य में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने पर बल दिया। वहीं माय भारत स्वयंसेवक नीतीश भारद्वाज ने विद्यार्थियों को सतत सीखने और निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युवा यदि अपनी जिज्ञासा को जीवित रखें और हर दिन कुछ नया सीखने का संकल्प लें तो वे न केवल अपनी व्यक्तिगत उन्नति करेंगे, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी महत्त्वपूर्ण योगदान देंगे।

## फखरपुर गांव में ग्रामीणों ने की महत्वपूर्ण पंचायत अयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** फखरपुर गांव में ग्रामीणों ने एक महत्वपूर्ण पंचायत का आयोजन किया। इस पंचायत में सैकड़ो संख्या में लोग शामिल हुए।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान पिंकी जो कि आप तक गांव में करोड़ों रुपए के विकास कार्य कर चुकी हैं और युवाओं के लिए खेल मैदान का निर्माण मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान का निर्माण और मुख्य मार्गों के नवीनीकरण का काम कर चुके हैं। उसके बावजूद भी पिंकी पत्नी दिनेश कुमार की छवि को कुछ असामाजिक तत्व खराब करने का प्रयास कर रहे है। ग्रामीणों ने पंचायत के माध्यम से चेतावनी दी कि अगर कोई भी ग्राम प्रधान की छवि को धूमिल करने का प्रयास करेगा तो ग्रामीण इस कार्य को बर्दाश्त नहीं करेंगे। महिला ग्रामीण ललित ने बताया कि जब से ग्राम प्रधान पिंकी बनी है गांव में निरंतर विकास कार्य हो रहे है। प्रत्येक वर्ग को सुविधा मिल रही है, लेकिन उसके बावजूद भी छवि को धूमिल करने की बात सामने आई है यह बहुत गलत है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। ग्रामीण लो.केंद्र कुमार ने कहा कि ग्राम प्रधान की छवि को गलत तरीके से भूमि करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि निरंतर गांव में विकास कार्य हो रहे हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए और जो ग्राम प्रधान बागपत से लेकर विकास कार्यों के लिए लखनऊ तक सम्मानित हो चुका है। ऐसे ग्राम प्रधान पर उंगली उठाने से पहले कोई भी व्यक्ति अपनी गिरेबान में झांकने का काम करें। फिलहाल ग्रामीणों ने पंचायत के माध्यम से साफ संदेश दिया है कि वह ग्राम प्रधान की छवि को धूमिल नहीं होने देंगे और ऐसे लोगों पर कार्रवाई कराएंगे

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मनीष से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

कृष्णपाल पुत्र हरपाल सिंह निवासी ग्राम सिरसली तहसील बडौत जनपद बागपत।

### प्रभारी मंत्री ने कानून व्यवस्था व बाढ़ को लेकर की समीक्षा बैठक

# 17 से 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा: धर्मपाल सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन उ. प्र. प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं बाढ की समीक्षा बैठक आहूत की गई। डीएम द्वारा प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियो का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

कानून व्यवस्था एवं बाढ की समीक्षा करते हुये प्रभारी मंत्री ने कहा कि बाढ क्षेत्र में राहत सामग्री का वितरण, बाढ के बाद मौसम साफ होने पर फसलो का सर्वे कराकर हुए नुकसान मुआवजा कार्यवाही की जाये। संबंधित क्षेत्र में बांध निर्माण, क्षतिग्रस्त मार्गो का चिन्हांकन कर ठीक कराने की कार्यवाही की जाये। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि बरसात के कारण विद्युत तार, ट्रांसफार्मर आदि क्षतिग्रस्त हुए है उनको तत्काल ठीक किया जाये। ट्रिपिंग की समस्या को दुरूस्त करें और शहर में 24 घंटे बिजली का आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलेगा। अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि सेवा पखवाड़ा अभियान पर पूर्णत: फोकस करते हुये स्वास्थ्य कैम्प, स्वच्छता कार्यक्रम को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किये जाये। मलिन बस्तियो में स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य कैम्प विशेष रूप से लगाये जाये। उन्होंने कहा कि बरसात के बाद संक्रामक रोगो में वृद्धि हो जाती है स्वास्थ्य विभाग इस पर फोकस करते हुये संबंधित क्षेत्र में कैम्प लगाकर जांच उपचार सुनिश्चित करें। आगामी दिनों में त्यौहार शुरू होंगे जिला पूर्ति अधिकारी शत्-प्रतिशत राशन वितरण समय से करना सुनिश्चित करें। गौशालाओ में भूसा, चारा, स्वच्छता, उपचार व्यवस्था इत्यादि को ठीक किया जाये। प्रदेश को विकसित राज्य बनाने में मेरठ की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, इसलिए मेरठ का सम्पूर्ण विकास जरूरी है, उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर योजनाओ को मिशन मोड में लागू किया जाये। वर्ष 2024-25 में योजनाओ व निर्माण कार्यों में आवंटित बजट का दिसम्बर 2025 तक 80 प्रतिशत व्यय कर लिया जाये, जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि समय-समय पर इसकी समीक्षा की जाये। मेरठ में औद्योगिक पार्क पीपी मॉडल को बढ़ावा देना, मजबूत स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारियो में कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कानून व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया गया कि जो भी फरियादी थानो में आते है उनकी समस्याओ को ठीक प्रकार से सुना जाएं तथा पीड़ित की रिपोर्ट अवश्य लिखी जाये और निष्पक्षता के साथ जांच कराते हुये कार्यवाही जाये। पुलिस विभाग द्वारा स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जाये।



## राजेन्द्र कुमार बनें किसान यूनियन के नगर सचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष कालू प्रधान सरधना नगर के मोहल्ला गंज बाजार निवासी राजेन्द्र कुमार प्रजापति उर्फ भूरा को नगर सचिव के पद पर मनोनीत किया है। गुरूवार दोपहर राजेन्द्र कुमार के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों ने किसानों के हितो के लिए आवाज उठाने पर जोर दिया। साथ ही पंजाब में आई बाढ़ आपदा पर गहरा दुख प्रकट किया। इस दौरान अमित चौधरी छबड़िया, अतुल त्यागी, अभिषेक वर्मा, विदुर वर्मा, दीपक कुमार, चिराग वर्मा, राहुल कुमार आदि मौजूद रहें।

## फिजियो भारत-7 नेशनल कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के उपलक्ष में आर्टिमिस हॉस्पिटल गुरुग्राम, हरियाणा में फिजियो भारत -7 नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसका थीम हीलिंग भारत-फिजियोथैरेपी फॉर एवरी डे एंड एवरी एज रखी गई जिसमें पूरे भारत से आए लगभग 1000 फिजियोथैरेपिस्ट एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग लिया जिसमें मेरठ से डॉ. शिवा रस्तोगी, डॉ. विकास राज, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. अंबुज एवं डॉ. अनुज कुमार ने भी प्रतिभाग किया।

जिसमें डॉ. शिवा रस्तोगी एवं डॉ. अरुण कुमार को बेस्ट प्रैक्टिस अवार्ड से सम्मानित किया गया, साथ में ही डॉ. अंबुज को इमर्जिंग क्लिनिकल अवार्ड से सम्मानित एवं डॉ. विकास राज को राइजिंग स्टार अवॉर्ड से एवं डॉ. अनुज को यंग अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। कॉन्फ्रेंस समिति में डॉ. उदय यादव, डॉ. गीता श्रीवास्तव, डॉ. सोनिया आदि रहे।



## खाद्य सामग्री लेकर व्यापारी पंजाब रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** भाजपा के दौराला मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग दौराला बाजार के रेहडी ठेला व्यापारियों ने सहयोगियों की मदद से पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के एकत्र की खाद्य सामग्री वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खाद्य सामग्री के पैकेट बनाकर व्यापारी रवाना हुए। भाजपा के दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने बताया कि दौराला बाजार के व्यापारियों ने सहयोगियों संग मिलकर पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगो की मदद के लिए खाद्य सामग्री एकत्र की। व्यापारियों ने चावल, आटा, तेल, दाल, मसाले, बिस्किट आदि के पैकेटो को अक्षय गुप्ता, विशु गुप्ता, गौरव आदि ने सहयोगियों की मदद से तैयार किया। सभी पैकेट को टाटा मैजिक में रखकर पंजाब के बाढ़ ग्रस्त इलाकों में हरी झंडी दिखाकर भेजा गया है। भाजपा के दौराला मंडल अध्यक्ष ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा को कोई क्षेत्र निश्चित नही है। आपदा पीड़ित लोगो की मदद के लिए सभी को आगे आकर काम करना चाहिए। इस दौरान रवि पूनिया, रिंकू गोस्वामी, अरविंद, संजय, सचिन, मोंटू, सनी, कल्लू, संगीत, विनय, शिवम, प्रवीण, अवनीश, असलम आदि रहे।




## सरधना नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओं अभियान

**नगर पालिका की टीम को देखकर दुकानदारों में मचा हड़कंप, सामान हटाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गुरूवार को नगर पालिका की टीम ने नगर के कई वार्डो में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया। जिसमें पालिका की टीम ने अवैध अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाते हुए अतिक्रमण हटाया।

इस अभियान से लोगों में हड़कंप मच रहा। गुरूवार सुबह संत चार्ल्स इंटर कालेज से शुरू हुए अभियान में पालिका टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी अभियान में शामिल रहें। टीम नगर के वार्ड रामतलैया, घोसियान, धर्मपुरा आदि मोहल्लों में पहुंची। टीम में मौजूद कर्मचारियों ने बुल्डोजर से अवैध रूप से सड़कों पर अवैध कब्जें को हटाया। साथ ही पालिका टीम ने अवैध सामान को कब्जे में ले लिया। पालिका द्वारा यह अभियान कई दिनों तक चलाया जायेगा।



## मेडिकल कॉलेज में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेडिकल कॉलेज के मना. रोग विभाग ने गुरुवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर Change the Narrative विषय पर एक गहन जागरूकता कार्यक्रम और सेमिनार का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आत्महत्या के विषय पर समाज में फैले कलंक को दूर करना और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम मानसिक रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. तरुण पाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. राशि ने किया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ एवं जूनियर रेजिडेंट्स तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मनोरोग विशेषज्ञों ने आत्महत्या के जोखिम कारकों, चेतावनी संकेतों और रोकथाम के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। कॉलेज परिसर में जागरूकता पोस्टर और बैनर लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने आत्महत्या के कलंक को तोड़ने और जरूरतमंदों की मदद करने की शपथ ली। कार्यक्रम में डॉ. तरुण पाल ने कहा, हमारा उद्देश्य समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना और लोगों को यह समझाना है कि मदद मांगना कोई कमजोरी नहीं बल्कि एक साहसिक कदम है। डॉ. राशि ने बताया कि इस तरह के आयोजन समय-समय पर जारी रखे जाएंगे ताकि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को और अधिक संवेदनशील बनाया जा सके। प्राचार्य डॉ. आर सी गुप्ता ने जागरूकता कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन हेतु मानसिक रोग विभाग को बधाई दी है।

## लोकदल के सदस्यता अभियान में महिलाओं ने बनाए सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान के अंतर्गत गांव चिन्डोरी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 50 महिलाओं ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अगुवाई ऋचा सिंह, महासचिव महिला प्रकोष्ठ ने की। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए पार्टी की नीतियों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण और उनकी भागीदारी के बिना संगठन मजबूत नहीं हो सकता। यह अभियान महिलाओं को मजबूत करेगा।

## एलिगेंट शोरूम पर होंडा शाइन100 व सीबी 125 लॉंच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को तेजगढ़ी स्थित एलिगेंट होंडा पर होंडा शाइन 100डीएक्स व सीबी 125 होरनेट की धमाकेदार लॉन्चिंग की गई। शोरूम के डायरेक्टर आशीष चौधरी ने बताया कि नई होंडा सीबी 125 होरनेट में दमदार इंजन आकर्षक स्पोर्टी डिजाइन व बेहतरीन माइलेज और एडवांस फीचर्स के अलावा आधुनिक तकनीक शामिल है। साथ ही शाइन 100 डीएक्स में फुल्ली डिजिटल मीटर के साथ नई ग्राफिक्स और सॉलिड स्टाइल बेहतर माइलेज के साथ यह सभी रंगो में उपलब्ध है। जिससे मध्यम वर्ग के लोगों के लिए अत्यधिक उपयुक्त माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकों चलाने में अलग ही आनन्द आएगा। लॉन्चिंग के दौरान समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## कोर्ट से भागे आरोपी को पुलिस ने देर रात किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को जानी क्षेत्र एक मुकदमे में दो सगे भाई आरोपी कोर्ट में तारीख पर गये थे जहा कोर्ट ने आरोपियों को जेसे ही सजा सुनाई तभी दोनों व्यक्ति पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। जहा कोर्ट में सबके पेर तलें जमीन खिसक गई तभी कोर्ट ने जानी थाना पुलिस को अवगत कराया। गुरुवार को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने देर रात आरोपी भुषण पुत्र राजकुमार को उसके घर से ही दबोच लिया और न्यायालय में पेश कर दिया वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने बताया की फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उसकी तलाश में पुलिस टीम बना दी गई है बाकी क्षेत्रीय मुखबिर को भी सतर्क रहने को कहा है।

## जीआई कैंसर को लेकर जन जागरुकता सत्र का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रेयर और हाई रिस्क वाले गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल(जीआई) कैंसर के एडवांस ट्रीटमेंट में अपनी क्लीनिकल एक्सीलेंस को दर्शाने के उद्देश्य से मैक्स के डाक्टरों ने जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. विवेक मंगला ने बताया कि गोपाल कृष्ण सक्सेना नाम के मरीज को डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या थी पीलिया और खुजली की समस्या को लेकर वह उनके पास आए थे जांच हुई तो पता चला कि उनके बाइल डक्ट के पास ट्यूमर है। जो उसे ब्लॉक कर रहा था टीम ने मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की और वह स्वस्थ है।

## होमगार्ड जवानों ने भेजी राहत राशि, मिले प्रशस्ति पत्र



होमगार्ड्स के जवान जितेन्द्र को प्रशस्ति पत्र देते डीआईजी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पंजाब में आई बाढ़ से हर किसी का कलेजा कांप उठा है। लोगों से जितना भी बन रहा है वह पंजाब के लिए कर रहे हैं। शायद यही भारत की भारतीयता है कि आपदा के अवसर पर धर्म मजहब से उठकर हर कोई यथा संभव मदद के लिए आगे आ जाता है। पुलिस का एक अंग कहे जाने वाले स्वयंसेवक होमगार्ड्स भी आपदा के इस मौके पर अपना फर्ज निभाने से पीछे नहीं हट रहे हैं। मेरठ के होमगार्ड जवानों ने पैसे एकत्र करके मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से पंजाब आपदा के लिए कुछ धन भेजा है। इस मौके पर अपने जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए डीआईजी होमगार्ड मुरादाबाद से चलकर खुद मेरठ आए और यही नहीं उन्होंने अपनी मुख्य भूमिका निभाने वाले होमगार्ड जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। सम्मानित होने वाले नगर एक कंपनी के कंपनी कमांडर जितेन्द्र, प्लाटून कंमाडर प्रवीन चौहान और सतवीर के अलावा जवानों में जितेन्द्र, शहजाद, अश्वनी, सोनू आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित करते हुए मेरठ के जवानो की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## शाहपीर साहब दरगाह पर लगा गंदगी का ढेर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नगर निगम के वार्ड नंबर 47 के अंतर्गत हजरत मखदूम शाह पीर साहब दरगाह निकट गुलमर्ग सिनेमा कब्रिस्तान के अंदर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं जिससे यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को गंदगी का सामना करना पड़ता है तथा बरसात के मौसम में कूड़े के ढेर से बदबू उठ रही है जिससे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा कूड़ा गाड़ी पूरे सप्ताह में एक दिन भी कब्रिस्तान के अंदर कूड़ा उठाने नहीं आती है और सफाई नायक को फोन करने के बाद गाड़ी कूड़ा उठाने आती है तो गाड़ी पर कार्यरत कर्मचारी पैसों की मांग करते हैं नहीं देने पर बिना कूड़ा उठा ही वाहन लेकर चले जाते हैं। उन्होंने साफ सफाई कराने की मांग की है।

# पत्नी व ससुराल वालों से तंग युवक ने जहर खाकर दी जान

### जहरीला पदार्थ पीने से पहले मृतक जान मोहम्मद ने ससुराल पक्ष के खिलाफ बनाई थी वीडियों

**पहले पत्नी ने भी किया था टॉयलेट क्लीनर पीकर आत्महत्या का प्रयास**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने ससुराल वालों से तंगआकर गुरुवार सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक जान मोहम्मद के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बता दें सोहेल गार्डन निवासी 40 वर्षीय जान मोहम्मद की शादी 20 साल पहले जलालाबाद मुरादनगर की रहने वाली शहनाज के साथ हुई थी उनके 5 बेटियां है। जान मोहम्मद होटलों में खाना बनाने का काम करता था। बीते चार सितंबर को जान मोहम्मद ने एसएसपी कार्यालय जाकर अपनी पत्नी व ससुराल पक्ष पर आरोप लगाकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। जान मोहम्मद ने बताया था की उसके साले शान मोहम्मद पुत्र सरताज पर एक लाख रुपये उधार थे जिसको लेकर उसकी पत्नी व शान मोहम्मद से कहा सुनी हो गई थी। बीते 18 जून को उसकी पत्नी शहनाज ने टॉयलेट क्लीनर पीकर आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन जान मोहम्मद ने उसका अस्पताल में उपचार कराया जिससे उसकी जान बच गई।

उसके बाद शहनाज भी अपने परिजनों के साथ मिलकर रोजाना झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देते थे। इसको लेकर जान मोहम्मद काफी समय से परेशान चल रहा था। गुरुवार सुबह जान मोहम्मद ने अपने कमरे में जहरीले पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उल्टी करते देखा तो अस्पताल लेकर दौड़े। जहां चिकित्सकों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। जान मोहम्मद की मौत से परिजनों का रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं लिसाड़ीगेट पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



मृतक जान मोहम्मद का फाइल फोटो।

### साला उम्रकैद करवाने की दे रहा था धमकी

जान मोहम्मद ने बनाया पहला वीडियो 3 मिनट 40 सेकेंड का है। वहीं, दूसरा 4 मिनट 21 सेकेंड का और तीसरा 3 मिनट 5 सेकेंड का है। 3 मिनट 40 सेकेंड के वीडियो में जान मोहम्मद कहता है-मुझे फंसाया जा रहा। ससुराल वाले इसमें शामिल हैं। 20 साल से पत्नी मेरे साथ रह रही है। मैंने उसे कभी कुछ नहीं कहा। हम मियां-बीबी में कभी लड़ाई नहीं हुई। अब मेरे साले मुझसे कहते हैं कि मकान हमारे नाम कर दो, नहीं तो 307 में तुम्हें उम्रकैद करवा देंगे। मैंने कभी थाना-चौकी नहीं देखी। पता नहीं अब क्या हुआ कि पत्नी बदल गई। मैं ढाई महीने से उसका इलाज करा रहा हूं, मेरे पास सारे प्रूफ हैं। अगर मुझे कुछ हो गया, तो इसके जिम्मेदार यही लोग होंगे।

## आईआईएफएल फाईनेंस गोल्ड लोन करेगा आपके सपने पूरे

**सपना आपका गोल्ड लोन हमारा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईआईएफएल का मूल सिद्धांत है, ''सपना आपका, गोल्ड लोन हमारा''। अपने इसी विश्वास के साथ आईआईएफएल फाईनेंस लाखों भारतीयों का भरोसेमंद ग्रोथ पार्टनर है। नए भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली एमएसएमई की महत्वाकांक्षाओं और लोगों के सपनों को पूरा करने के उद्देश्य से आईआईएफएल फाईनेंस उन्हें सुलभ वित्तीय समाधान प्रदान करके विकास की यात्रा में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। मनीष मयंक, बिजनेस हेड-आईआईएफएल फाईनेंस गोल्ड लोन ने कहा कि आईआईएफएल फाईनेंस का मार्गदर्शक सिद्धांत ''सीधी बात'' है। यह अपने हर लेन-देन में पूरी पारदर्शिता रखता है। इसकी पूरी प्रक्रिया को ग्राहकों की सुविधा के अनुरूप बनाया गया है। भारत में आईआईएफएल फाईनेंस की 2800 से अधिक शाखाएं हैं, जो 1500 से शहरों में स्थित हैं। ये शाखाएं शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करती हैं। इस कंपनी में 80 लाख से अधिक ग्राहक विश्वास करते हैं, जो आईआईएफएल फाईनेंस की पारदर्शी प्रक्रियाओं और ग्राहक पर केंद्रित दृष्टिकोण का प्रमाण है। आईआईएफएल फाईनेंस ने शाखाओं के अपने विस्तृत नेटवर्क के अलावा एक मजबूत डिजिटल पहुंच भी स्थापित कर ली है।

# चेयरमैन की सख्ती से मवाना शुगर मिल पर लगा 32 लाख का टैक्स

**साल 2014 से शुगर मिल जमा कर रही थी 10 लाख सालाना, कर निरीक्षक का वेतन रोकने के बाद हुआ टैक्स निर्धारण**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर पालिका मवाना के चेयरमैन के सख्ती ने पालिका के आय स्रोत में वृद्धि कर दी है। वेतन रोकने के बाद हरकत में आए कर निरीक्षक ने मवाना शुगर मिल पर 10 लाख के बजाय 32 लाख से अधिक का कर निर्धारित कर दिया है।

जबकि कोर्ट के आदेश के बावजूद साल 2014 से मिल द्वारा 10 लाख रुपया सालाना टैक्स अदा किया जा रहा था। पिछले कार्यकालों में भी जनप्रतिनिधियों ने न जाने किस सेटिंग से इस खेल पर पर्दा डाल रखा था।

### पहले से चलता आ रहा था सेटिंग का खेल

नगर पालिका परिषद मवाना व मवाना शुगर मिल के बीच टैक्स को लेकर हाईकोर्ट में वाद चल रहा था। जिसमें 12 दिसंबर 2014 को हाईकोर्ट ने पालिका द्वारा 2007-2012 व वर्ष 2013-2018 के लिए किए गए कर निर्धारण की कार्रवाई को निरस्त करते हुए फ्रैश नोटिस देकर नियमानुसार व विधिनुसार आपत्तियों का निस्तारण व फ्रैश असिस्मेंट आर्डर करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद कई योजनाएं निकल गईं। इसे सेटिंग का खेल कहें या कुछ और कि पालिका के किसी जनप्रतिनिधि ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इससे निश्चित रूप से शुगर मिल और जनप्रतिनिधियों दोनों को जबरदस्त लाभ मिला। क्योंकि तभी से मिल द्वारा 10 लाख रुपया सालाना टैक्स पालिका को अदा किया जा रहा था।

### कर निरीक्षक के कानों पर नहीं रेंगी जूं

चेयरमैन बनने के बाद अखिल कुमार कौशिक ने कर निरीक्षक को कई बार मौखिक रूप से मवाना शुगर वर्क्स का स्वकर निर्धारण के लिए निर्देश दिए थे। दिनांक 30/12/2023 को पत्र जारी करते हुए चेयरमैन ने कर निरीक्षक अनिल कुमार को 15 दिन के भीतर मवाना शुगर वर्क्स के स्वकर निर्धारण सर्वे की कार्रवाई पूरी करने के आदेश दिए थे, लेकिन फिर भी कर निरीक्षक ने कोई कार्रवाई नहीं की। बार-बार कहने के बावजूद कर अधीक्षक के कानों पर जूं नहीं रेंगी। जिसके बाद 29/06/2024 को चेयरमैन की ओर से प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग को पत्र भेजकर अधीक्षक अनिल कुमार का स्थानांतरण किसी अन्य नगर पालिका में करने की मांग की। जिसमें निर्देशों के संबंध में पिछले कई पत्रों का हवाला दिया गया था।

### वेतन रोकने के बाद किया टैक्स निर्धारण

इस साल एक जुलाई को चेयरमैन अखिल कुमार कौशिक ने कर निरीक्षक अनिल कुमार का वेतन रोकने संबंधी आदेश जारी कर दिए। जिसमें उन्होंने मवाना शुगर वर्क्स पर स्वकर निर्धारण की कार्रवाई समय व्यतीत होने के बाद भी पूरी नहीं करने व इससे पालिका को वित्तीय हानि होने की बात लिखी गई थी। जिसके चलते चेयरमैन ने कर अधीक्षक को 15 दिन के भीतर स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने व जुलाई माह के वेतन आहरण पर रोक लगाने का आदेश दिया था। वेतन रोके जाने के बाद कर अधीक्षक हरकत में आए और सर्वे पूरा कर मिल पर 32 लाख 37 हजार 384 रुपए का टैक्स लगा दिया है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### गुरु समृद्धि ने टीपीएल में जीएस दिल्ली एसेस का अधिग्रहण किया, लिएंडर पेस एम्बेसडर बने

**दुबई, वार्ता।** सहकारी समितियों, बीमा, पर्यटन और रियल एस्टेट के क्षेत्र में कार्यरत एक विविध और दूरदर्शी उद्यम गुरु समृद्धि हाउस ऑफ इन्वेस्टमेंट्स ने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें संस्करण से पहले जीएस दिल्ली एसेस फैंचाइजी का अधिग्रहण कर लिया है। जीएस दिल्ली एसेस की यह नई शुरुआत बुधवार को दुबई में आयोजित समारोह में हुई। फैंचाइजी ने भारतीय टेनिस के दिग्गज 18 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लिएंडर पेस ब्रांड एम्बेसडर बनाया हैं।

### सारांश और कुमार कार्तिकेय ने साउथ जोन को सस्ते में समेटा, सेंट्रल जोन के 50 रन

**बेंगलुरु, वार्ता।** सारांश जैन पांच और कुमार कार्तिकेय चार विकेट की शानदार बॉलिंग के दम पर सेंट्रल जोन ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले के पहले दिन गुरुवार को साउथ जोन की पूरी टीम को पहली पारी में 149 के स्कोर पर समेटने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय बिना कोई विकेट खोए 50 रन बना लिए है। हालांकि वह अभी भी साउथ जोन के पहली पारी में बनाये गए स्कोर से 99 रन पीछे है। साउथ जोन को 149 के स्कोर पर रोकने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल जोन ने दानिश व अक्षय वड़कर की सलामी जोड़ी ने की धैर्यपूर्ण पारी की बदौलत स्टंप के समय 19 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 50रन बना लिए है।

# रिकॉर्ड: भारत ने 27 गेंद में जीता मैच




**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप में जीत के साथ शुरुआत की। टीम ने अपने पहले मैच में यूएई को सिर्फ 57 रन पर आलआउट कर दिया। जवाब में 4.3 ओवर में सिर्फ एक विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। इस तरह भारत ने किसी टी-20 मैच में गेंदें बाकी रहने के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत का

### ● कुलदीप ने एक ओवर में तीन विकेट लिए, भारत ने सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया

रिकॉर्ड बनाया। इसके अलावा यूएई का 57 रन का स्कोर भारत के खिलाफ इस फार्मेट में किसी भी टीम का सबसे छोटा टोटल है। इतना ही नहीं यह यूएई का अब तक का लोएस्ट स्कोर भी साबित हुआ। भारत की बाल बाकी रहते हुए सबसे बड़ी टी-20 जीत भारत ने 93 बाल रहते यूएई को हराया, यह टी-20 में भारत की गेंदें बाकी रहने के लिहाज से सबसे बड़ी जीत रही। भारत का पिछला रिकॉर्ड मैच में 81 बाल बाकी रहते जीत हासिल करने का था। टीम ने 2021 में स्काटलैंड के खिलाफ दुबई में ही यह कारनामा किया था। टेस्ट खेलने वाले देशों की टी-20 में यह गेंदें बाकी रहते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है। 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में एंटीगा के मैदान पर इंग्लैंड ने ओमान को 19 गेंद में ही हरा दिया था। तब मैच में 101 गेंदें बाकी रह गई थीं। इस रिकॉर्ड में तीसरे नंबर पर श्रीलंका है, जिसने 2014 के वर्ल्ड कप में चट्टोग्राम के मैदान पर नीदरलैंड को 90 गेंदें बाकी रहते हरा दिया था। यूएई ने भारत के खिलाफ लोएस्ट टी-20 टोटल बनाया यूएई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 57 रन पर ही सिमट गई। यह किसी भी टीम का भारत के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में सबसे छोटा स्कोर रहा। इससे पहले न्यूजीलैंड की टीम 2023 अहमदाबाद में 66 रन पर ही सिमट गई थी। यूएई ने टी-20 में अपना लोएस्ट स्कोर बनाया यूएई ने टी-20 में अपना सबसे कम स्कोर बनाया। टीम सिर्फ 57 रन पर आलआउट हो गई। इससे पहले 14 मार्च 2024 को दुबई में ही स्काटलैंड के खिलाफ टीम 62 रन पर सिमट गई थी। लगातार 15 टॉस हारने के बाद सिक्का भारत के फेवर में गिरा भारतीय टीम ने लगातार 15 इंटरनेशनल मैच के बाद टास जीता है। टीम ने पिछली बार जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच में टास जीता था। तब से टीम ने वनडे, टी-20 और टेस्ट मिलाकर 15 मैच में टास गंवाए थे।

# पूजा रानी, जैस्मीन लाम्बोरिया सेमीफाइनल में

### ● दोनों ने भारत के लिए दो पदक पक्के किए

**लिवरपूल, वार्ता।** दो बार की एशियाई चैंपियन पूजा रानी और जैस्मीन लाम्बोरिया ने विप. रीत जीत दर्ज करते हुए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसी के साथ इन दोनों मुक्केबाजों ने भारत के लिए दो और पदक पक्के कर दिये है। पूजा रानी ने महिलाओं के 80 किग्रा क्वार्टर फाइनल में पोलैंड की एमिलिया कोटर्सका को 3-2 से हराया, जबकि विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन ने अंडर-22 एशियाई चैंपियन उज्बेकिस्तान की मामाजोनोवा खुमोरबोनू को 5:0 से हराकर महिलाओं के 57 किग्रा सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता नूपुर बुधवार को महिलाओं के 80 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय बन गईं। दो और भारतीय मुक्केबाज मीनाक्षी (महिला 48 किलोग्राम भारवर्ग) और जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (पुरुष 50 किलोग्राम भारवर्ग) में पदक पक्का करने से बस एक जीत दूर हैं। ये दोनों शुक्रवार को अपने क्वार्टर फाइनल खेलेंगे। महिलाओं के 80 किलोग्राम भार वर्ग के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में, पूजा रानी ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए अपनी उम्र से छोटी प्रतिद्वंद्वी की गति और ऊर्जा का डटकर सामना किया। पोलिश मुक्केबाज पहले राउंड के बाद मुकाबले में थोड़ी आगे थीं, लेकिन पूजा रानी ने दूसरे राउंड में दबदबा बनाते हुए नियंत्रण हासिल कर लिया।

### ● भारत-पाकिस्तान एशिया कप मैच की टिकट बिक्री कम ●

# महामुकाबला 14 सितम्बर को

### सिंगल टिकट फॉर्मेट शुरू करने पर भी नहीं बिक रहे, रोहित-विराट की गैरमौजूदगी बन रही वजह

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप के सबसे बड़े मुकाबले भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट, सिंगल टिकट फार्मेट लागू किए जाने के बाद भी, नहीं बिक पा रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच यह हाई-वोल्टेज मैच 14 सितम्बर को खेला जाना है।

मुकाबले में अब सिर्फ तीन दिन शेष हैं, लेकिन ऊपरी और टॉप-टियर स्टैंड्स के टिकट अभी भी उपलब्ध हैं। इससे पहले आयोजक भारत-पाकिस्तान मैच की टिकटें पैकेज के रूप में बेच रहे थे। यानी, इस मैच को देखने के लिए प्रशंसकों को कुल सात मुकाबलों की टिकटें एक साथ खरीदनी पड़ती थीं। हालांकि, टिकटों की कम बिक्री को देखते हुए आयोजकों ने इसमें बदलाव कर सिंगल टिकट फार्मेट शुरू किया ताकि प्रशंसकों को सुविधा हो। लेकिन इसके बावजूद टिकटों की बिक्री में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है। एमिरेट्स क्रिकेट के एक अधिकारी ने एएनआई को बताया कि,श्हम खुद हैरान हैं कि भारत-पाकिस्तान मैच के लिए टिकट बिक्री इतनी धीमी क्यों है। अभी तक निचले स्टैंड्स की सीटें ही बिकी हैं, जबकि ऊपरी और टॉप टियर स्टैंड्स पर टिकट उपलब्ध हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में इसी मैच के लिए टिकटों की बिक्री इतनी तेज थी कि हमने दो बार (दोपहर 2 बजे और शाम 4 बजे) टिकट खिड़की खोली और 4 मिनट से भी कम समय में सारे टिकट बिक गए थे। लेकिन इस बार जोश काफी फीका है। शायद इसकी वजह रोहित शर्मा और विराट कोहली की गैरमौजूदगी है। स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी। कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के नहीं होने से मैच का रोमांच कम हो गया है। दोनों खिलाड़ियों ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फार्मेट से संन्यास ले लिया था। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार पाकिस्तान की ओर से भी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे बड़े खिलाड़ी टीम में शामिल नहीं हैं, जिससे दोनों ओर से स्टार आकर्षण घट गया है।

# हमेशा गेंदबाजी को तैयार रहता हूं: शिवम

### ● कप्तान और कोच ने पहले ही कह दिया था कि मैं एशिया कप में गेंदबाजी करूंगा




**दुबई, वार्ता।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ मैच में तीन विकेट लेने वाले भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा है कि ऑलराउंडर के तौर पर मैच हमेशा गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं। दुबे ने यूएई के खिलाफ मिली जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज एक अच्छी शुरुआत मिला और यह काफी अहम था। एक ऑलराउंडर के तौर पर मैं हमेशा चार ओवर गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं। जब भी तीन-चार ओवर डालने का मौका मिलेगा, मैं उसके लिए तैयार हूं। मैं वही करूंगा जिसकी टीम को जरूरत होगी। कप्तान और कोच ने पहले ही कह दिया था कि मैं (एशिया कप में) गेंदबाजी करूंगा। मेरे गेंदबाजी कोच मॉर्ने मॉर्कल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैं लंबे समय से तैयारी कर रहा था कि जब भी मौका मिलेगा, मैं तैयार रहूंगा। आज का नतीजा उसी तैयारी का परिणाम है। दुबे ने माना कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में आईपीएल के दौरान उनकी भूमिका ज्यादातर पावर-हिटर की रही है, लेकिन उन्होंने गेंदबाज़ी पर भी लगातार काम किया है। दुबे ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर कहा कि सवाल में ही जवाब है। ऑलराउंडर की भूमिका कम हो गई है। इसलिए आईपीएल में मेरे लिए गेंदबाजी करना ज़रूरी नहीं रहा। लेकिन मेरी ओर से मैं हमेशा तैयार था। हर मैच में मैं गेंदबाजी के लिए तैयार रहता था। आईपीएल से पहले भी मैंने दो महीने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी पर मेहनत की है। दुबे ने अपने एक्शन और एप्रोच को निखारने का श्रेय मॉर्कल को दिया। अभ्यास सत्र में दोनों लगातार बातचीत करते रहे हैं। मॉर्कल ने हाल ही में कहा था कि दुबे जैसे खिलाड़ी को दबाव की स्थिति में गेंदबाजी का आत्मविश्वास दिलाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड सीरीज (जनवरी-फरवरी) में उन्होंने मुझे कुछ बातें बताई थीं। उन्होंने कहा था कि वाइड लाइन से गेंद डालो। कुछ गेंदों को एंगल का प्रयोग करते हुए धीमी गति से डालो। उन्होंने रन-अप पर भी काम करने की सलाह दी थी। इन्हीं 2-3 चीजो से मेरी गेंदबाजी बेहतर हो रही है। मैंने अपनी रफ्तार भी बढ़ाई है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर भी उतना ही ध्यान दिया और मेहनत की। आईपीएल 2025 और अब के बीच उन्होंने मुंबई में बहुत अभ्यास किया। उन्होंने तेज बाउंसर और शरीर पर आती गेंदों से निपटने पर काम किया। एशिया कप का पहला मैच आईपीएल के बाद उनका पहला बड़ा मुकाबला था।

# लक्ष्य, सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में

**हांगकांग ओपन**

### ● लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज प्रणय को 1 घंटे 8 मिनट में हराया

**हांगकांग, वार्ता।** लक्ष्य सेन ने गुरुवार को पुरुष एकल वर्ग में हमवतन एचएस प्रणय को तथा पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यहां खेले गए कोलिजीयम में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारत के शीर्ष और दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज एचएस प्रणय को एक घंटे आठ मिनट में 15-21, 21-18, 21-10 से हराया। लक्ष्य सेन ने धीमी शुरुआत रही और एचएस प्रणय ने इसका फायदा उठाते हुए पहला गेम अपने नाम कर लिया।



पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य ने दूसरे गेम की शुरुआत भी धीमी रहीं ब्रेक तक वह 11-9 से पिछड़ रहे थे, लेकिन फिर वापसी करते हुए स्कोर 13-13 कर दिया। हालांकि प्रणय ने फिर से 18-17 से बढ़त बना ली, लेकिन लक्ष्य ने लगातार चार अंक अर्जित कर गेम छीन लिया और निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया। निर्णायक गेम में भी लक्ष्य सेन ने सतर्कता से शुरुआत की और फिर लय हासिल करते हुए मध्यांतर तक 11-8 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने केवल दो अंक गंवाए और आसानी से मैच जीत लिया। यह प्रणय के खिलाफ नौ मुकाबलों में उनकी छठी जीत है। पुरुष युगल प्री-क्वार्टर फाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी ने भी एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को एक घंटे तीन मिनट में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया। अंतराल पर 11-7 से पिछड़ने और बाद में 16-10 पर खिसकने के बावजूद, सात्विक और चिराग ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर लिया, लेकिन थाई जोड़ी ने लगातार तीन अंक हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में, सात्विक और चिराग ने थाई जोड़ी पर लगाम कसी रखी और उन्हें एक अंक से अधिक की बढ़त नहीं लेने दी, लेकिन अंतराल पर 11-10 से आगे हो गए। इसके बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी तीव्रता बढ़ा दी और सात गेम पॉइंट हासिल कर निर्णायक गेम तक पहुंच गए। निर्णायक मैच में भारतीय जोड़ी ने बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम किया और फिर जीत हासिल कर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

## पेरू ने क्वालीफाइंग में नाकामी के बाद प्रबंधक इबानेज को किया बर्खास्त

**लीमा, वार्ता।** पेरू फुटबॉल महासंघ (एफपीएफ) ने विश्व कप क्वालीफाइंग में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पेरू ने प्रबंधक ऑस्कर इबानेज को बर्खास्त कर दिया है। एफपीएफ ने जारी एक बयान में कहा कि हमारा संस्थान सीनियर राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने में दिखाई गई जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के लिए इबानेज और उनके कोचिंग स्टाफ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। एफपीएफ ने अर्जेंटीना में जन्मे पूर्व गोलकीपर इबानेज के प्रतिस्थापन के लिए तुरंत किसी की घोषणा नहीं की। उन्होंने पेरू के लिए 50 मैच जीते। स्थानीय मीडिया के अनुसार, कार्लोस सिल्वेस्ट्री और मैनुअल बैरेटो इस पद के लिए शुरुआती दावेदारों में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि एफपीएफ ने यह फैसला पेरू के अपने अंतिम क्वालीफायर में पैराग्वे से घरेलू मैदान पर 1-0 से हारने के एक दिन से भी कम समय बाद लिया है। लीमा के एस्टाडियो नैशनल में मंगलवार को मिली हार के बाद ब्लैंकिरोजा 18 मैचों में 12 अंकों के साथ 10 टीमों की दक्षिण अमेरिकी तालिका में नौवें स्थान पर आ गया। जो कि 1998 के विश्वकप के लिए क्वालीफायर द्वारा होम-एंड-अवे राउंड रॉबिन प्रारूप अपनाने के बाद से टीम का सबसे खराब प्रदर्शन है।

# दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत ने 11से 25 नवंबर तक चलने वाले दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप क्रिकेट के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। भारत पहली बार दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्वकप क्रिकेट की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के मैच नई दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे।

काठमांडू को मूल रूप से तीसरे मेजबान शहर के रूप में चुना गया था, जहां पाकिस्तान के साथ मैच होने थे। नेपाल के वर्तमान हालात को देखते हुए एक वैकल्पिक स्थल पर विचार किया जा रहा है। विश्व कप में 21 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल होगा। राष्ट्रव्यापी प्रतिभा खोज के 56 खिलाड़ियों के कठोर प्रशिक्षण और शिविर के बाद 16 सदस्यीय भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय टीम है:- सिमू दास (दिल्ली), पी-करुणा (आंध्र प्रदेश), अनुकुमारी (बिहार), जमुना रानी टुडू (ओडिशा), काव्या वी (कर्नाटक), अनेखा देवी (दिल्ली), बसंती हंसदाह (ओडिशा), सिमरनजीत कौर

### ● इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड भारत-नेपाल, पाकिस्तान-श्रीलंका और अमेरिका की टीमें भाग लेंगी

(राजस्थान), सुनीता सराठे (मध्य प्रदेश), पारबती मांडी (ओडिशा), दीपिका टीसी (कर्नाटक - कप्तान), फूला सोरेन (ओडिशा), गंगा एस कदम (महाराष्ट्र - उप कप्तान), काव्या एनआर (कर्नाटक), सुषमा पटेल (मध्य प्रदेश) और दुर्गायेवले (मध्य प्रदेश)। समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड की क्रिकेट शाखा, द क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) के अध्यक्ष डॉ. महांतेश जी-किवादासन्नावर ने कहा कि यह विश्व कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है-यह साहस, कौशल और समावेशिता का उत्सव है।

भारत में इसका आयोजन गर्व की बात है, और मुझे विश्वास है कि हमारी लड़कियाँ इस अवसर पर खरा उतरेंगी, लाखों लोगों को प्रेरित करेंगी और देश को गौरवान्वित करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने 2023 ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईबीएसए विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था।

# ओमान के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करना चाहेगा पाक



### ● सलमान आगा की अगुवाई टीम पिछले छह टी-20 मैचों में केवल एक बार हारी है और उसमे बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन किया है

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान एशिया कप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत शुक्रवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले टूर्नामेंट के चौथे मैच में ओमान के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करने उतरेगा। संयुक्त अरब अमीरात टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान शुक्रवार को टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतर रहा है।सलमान आगा की अगुवाई में टीम पिछले छह टी-20 मैचों में केवल एक बार हारी है और उसने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन किया है। ओमान के साथ मुकाबला पाकिस्तानियों के लिए भारत के साथ होने वाले अहम मुकाबले से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने और लय बनाए रखने का एक अच्छा अवसर है। टीम की बल्लेबाजी लाइनअप में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब और साहिबजादा फरहान से आक्रामक शुरुआत की उम्मीद है, जबकि मध्यक्रम के दिग्गज फखर जमान और सलमान आगा पारी को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। वहीं निचले क्रम की बात की जाये तो हसन नवाज, मोहम्मद हैरिस, मोहम्मद नवाज और फहीम अशरफ का कौशल टीम को अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाने की सुविधा देता है। पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई शाहीन अफरीदी करेंगे। अफरीदी की तेज गति, अबरार अहमद, फहीम अशरफ, मोहम्मद नवाज और सूफियान मुकीम के सहयोग के साथ पाकिस्तान दुबई की परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगा। पिच की अगर बात की जाये तो पारंपरिक रूप से सपाट और तेज आउटफील्ड वाली यह पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार है, हालाकि स्पिनर बीच के ओवरों में अहम भूमिका निभाने सकते है। इस पिच को लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए मददगार माना जाता है। पिछले दस टी-20 मैचों में से आठ में दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत हासिल की है। पहली पारी का स्कोर आमतौर पर लगभग 170 होता है। वहीं अगर ओमान की बात की जाये तो पाकिस्तान उसके सामने कड़ी चुनौती है। कप्तान जतिंदर सिंह अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों, आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा से स्थिरता की उम्मीद करेंगे, जबकि आशीष ओडेदरा, विनायक शुक्ला और हसनैन शाह सहित मध्य और निचले क्रम को टीम का समर्थन करने के लिए आगे आना होगा। शकील और इमरान की अगुवाई में ओमान की गेंदबाजी इकाई की कड़ी परीक्षा पाकिस्तान की मजबूत और आत्मविश्वास से भरी लाइनअप के सामने होगी। विश्लेषकों को उम्मीद है कि पाक प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम करेगा और भारत के खिलाफ अपने हाई-प्रोफाइल मैच में महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करेगा।

पाक संभावित टी: सलमान आगा (कप्तान), साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, फखर जमान, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, सुफियान मुकीम और अबरार अहमद

# द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को 14 रनों से हराया

**कार्डिफ, वार्ता।** एडन मारक्रम (28), डॉनोवन फरेरा (नाबाद 26) और डेवाल्ड ब्रेविस (23) के शानदार प्रदर्शन के बाद मार्को यानसन (दो विकेट) और कॉर्बिन बॉश (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 14 रनों से हरा दिया।

इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। डॉनोवन फरेरा को नाबाद 25 रनों की पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। सोफिया गार्डंस में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वर्षा बाधित मुकाबले में दक्षिण अफीका ने एडन मारक्रम ने 14 गेंदों में (28), डॉनोवन फरेरा ने 11 गेंदों में (नाबाद 25) और डेवाल्ड ब्रेविस 10 गेंदों में (23) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर 7-5 ओवर में पांच विकेट पर 97 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से ल्यूक वुड ने दो विकेट लिए। जेमी ओवर्टन, आदिल रशीद और सैम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट



### ● मार्को यानसन ने दो और बॉस ने दो विकेट लिए, इस जीत के साथ द. अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है

किया। बारिश के कारण इंग्लैंड को डीएलएस के जरिए से पांच ओवर में 69 रन का लक्ष्य मिला। 69 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (शून्य) का विकेट गंवा दिया। उन्होंने कगिसो रबाडा ने आउट किया। दूसरे ओवर में जेकब बेथेल (सात) को मार्को यानसन ने आउट किया। कप्तान हैरी ब्रूक (शून्य) और टॉम बैंटन (पांच) को कॉर्बिन बॉश ने आउट किया। चौथे ओवर में मार्को यानसन ने जॉस बटलर को आउटकर इंग्लैंड के मैच जीतने की उम्मीद को बड़ा झटका दिया। बटलर ने 11 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 25 रन बनाये। इंग्लैंड की टीम निर्धारित पांच ओवरों में पांच विकेट पर 54 रन ही बना सकी और मुकाबला 14 रनों से हार गई।

## सम्पादकीय

**शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025**

# विस्तार लेता टकराव

यह देखना बेहद डराने वाला है कि साढ़े तीन साल से भी अधिक समय से चल रहा रूस–यूक्रेन युद्ध शांत होने के बजाए और विस्तार लेता दिखाई दे रहा है। ताजा मामले में पोलेंड ने अपने हवाई क्षेत्र में बड़ी संख्या में रूसी ड्रोन घुसने का आरोप लगाया है और साथ ही कहा कि पोलेंड व नाटो सहयोगियों के लड़ाकू जहाजों ने सभी को मार गिराया। पोलेंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने 48 घंटों के भीतर सुरक्षा परिषद की बैठक भी बुलाई है। पोलेंड 19 ड्रोन अपने क्षेत्र में घुसने की बात कर रहा है। जबकि रूस का कहना है कि उसका इरादा पोलेंड को भी किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि यह एक चूक का मामला है और इसको पोलेंड व नाटो देश बिना वजह तूल दे रहे हैं। जैसाकि हम जानते हैं कि रूस का पड़ोसी देश पोलेंड नाटो का सदस्य है और ऐसा माना जा रहा है कि यूक्रेन की नाटो देश रूस के साथ युद्ध में खुलकर मदद कर रहे हैं। नाटो का एक नियम है कि यदि किसी सदस्य देश पर हमला होता है, तो सब मिलकर उसका साथ देंगे।

बात यहीं खत्म नहीं होती मध्य–पूर्व भी इस समय सुलगता दिखाई दे रहा है। बुधवार को जिस तरह इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के एक ठिकाने पर हमला किया, उसने स्थिति को बेहद पैचीदा बना दिया है। उस हमले में हमास के नेता तो नहीं मारे गए, लेकिन कई अन्य लोग अपनी जान गवा बैठे। कतर ने जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है। वहीं इजरायल के पीएम नेतन्याहू कह रहे हैं कि जहां भी इजरायल के दुश्मन नंबर 1 हमास के लोग होंगे, वहीं पर इजरायल उनका पीछा करेगा। फ्रांस, नेपाल में हिंसा भड़की हुई है। वहां भी लोग सड़कों पर हैं। नेपाल में तो तख्ता पलट भी हो गया है। अब सवाल यह है कि सिलसिला कहां जाकर रुकेगा, क्योंकि विश्व स्तर पर अभी तक पुरजोर तरीके से ऐसी कोई आवाज उठती दिखाई नहीं दे रही, जो यह संकेत दे कि लोगों को सकून के साथ जीने की आवश्यकता है और युद्ध से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला। युद्ध केवल विनाश लाता है। जिसमें लोगों की जानों के साथ–साथ मौजूदा जो जीवित लोग होते हैं, उनके जीवन को भी मुश्किल बना देता है। यह देखना बेहद दुखद है कि विश्व के तमाम जिम्मेदार मुल्क जिन पर इस पूरी स्थिति को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी है, वह उसमें अपनी सकारात्मक भूमि निभाने के बजाए नकारात्मक भूमिका निभाएं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जब सत्ता में आए थे तो उन्होंने दुनिया में शांति लाने की बात कही थी, वह तो यहां तक दावा करते थे जैसे ही वह राष्ट्रपति बनेंगे कुछ ही दिनों में रूस–यूक्रेन का युद्ध रुकवा देंगे, लेकिन देखने में आ रहा है कि रूस–यूक्रेन का युद्ध अब और भड़क रहा है। पिछले दिनों ट्रम्प व रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच युद्ध रोकने को लेकर जो अलासका में बात हुई थी, उसका कोई नतीजा निकलने की बात तो छोड़िए, उसके बाद और हालात बिगड़ रहे हैं। जाहिर है जब कहीं से शांति की आवाज उठेगी नहीं तो कोई भी समझ सकता है कि आपसी टकराव कैसे रुकेंगे। उन्हें तो और बढ़ावा ही मिलेगा और यह मिलता भी दिखाई दे रहा है। निश्चित रूप से यह स्थिति पूरी मानव जाति के बेहद भयावह है।

## वोट चोरी करके सरकारें बन रहीं



हम गारंटी करके वोट चोरी के सबूत देने वाले हैं, इतना ही नहीं हम और डायनामिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत देंगे, भाजपा के लोग इरिटेट हो रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि इरिटेट मत होइए, क्योंकि, हाइड्रोजन बम आएगा, तो सब साफ हो जाएगा, पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा है, यह देशभर में आग जैसा फैल रहा है, ये वास्तव में सच्चाई है, वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं, महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा के इलेक्शन में वोट चोरी हुई है, हमने कर्नाटक सेंट्रल का ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिया।

**–राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

# चुनौतियों से संघर्ष कर निखरती हिन्दी






**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**

दुर्गम पथ मैंने है पाया। हार नहीं मानी है मैंने, चरैवेति को है अपनाया। भारत माथे की बिन्दी हूं, बिन्दी का महत्व समझाया। विश्व पटल पर मैं छाई हूं, भारत मां का मान बढ़ाया। दुनिया है दीवानी मेरी, विजई पताका को लहराया। भारत मां के दिव्यभाल की मुकुटमणि हूं, मैं हिन्दी हूं। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां हिन्दी के संघर्ष, वैशिष्ट्य और विजय गाथा को रेखांकित करती हैं। हिंदी ने अपने विकास, स्वीकार्यता और प्रसार के लिए लगातार अनेक चुनौतियों का सामना किया है। ये चुनौतियां हिंदी की उत्पत्ति से लेकर आधुनिक काल तक सतत् जारी हैं। हिंदी का उद्भव संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश जैसी प्राचीन भाषाओं से हुआ है। इसका विकास मध्यकालीन भारत में खड़ी बोली के रूप में हुआ। विकास की प्रारम्भिक अवस्था में ही हिंदी को संघर्ष का सामना करना पड़ा क्योंकि मध्यकाल में भारत में कई भाषाएं और बोलियां जैसे अवधी, ब्रज और मैथिली प्रचलित थीं। इनके बीच हिंदी को अपनी पहचान स्थापित करने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। साथ ही उस समय की प्रभावशाली भाषाआ.ें– संस्कृत और फारसी ने हिंदी के विकास को और जटिल बना दिया। लेकिन भक्ति आंदोलन और लोक साहित्य ने हिंदी को आम जनता की भाषा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में हिंदी को सबसे अधिक संघर्ष का सामना करना पड़ा क्योंकि 19 वीं सदी में अंग्रेजी को प्रशासनिक और शैक्षिक भाषा के रूप में प्राथमिकता दी गई, जिससे हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं हाशिए पर धकेल दी गईं। ब्रिटिश शासन में उर्दू को अधिक महत्व दिया गया, यद्यपि उर्दू खड़ी बोली का ही एक रूप थी। इस प्रकार हिंदी को अंग्रेजी और उर्दू से प्रतिस्पर्धा के कारण दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ा किंतु हिंदी अपनी सरलता, सहजता और मधुरता के कारण जन सम्पर्क की भाषा बनी रही। इस समय हिंदी को साहित्यिक और राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित कराने में अनेक विद्वानों और साहित्यकारों के साथ आधुनिक हिंदी साहित्य के जनक भारतेंदु हरिश्चंद्र का विशेष योगदान रहा जिनकी प्रसिद्ध उक्ति थी निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल–यह उक्ति उनके हिंदी के प्रति प्रेम और समर्पण को प्रदर्शित करती है। हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार कराने के लिए लम्बा संघर्ष करना पड़ा। 19वीं सदी के अंत में नागरी लिपि को बढ़ावा देने के लिए नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना हुई जिसने हिंदी के मानकीकरण और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसने हिंदी को एक आधुनिक भाषा की रूप में स्थापित करने में सहायता की। हिंदी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया क्योंकि यह केवल एक भाषा नहीं थी बल्कि राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता की भावना का प्रतीक बन गई थी। महात्मा गांधी ने हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रचारित किया क्योंकि यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को एकजुट करने में सक्षम थी। गांधी जी का मानना था कि हिंदी अपनी सरलता और व्यापकता के कारण भारत की विविधता को एक सूत्र में पिरोने की सामर्थ्य रखती है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी साहित्य ने जनता को जागरूक करने और स्वतंत्रता की भावना को प्रज्ज्वलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निभाई। सुमित्रानंदन पंत, मैथिलीशरण गुप्त और जयशंकर प्रसाद जैसी कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को उभारा। खड़ी बोली हिंदी जो पहले मुख्य रूप से गद्य में प्रयोग होती थी, इस काल में काव्य की प्रमुख भाषा बन गई। इन रचनाओं ने जनता में स्वतंत्रता के लिए उत्साह और बलिदान की भावना को प्रेरित किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी कविताएं, नारे और गीत स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने। भारत छोड़ो, वंदे मातरम जैसे नारे हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में गूंजे जिसने जनता में उत्साह का संचार किया। स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी पत्रकारिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। भारत मित्र, हिंदुस्तान और आज जैसे समाचार–पत्रों ने जनता को ब्रिटिश शासन के खिलाफ संगठित करने में मदद की। इन समाच.ारपत्रों ने स्वतंत्रता संग्राम की खबरें फैलाने के साथ हिंदी को एक शक्तिशाली संचार माध्यम के रूप में स्थापित किया। फिर भी हिंदी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अंग्रेजी और उर्दू के प्रभुत्व के कारण हिंदी को प्रशासन शिक्षा में उचित स्थान प्राप्त नहीं हुआ। इसके अलावा भारत के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्र में जहां की क्षेत्रीय भाषाएं– तमिल, तेलुगू और बंगाली पहले से मजबूत थी और उनकी हिंदी को अपनाने की भी कोई इच्छा नहीं थी।इसके बाद भी हिंदी ने अपने संघर्ष के बल पर राष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनी पहचान बनाई। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी को भारत के संविधान में विशेष स्थान दिया गया और 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राजभाषा स्वीकार किया और 26 जनवरी 1950 को लागू हुई संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत हिंदी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया। यह हिंदी की विजय का एक महत्वपूर्ण पड़ाव था लेकिन दक्षिणी भारत ,विशेष रूप से तमिलनाडु में हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में लागू करने के खिलाफ तीव्र विरोध हुआ क्योंकि उनको लगता था कि हिंदी का प्रभुत्व उनकी क्षेत्रीय भाषाओं और संस्कृतियों को दबा सकता है। इस विरोध के कारण भारत सरकार ने राजभाषा अधिनियम 1963 लाकर अंग्रेजी को सहायक राजभाषा के रूप में मान्यता दी जिससे हिंदी को एक बड़ा झटका लगाक्योंकि हिंदी को राजभाषा बनाने का उद्देश्य देश की एकता को बढ़ावा देना और प्रशासनिक कार्यों में एक सामान्य भाषा का उपयोग करना था। इसके लिए राजभाषा विभाग की स्थापना की गई जो हिंदी के प्रचार प्रसार और इसके आधिकारिक उपयोग को बढ़ावा देता है। वर्तमान काल में हिंदी ने,न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विश्व में लगभग 60 करोड लोग हिंदी बोलते हैं जिससे यह विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। हिंदी सिनेमा ने हिंदी को वैश्विक मंच पर पहुंचाया है। हिंदी फिल्मी गीत और संवाद न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा हिंदी साहित्य का अनुवाद विश्व की कई भाषाओं में हो रहा है जिससे हिंदी की सांस्कृतिक और साहित्यिक समृद्धि विश्व स्तर पर पहुंच रही है डिजिटल मीडिया के माध्यम से भी हिंदी ने वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है। इसके बावजूद भी हिंदी अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। वैश्वीकरण के इस युग में अंग्रेजी को वैश्विक अवसरों और शिक्षा की भाषा के रूप में देखा जाता है और हिंदी को दोयम दर्जे की भाषा माना जाता है। इसके साथ ही भारत में 22 अनुसूचित भाषाएं हैं और कई क्षेत्रों में लोग अपनी मातृभाषा को प्राथमिकता देते हैं जो हिंदी के विकास में अवरोध हैं। वर्तमान डिजिटल युग में हिंदी का उपयोग अभी भी सीमित है, यद्यपि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य तकनीकी कंपनियों हिंदी में सामग्री और उपकरण उपलब्ध करा रही है लेकिन हिंदी में तकनीकी शब्दावली और सॉफ्टवेयर की कमी एक चुनौती है। हिंदी ने विकास के प्रत्येक चरण में संघर्ष का सामना किया है। संघर्ष ही इसकी ताकत है और आगे भी यह संघर्ष के बल पर शक्तिशाली बनकर उभरेगी क्योंकि इसका लचीलापन, वैज्ञानिकता, समृद्ध साहित्य और जनता से जुड़ाव इसको विजयपथ पर ले जाने में समर्थ है। इसलिए हम गर्व से कह सकते हैं कि हिंदी वास्तव में संघर्ष और विजय की भाषा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मधुमक्खियों का अनोखा भोजन संतुलन



जंगली मधुमक्खियां यूं ही किसी भी फूल पर नहीं जातीं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि ये नन्हें परागणकर्ता अलग–अलग फूल चुनकर अपने भोजन में प्रोटीन, वसा और कार्बोहाइड्रेट का संतुलन बनाए रखते हैं। ठीक वैसे ही जैसे इंसान कभी भरपेट खाना पसंद करते हैं तो कभी हल्का–फुल्काय जैसे सलाद।

यह शोध आठ साल तक अमेरिका के कोलोराडो रॉकीज पहाड़ों में किया गया, जहां वैज्ञानिकों ने आठ तरह की मधुमक्खियों पर अध्ययन किया। इन मधुमक्खियों द्वारा इकठा किए गए पराग का विश्लेषण कर उन्होंने एक 'पोषण मानचित्र' बनाया, जिससे पता चला कि मधुमक्खियां कैसे और क्यों अलग–अलग फूल चुनती हैं।

कुछ फूलों के पराग में सिर्फ 17 प्रतिशत प्रोटीन था, जबकि कुछ में 86 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया गया। मौसम का असर भी साफ दिखारू वसंत के फूलों में प्रोटीन ज्यादा था, जबकि गर्मी के अंत में मिलने वाले फूलों में वसा और कार्बोहाइड्रेट अधिक थे। यही मौसमी बदलाव तय करता है कि मधुमक्खियां किस समय कौन–सा भोजन चुनेंगी। इस अध्ययन से यह भी पता चला कि मधुमक्खियों की अलग–अलग प्रजातियां अपने शरीर के आकार और जीभ की लंबाई के आधार पर अलग–अलग भोजन रणनीति अपनाती हैं। बड़ी और लंबी जीभ वाली मधुमक्खियां ज्यादा प्रोटीन वाले पराग चुनती हैं, जबकि छोटी मधुमक्खियां कार्बोहाइड्रेट और वसा वाला पराग पसंद करती हैं। इसके अलावा, अलग–अलग मधुमक्खियां अपनी कॉलोनी के विकास की अवस्था के हिसाब से भी भोजन बदलती हैं। इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता जस्टिन बैन के अनुसार पराग में यह विविधता वैसी ही है जैसी इंसानों के खाने में होती है। यानी मधुमक्खियों को भी इंसानों की तरह संतु.लित आहार चाहिए। हालांकि यह अध्ययन पथरीले पर्वतीय स्थल पर हुआ है, लेकिन यह दुनिया भर में परागणकर्ताओं की पोषण जरूरतों को समझने के लिए उपयोगी है। सबसे अहम बात यह है कि मधुमक्खियों के लिए एक जैसा भोजन काम नहीं करता – उनके लिए फूलों की विविधता जरूरी है ताकि उनकी आबादी स्वस्थ बनी रहे। बागवान और संरक्षणकर्ता इस जानकारी के आधार पर ऐसे बगीचे और प्राकृतवास बना सकते हैं जो साल भर मधुमक्खियों की बदलती पोषण जरूरतों को पूरा करें। आज परागण करने वाले कीट जलवायु परिवर्तन, प्राकृतवास के नष्ट होने और पोषण की कमी जैसी बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में यह अध्ययन बताता है कि विविधता बनाए रखना कितना जरूरी है।

**–स्रोत फीचर्स**

**कुछ फूलों के पराग में सिर्फ 17 प्रतिशत प्रोटीन था, जबकि कुछ में 86 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया गया। मौसम का असर भी साफ दिखा वसंत के फूलों में प्रोटीन ज्यादा था, जबकि गर्मी के अंत में मिलने वाले फूलों में वसा और कार्बोहाइड्रेट अधिक थे। यही मौसमी बदलाव तय करता है कि मधुमक्खियां किस समय कौन–सा भोजन चुनेंगी।**

# धार्मिकता का ढोंग और मृत संवेदनाएं



**निर्मल रानी**

हमारा भारत वर्ष कृषि प्रधान होने के साथ साथ श्धर्म प्रधानश देश भी माना जाता है। यहां सुबह चार बजे से ही विभिन्न धर्मों के लोग अपने अपने आराध्य को खुश करने के मिशन में अपने अपने तरीके से जुट जाते हैं। धर्मस्थलों में लगे लाउडस्पीकर ब्रह्म मुहूर्त में ही देशवासियों को अपने अपने आराध्य व अपने देवालयों की ओर आकर्षित करने लगते हैं। इसके अलावा भी देश भर में निकलने वाले विभिन्न धर्मों के धार्मिक जुलूस,शोभा यात्राएं, सत्संग में होने वाले संतों के प्रवचन, धर्म जागरण के नाम पर चलने वाले अनेक अतिवादी मिशन, कांवड़ जैसी यात्राएं महाकुंभ जैसे विश्वस्तरीय आयोजन, तीर्थ स्थलों में इकठी होने वाली भक्तों की अनियंत्रित भीड़ आदि को देख कर तो एक बार यही लगेगा कि हर समय श्रद्धा व भक्ति भाव में डूबे रहने वाले हमारे धर्म प्रधान देश के लोग बेहद धार्मिक, संवेदनशील और मानवता की कद्र करने वाले लोग होंगे। रोजाना जगह–जगह लगने वाले लंगर, देश भर में संचालित हो रही अनेकानेक जनसेवी संस्थाएं भी इसी बात का एहसास दिलाती हैं, परन्तु इसी धर्म प्रधान देश से जहां मानवता की मिसाल पेश करने वाले अनेकानेक किस्से सुनाई देते हैं वहीं कुछ घटनाएं ऐसी भी सामने आती हैं जिन्हें सुनकर ऐसा लगता है गोया इसी भारतीय समाज के ही कुछ लोगों की संवेदनाएं बिल्कुल ही मुर्दा हो चुकी हैं।

ऐसे लोगों में इंसानियत नाम की चीज ही नहीं बची है। दिल दहला देने वाली ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के महराजगंज जिले में स्थित नौतनवा कस्बे में पेश आई। भारत–नेपाल सीमा पर स्थित नौतनवा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के शहर गोरखपुर से लगभग 87 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में धर्म ध्वजा पूरे वेग से लहराती है। इसी नौतनवा नगर पालिका के अंतर्गत राजेंद्र नगर वॉर्ड से एक बड़ा ही हृदयविदारक दृश्य सामने आया। इस ताजातरीन घटना ने तो इंसा.नियत को झकझोर कर रख दिया। समाचारों के अनुसार रेहड़ी ठेले पर गली गली चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले 50 वर्षीय लव कुमार पटवा नामक एक व्यक्ति का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। लव कुमार की पत्नी का निधन भी अभी मात्र छह माह पहले ही हुआ था। अब उसके परिवार में उसके दो बेटे 14 वर्षीय राजवीर व 10 वर्षीय देवराज तथा एक छोटी बेटी बचे थे।

ऐसे लोगों में इंसानियत नाम की चीज ही नहीं बची है। दिल दहला देने वाली ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के महराजगंज जिले में स्थित नौतनवा कस्बे में पेश आई। भारत–नेपाल सीमा पर स्थित नौतनवा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के शहर गोरखपुर से लगभग 87 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में धर्म ध्वजा पूरे वेग से लहराती है। इसी नौतनवा नगर पालिका के अंतर्गत राजेंद्र नगर वॉर्ड से एक बड़ा ही हृदयविदारक दृश्य सामने आया। इस ताजातरीन घटना ने तो इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। समाचारों के अनुसार रेहड़ी ठेले पर गली गली चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले 50 वर्षीय लव कुमार पटवा नामक एक व्यक्ति का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। लव कुमार की पत्नी का निधन भी अभी मात्र छह माह पहले ही हुआ था। अब उसके परिवार में उसके दो बेटे 14 वर्षीय राजवीर व 10 वर्षीय देवराज तथा एक छोटी बेटी बचे थे।

अब इन्हीं बच्चों पर अपने मृत पिता के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी थी। उसका कोई भी रिश्तेदार या पड़ोसी अंतिम संस्कार करने के लिए सामने नहीं आया। बच्चों की दादी आई भी तो रो पीट कर वापस चली गई। बच्चे अंतिम संस्कार करने या उसके लिए सहायता करने की भीख समाज से मांगते रहे। यहां तक कि तीन दिन तक लाश घर में सड़ती रही। जरा सोचिए कि क्या गुजर रही होगी उन मासूम बच्चों पर जब वे अपने बाप की रेहड़ी पर ही अपने बाप की सड़ी हुई लाश रखकर लोगों से अंतिम संस्कार हेतु पैसे मांगते फिर रहे होंगे ? जब यह बच्चे ठेले पर लाश लेकर श्मशान घाट पहुंचे तो बताया गया कि वहां जलाने हेतु लकड़ी नहीं है। और फिर जब यह बेगुनाह मासूम अपने बाप के शव को लेकर कब्रिस्तान पहुंचे तो कब्रिस्तान वालों ने यह कहकर लाश को दफ्न करने से मना कर दिया कि यह शव हिन्दू का है।

आखिरकार बच्चे लाश को ठेले पर रखकर सड़क पर खड़े होकर रोने बिलखने लगे। कोई दुर्गन्ध से अपनी नाक बंद कर गुजर जाता तो कोई उन बदनसीब बच्चों की फोटो खींचता या वीडिओ बनाता परन्तु मदद करने के लिए धर्म जागृत समाज का कोई भी व्यक्ति सामने न आता। हद तो यह है कि ठेले पर शव रखा देखने व मृतक लव कुमार के स्थानीय व्यक्ति होने के बावजूद कुछ लोग यह कहकर आगे बढ़ जाते कि यह भीख मांगने का नया ट्रेंड है। इसी दौरान यह मायूस बच्चे जब अपने बाप की लाश को ठेले पर ढकेलते हुए नदी की ओर रोते बिलखते जा रहे थे तभी राहुल नगर वार्ड के निवासी रशीद कुरैशी की नजर उन बच्चों व उनके साथ दुर्गन्ध मारती लाश पर पड़ी। बच्चों ने रोते बिलखते अपनी सारी पीड़ा रशीद से सांझी की। रशीद ने तुरंत अपने भाई व उसी राहुल नगर वार्ड 17 के पार्षद वारिस कुरैशी को फोन पर पूरी घटने की जानकारी दी। उसके बाद दोनों कुरैशी बंधुओं ने सर्वप्रथम उन रोते बच्चों को ढारस बंधाई और उन्हें संभाला। उसके बाद अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी व आवश्यक सामग्री का प्रबंध किया। फिर समाज के कुछ लोगों को साथ लेकर शमशान घाट जाकर हिन्दू रीति रिवाज के साथ मृतक का अंतिम संस्कार कराया। आज उस इलाके के लोग मानवता की रक्षा करने वाले कुरैशी भाइयों की इंसानियत को जहां सलाम कर रहे हैं, वहीं उनके रिश्तेदारों और पड़ोसियों की बेरुखी तथा नगर पालिका की लापरवाही पर भी घोर गुस्सा जता रहे हैं। साथ ही उस इलाके के शहिन्दू जागरण अभियानश में जुटे लोगों को भी कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

पिछले दिनों ऐसा ही एक चित्र जिसे पंजाब की बाढ़ से संबंधित बताया जा रहा है, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस चित्र में एक मासूम बच्चा बाढ़ के पानी में अपनी मां की तैरती लाश को खींच रहा है। शायद इस उम्मीद से कि उसकी मां मरी नहीं है। इस मार्मिक दृश्य को देखने वाले लोग आगे बढ़कर बच्चे को गोद उठाने व उसकी मां की लाश को पानी से बाहर निकालने में मदद करने के बजाय मोबाईल से इस .श्य का वीडीओ बनाना ज्यादा जरूरी समझ रहे हैं। क्या इस तरह की घटनाएं इस बात का सुबूत नहीं कि हमारे धर्म प्रधान देश में होने वाले इस तरह के हादसों के बाद केवल किसी इंसान की ही मौत नहीं होती बल्कि यह मानवता की मौत भी है। इससे यह भी पता चलता है कि धार्मिकता का ढोंग करने वाले ऐसे लोगों की संवे.दनाएं पूरे तरह मृत हो चुकी हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बर्बरता: इजरायल ने 72 घंटों में 6 मुस्लिम देशों पर किए हमले, 200 की मौत

## 1000 घायल, नेतन्याहू बोले: जो अमेरिका ने किया, वही कर रहे

**यरुशलम।** इजरायल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा (फलस्तीन) समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इजरायल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे लेकर इजरायली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है। हालांकि इजरायली पीएम नेतन्याहू ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के अधिकारियों पर किए गए हमले का बचाव किया। उन्होंने इस हमले की तुलना 9/11 के हमलों के बाद अमेरिका की कार्रवाई से की। उन्होंने कहा इजरायल ने भी वही किया जो अमेरिका ने उस वक्त किया था। इजरायली सेना ने मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा पर हवाई हमला किया था।

यह हमला हमास के चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। इसमें अल-हय्या का बेटा, आफिस डायरेक्टर, तीन गार्ड और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी समेत छह लोग 6 लोगों की मारे गए थे। इस हमले के वक्त हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। इस हमले के बाद हमास ने युद्ध विराम से इनकार कर दिया। इजरायल ने सोमवार को पूर्वी लेबनान के बेका और हरमेल जिलों में हवाई हमले किए, जिसमें 5 लोगों की जान गई। इजरायली सेना ने दावा किया कि इस हमले में हिजबुल्लाह के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। हालांकि हिजबुल्लाह ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। मंगलवार को इजरायली ड्रोन ने हिजबुल्लाह के एक सदस्य पर हमला किया था। नवम्बर 2024 में इजरायल और लेबनान में सीजफायर हुआ था। लेकिन इसके बाद भी इजरायल लेबनान के दक्षिणी हिस्से पर हमले करता रहता है। इजरायली फाइटर जेट ने सोमवार को सीरिया के एयरफोर्स बेस और सेना के कैंप पर हमले किए। सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) के मुताबिक इसमें किसी के हताहत की सूचना नहीं मिली है।


इन हमलों को सीरिया के विदेश एवं प्रवासी मंत्रालय ने देश के संप्रभुता का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि इजरायल राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। सीरिया और इजरायल में 1974 में सैन्य वापसी समझौते के तहत एक दूसरे पर हमला न करने पर सहमति बनी थी। लेकिन पिछले साल दिसम्बर में सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के पतन के बाद से इजरायली सेना लगातार सीरिया के सैन्य ठिकानों और इंफ्रास्ट्रक्टर को निशाना बना रही है। एसओएचआर की रिपोर्ट बताती है कि इस साल इजरायल ने सीरिया पर 86 हवाई और 11 जमीनी हमले किए हैं।



### मुस्लिम देश इजरायल के खिलाफ साथ आएं: ख्वाजा आसिफ

**पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले: वो हमें कमजोर करना चाहता है**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कतर की राजधानी दोहा पर इजरायली हमलों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम देशों को अपनी आर्थिक ताकत से इजरायल का मुकाबला करना चाहिए। आसिफ ने कहा: इजरायल मुस्लिम देशों को कमजोर करना चाहता है। यह सोचना गलत है कि इजरायल के सामने झुकने से कोई सुरक्षित रहेगा। ख्वाजा आसिफ ने एक्स पर लिखा कि मुस्लिम देशों को अब इजरायल के खिलाफ एक साथ आना होगा। उनका मकसद मुस्लिम दुनिया की ताकत खत्म करना है। इजरायल के साथ नरमी बरतना गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने, जो आर्थिक रूप से कमजोर है, फिर भी अपने से 5 गुना बड़े भारत को को सबक सिखाया। उन्होंने कहा: सुरक्षा कोई बाहर से नहीं देता। दूसरों की मदद मायने रखती है, लेकिन ताकत अपने अंदर से आती है।



मेक्सिको सिटी। एक राजमार्ग ओवरपास के नीचे गैस टैंकर विस्फोट स्थल के पास जलता हुआ वाहन।

## ट्रम्प की व्यापार नीति से अमेरिकी बैंकों की बढ़ रही चिंता

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड सोलोमन भी अमेरिका के बैंकिग क्षेत्र के उन दिग्गज नाम की सूची में जुड़ गए हैं जिनका मानना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्यापार नीति से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ना शुरू हो गया है। इन लोगों की चिंता है कि ट्रम्प की नीतियां मंदी का कारण बन सकती हैं क्योंकि राष्ट्रपति ट्रम्प का व्यापार युद्ध विकास की संभावनाओं को प्रभावित कर रहा है। गोल्डमैन सैक्स ग्रुप के सीईओ ने अमेरिकी समाचार चैनल सीएनबीसी के साथ बातचीत में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमने कुछ रोज़गार आंकड़े देखे हैं जो संकेत देते हैं कि कुछ नरमी आई है। मुझे लगता है कि आपको इस पर बहुत बारीकी से नजर रखनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में बाढ़ से 19 लोगों की मौत, 10 लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली द्वीप और पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लापता हो गए। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी के बाली कार्यालय के प्रवक्ता गुस्ती अयु केतुत विजयंती ने गुरुवार को एक समाचार एजेंसी को बताया कि द्वीप पर अचानक आई बाढ़ में 13 लोगों की मौत हो गई और छह लोग लापता हो गए। कई इलाकों में बाढ़ और 18 स्थानों पर भूस्खलन की भी खबरें हैं।

### गैस टैंकर ट्रक में विस्फोट से 57 लोग घायल

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राजधानी मेक्सिको सिटी में एक गैस टैंकर ट्रक में विस्फोट होने से 57 लोग घायल हो गए, जिनमें से 19 की हालत गंभीर है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्लारा ब्रुगाडा मोलिना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह दुर्घटना ज़ारागोज़ा रोड पर कॉनकॉर्डिया पुल के नीचे हुई। उन्होंने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न लगभग 2:20 बजे घटित हुई। हादसे के समय 49500 लीटर क्षमता वाला ट्रक पलट गया।

### कतर में इजरायली हमले में लापता लोगों की तलाश जारी

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में वरिष्ठ हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में मारे गए पांच लोगों में से तीन के शवों की पहचान कर ली गई है जबकि दो की पहचान करना अभी शेष है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार में ये जानकारी दी। उन्होंने हमास के मुख्य वार्ताकार खलील अल-हय्या के बारे में कुछ नहीं बताया। उन्होंने कहा कि इज़रायल की कार्रवाई 'राजकीय आतंक' के समान है और उन्हें उम्मीद है कि कतर के क्षेत्रीय साझेदार 'सामूहिक प्रतिक्रिया' पर सहमत होंगे।

## सुशीला कार्की ने की पीएम मोदी की तारीफ

**कहा: उनके बारे में मेरी धारणा अच्छी**

**काठमांडो।** नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की ने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के बारे में मेरी धारणा अच्छी है। मैं भारत के समर्थन की प्रशंसा करती हूं।

नेपाल में भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन कर रहे जेन जी ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर सुशीला कार्की के नाम का समर्थन किया है। एक मीडिया संस्थान को दिए इंटरव्यू में सुशीला कार्की ने कहा कि मैं पीएम मोदी को नमस्कार करती हूं। पीएम मोदी के बारे में मेरी धारणा अच्छी है। नेपाल में हाल ही में हुए आंदोलन का नेतृत्व जेन जी समूह ने किया था और उन्होंने मुझ पर थोड़े समय के लिए सरकार का नेतृत्व करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुना जाता है तो मेरी पहली प्राथमिकता आंदोलन के दौरान मारे गए युवाओं को श्रद्धांजलि देना होगी। आंदोलन के युवाओं ने उनके नेतृत्व के पक्ष में मतदान किया। मैंने अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। कार्की ने कहा कि नेपाल में अतीत से ही समस्याएं रही हैं। अब स्थिति बहुत कठिन है। हम नेपाल के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। हम देश के लिए एक नई शुरुआत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान और प्यार है।

## पाकिस्तानी सेना ने मुठभेड़ों में मार गिराए 19 आतंकी

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के 19 आतंकवादियों को तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को बताया कि यह कार्रवाई 10 सितम्बर की देर रात की गई। कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर मोहम्मद, उत्तर वजीरिस्तान और बन्नू जिलों में की गई। मोहम्मद जिले में हुए आपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। भारी गोलीबारी के बाद 14 आतंकवादियों को मार गिराया गया।

## नेपाल हिंसा में 5 अरब का हिल्टन होटल तबाह

### बीमा कंपनियों का अनुमान: 31 अरब का क्लेम संभव, यह 2015 के भूकंप से तीन गुना जयादा

**इस होटल ने नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर मजबूत पहचान दी थी**

**काठमांडू।** नेपाल में मंगलवार को हुई हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के सबसे ऊंचे हिल्टन होटल में आग लगा दी थी। यह होटल पिछले साल जुलाई में बनकर तैयार हुआ था।

इसमें 5 अरब भारतीय रुपये खर्च हुए थे। हिल्टन काठमांडू का सबसे ऊंचा 5 स्टार होटल है, जिसे नेपाल के शंकर के ग्रुप ने बनवाया है। इसमें विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आधुनिक सुविधाएं थीं। इस होटल ने नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर मजबूत पहचान दी थी। प्रदर्शनकारियों ने सिंह दरबार, सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रपति निवास समेत दर्जनों सरकारी-निजी इमारतों में आग लगा दी। ऐसा अनुमान है कि इससे नेपाल को अरबों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान 9 सितम्बर को हुआ, लेकिन सेना के सुरक्षा संभालने के बावजूद 10 सितम्बर को भी कई जगहों से नुकसान की खबरें आती रहीं। नेपाल इंश्योरेंस एसोसिएशन (एनआईए) के मुताबिक बीमा कंपनियों को लगभग 31 अरब भारतीय रुपये से अधिक के क्लेम का सामना करना पड़ सकता है। यह नुकसान 2015 में आए भूकंप से भी तीन गुना ज्यादा है। बीमाकर्ता और बैंकर्स का मानना है कि यह नेपाल के लिए सबसे खराब दौर है। छप और नेपाल राष्ट्र बैंक मिलकर नुकसान की जानकारी जुटा रहे हैं। हिल्टन होटल के अलावा प्रदर्शनकारियों ने भाटभटेनी सुपरमार्केट, एनसेल, सीजी इलेक्ट्रानिक्स, ग्लोबल कालेज, उल्लेंस स्कूल, सुजुकी शोरूम और सेंट्रल बिजनेस पार्क जैसी कार्पोरेट इंडस्ट्री को आग के हवाले कर दिया गया था। विराटनगर और इटहरी में वाहनों, राष्ट्रीय वाणिज्य बैंक, हिमालयन बैंक, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक और ग्लोबल आईएमई बैंक की शाखाओं में भी तोड़फोड़ की गई थी। नेपाल में वित्त वर्ष 2024/25 में बीमा कंपनियों ने 26 अरब रुपये का प्रीमियम जुटाया था और 11 अरब रुपये के क्लेम चुकाए थे। मौजूदा हालात में बीमा कंपनियों को डर है कि उन्हें और भी बड़ा वित्तीय नुकसान हो सकता है। बीमा कराने वालों को भी भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है, क्योंकि 'तोड़फोड़ और आतंकवाद' पालिसियों पर मिलने वाला प्रीमियम बहुत कम है, जबकि ये दावे राजनीतिक हिंसा को कवर करते हैं।



## पोलैंड ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के बाद रूसी ड्रोन मार गिराए

**वारसॉ।** यूक्रेन को निशाना बनाकर रूस द्वारा रात भर किये गए हमलों के दौरान पोलैंड के हवाई क्षेत्र में पोलिश और अन्य नाटो विमानों ने कम से कम तीन रूसी ड्रोन मार गिराए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि पोलैंड ने 19 ड्रोन घुसपैठ दर्ज की हैं, जिनमें से कुछ इतने नीचे थे कि वारसॉ के मुख्य हवाई अड्डे चोपिन सहित चार हवाई अड्डों को अस्थाई रूप से बंद करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यह स्थिति हमें द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से खुले संघर्ष के सबसे करीब ले आई है। 2022 में मास्को द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से यह पहली बार है जब नाटो क्षेत्र में रूसी ड्रोन मार गिराए गए हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पोलैंड के प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की 'कोई योजना' नहीं थी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कथित तौर पर पोलैंड में घुसे रूसी ड्रोनों की अधिकतम सीमा 700 किमी से अधिक नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि वह पोलिश रक्षा मंत्रालय के साथ परामर्श करने के लिए तैयार है। पोलैंड में रूस के अस्थाई प्रभारी ने कहा कि वारसॉ ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि ड्रोन रूसी मूल के थे। वहीं रूस के एक करीबी सहयोगी, बेलारूस ने दावा किया कि ड्रोन उनके नेविगेशन सिस्टम जाम होने के बाद गलती से पोलिश हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने चेतावनी दी कि यह 'यूरोप के लिए एक बेहद खतरनाक मिसाल' है। यूक्रेन के रक्षा मंत्री डेनिस श्म्यहाल ने बीबीसी रेडियो 4 के वर्ल्ड टुनाइट कार्यक्रम में कहा: यह एक ऐसा क्षण है जब नाटो के सहयोगी, यूरोपीय सभ्यताएं, यह समझ रही हैं कि दुनिया बदल गई है और यूक्रेनी क्षेत्र पर रूसी आक्रमण केवल रूस और यूक्रेन के बीच नहीं है। यह रूस की वैश्विक रणनीति का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा: रूस ड्रोन के साथ पोलैंड के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन क्यों कर रहा है? पोलिश सांसदों को संबोधित करते हुए, टस्क ने कहा कि रात भर में तीन-या शायद चार-ड्रोन मार गिराए गए। उन्होंने कहा कि पोलिश अधिकारियों के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिससे पता चले कि 'रूसी कार्रवाई के परिणामस्वरूप' कोई घायल हुआ हो या उसकी मौत हुई हो।



## ट्रम्प समर्थक चार्ली कर्क की हत्या



**यूनिवर्सिटी प्रोग्राम में गर्दन पर गोली मारी, शोक में अमेरिका झंडा झुकाया**

**यूटा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थक और राइट विंग एक्टिविस्ट चार्ली कर्क की गुरुवार को एक प्रोग्राम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना यूटा राज्य की यूटा वैली यूनिवर्सिटी में हुई।

चार्ली यहां 'द अमेरिकन कमबैक टूर' प्रोग्राम में आए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि चार्ली एक टेंट के नीचे माइक पकड़कर बोल रहे हैं। तभी अचानक एक गोली उनके गर्दन के पास आकर लगती है, काफी खून बहता है और वे जमीन पर गिर जाते हैं।

चार्ली की हत्या पर ट्रम्प ने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा सच्चे महान अमेरिकी देशभक्त चार्ली कर्क के सम्मान में मैं पूरे अमेरिका में सभी झंडों को रविवार शाम 6 बजे तक आधा झुकाने का आदेश दे रहा हूं। पालिटिकल एक्टिविस्ट चार्ली टर्निंग पाइंट यूएसए (टीपीयूएसए) नाम से एक संस्था चलाते थे, इसमें वह स्कूलों-कालेजों में जाकर छात्रों को राजनीति के बारे में बताते थे। चार्ली ट्रम्प के कट्टर समर्थक माने जाते थे। अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि हमलावर कौन था और उसने ऐसा क्यों किया।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने एक अन्य नोट लिखा

महान चार्ली कर्क अब इस दुनिया में नहीं रहे। अमेरिका के युवाओं को उनसे बेहतर कोई समझ नहीं पाया और न ही उनके दिल तक कोई पहुंच पाया। सब लोग उन्हें बहुत प्यार और सम्मान करते थे, खासकर मैं। मेलानिया और मैं उनकी पत्नी एरिका और पूरे परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हैं। चार्ली, हम आपसे प्यार करते हैं! प्रोग्राम के दौरान की फोटो। इसमें चार्ली कर्क लोगों को संबोधित कर रहे हैं। हादसे के समय मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने न्यूज वेबसाइट गार्जियन को बताया कि चार्ली को गोली तब मारी गई जब वे सामूहिक गोलीबारी (मास शूटिंग) के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

## कतर ने की हमास नेताओं पर इजरायली हमले की निंदा

**कहा: नेतन्याहू ने बंधकों की रिहाई की उम्मीद खत्म कर दी**

**दोहा।** कतर ने हमास नेताओं को निशाना बनाकर दोहा में किए गए इजरायली हमले की निंदा की है। कतर के प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमला करके गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने की उम्मीद को खत्म कर दिया।

संयुक्त राष्ट्र में पेश होने से पहले प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी और खाड़ी देशों ने इजरायली हमलों को क्रूर कृत्य बताया। शेख मोहम्मद ने कहा कि हमले वाली सुबह मैं एक बंधक के परिवार से मिल रहा था। वे युद्धविराम मध्यस्थता पर भरोसा कर रहे हैं। उन्हें इससे ज्यादा कोई उम्मीद नहीं है। मुझे लगता है कि नेतन्याहू ने जो किया, उससे उन बंधकों की सारी उम्मीदें खत्म हो गईं। कतर और मिस्र गाजा में युद्ध विराम के प्रयासों में मध्यस्थता कर रहे हैं। कतर ने वर्षों से दोहा में हमास के राजनीतिक नेतृत्व की मेजबानी की है। ताकि हमास और इजरायल के बीच बातचीत आगे बढ़ाई जा सके। कतर के प्रधानमंत्री के बयान से पहले इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमलों का बचाव किया और कतर के खिलाफ आगे की कार्रवाई की धमकी दी। नेतन्याहू ने कहा कि मैं कतर और उन सभी देशों से कहता हूं जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं या तो उन्हें खदेड़ दें या फिर उन्हें न्याय के कटघरे में लाएं। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हम करेंगे।




अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

